■ औरंगाबाद और बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार एवं झारखंड का अपना अखबार

वर्ष : 35 अंक : 294
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, शनिवार
29 मार्च 2025
मूल्य : 3.00 रूपये
रजि. नंबर : 52290/90

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात


# झारखण्ड के लगभग 4 करोड़ लोगों का अबुआ बजट 2025-26



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

## ₹1 लाख 45 हजार 400 करोड़ का कुल बजट










मंईयां सम्मान के लिए
**₹13 हजार 363 करोड़ 35 लाख**



सामाजिक सुरक्षा के लिए
₹22 हजार 23 करोड़ 33 लाख 85 हजार

ग्रामीण क्षेत्र में आय के स्रोत के लिए
**12 करोड़** मानव दिवस सृजन

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों के लिए
MSME निदेशालय
की स्थापना

बच्चों के लिए
**₹9 हजार 411 करोड़ 27 लाख**

किशोरियों के लिए
- सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना एवं
- मुख्यमंत्री कन्यादान योजना हेतु

**₹310 करोड़**



किसानों के लिए
**₹259 करोड़**
**से 118 गोदाम निर्माण**



शिक्षा के लिए



प्रारंभिक/माध्यमिक के लिए
**₹15 हजार 198 करोड़ 35 लाख**

उच्च एवं तकनीकी के लिए
**₹2 हजार 409 करोड़ 20 लाख 96 हजार**

स्वास्थ्य सुविधा के लिए
₹7 हजार 470 करोड़ 50 लाख 86 हजार

पंचायती राज व्यवस्था के लिए
**₹2 हजार 144 करोड़ 78 लाख 14 हजार**

पेयजल के लिए
₹4 हजार 710 करोड़ 2 लाख 56 हजार

युवाओं को स्वरोजगार के लिए
**आसान और कम ब्याज पर लोन सुविधा**

उद्योग विस्तार के लिए
**₹486 करोड़ 31 लाख 61 हजार**



ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति
पलाश मार्ट को **₹30 करोड़**

PR-349529 (IPRD) 24-25
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए लोगों को किया जा रहा स्वच्छता के प्रति जागरूक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** ललित नारायण मिश्रा आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान में पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान दल द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पटना नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि स्वच्छता अभियान केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि जन-जन का अभियान है, और इसमें सभी की भागीदारी आवश्यक है।

उन्होंने पटना के नागरिकों से स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि शहर की रैंकिंग को बेहतर बनाने और सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए यह जरूरी है। कार्यक्रम में संस्थान के कई छात्र-छात्राओं ने नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराए गए ड्ट कोड को स्कैन कर सर्वेक्षण में भाग लिया।




**दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ**

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. नीतू कुमारी नवगीत, डॉ. प्रीति सिंह, डॉ. चंद्र सिंह और लोकगायक राजेश केशरी ने दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर संस्थान की ओर से डॉ. चंद्र सिंह ने पटना नगर निगम की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सभी नागरिकों को मिलकर प्रयास करना होगा।

**सांस्कृतिक प्रस्तुति से बढ़ाया जागरूकता का संदेश**

कार्यक्रम में लोकगायक नीतू नवगीत, राजेश केशरी, चंदन उगना और विश्वनाथ पांडे (ढोलक) ने स्वच्छता जागरूकता पर विशेष गीत प्रस्तुत किए। ''घर-घर अलख जगाएंगे, स्वच्छ पटना बनाएंगे'' और 'सबसे बड़ा है गहना, साफ रहना'' जैसे गीतों ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

**संस्थान के सदस्यों का रहा अहम योगदान**

कार्यक्रम की सफलता में डॉ. प्रीति सिंह (सहायक प्रोफ़ेसर), डॉ. चंद्र सिंह (प्रोफ़ेसर), डॉ. रितु नारायण (सहायक प्रोफ़ेसर), अनुमेहा सिंह (प्लेसमेंट अधिकारी) और अनुराग राठौर (मार्केटिंग अधिकारी) का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

संस्थान के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक ड्ट कोड स्कैन कर स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लिया, जिससे यह कार्यक्रम सफल और प्रेरणादायक साबित हुआ।

## सुपौल-पिपरा रेलखंड पर 29 मार्च को होगा सीआरएस निरीक्षण

**हाजीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अररिया-सुपौल नई रेललाइन परियोजना के तहत नवनिर्मित सुपौल-पिपरा रेलखंड (22 किमी) पर 29 मार्च 2025 को संरक्षा आयुक्त (रेलवे) पूर्वी परिमंडल, कोलकाता द्वारा निरीक्षण किया जाएगा। इससे पहले, 28 मार्च 2025 को इस रेलखंड पर स्पीड ट्रायल किया जाएगा।

रेल प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि स्पीड ट्रायल और निरीक्षण के दौरान रेलवे ट्रैक से दूर रहें। लेवल क्रॉसिंग पार करने के दौरान भी विशेष सतर्कता बरतने और ट्रेन की स्थिति देखकर ही पटरी पार करने की सलाह दी गई है। रेल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई व्यक्ति लापरवाही करता है और दुर्घटना घटती है, तो इसकी जिम्मेदारी स्वयं उसकी होगी, रेलवे प्रशासन की नहीं।

### एक नजर

## राधेश्याम बंसल बने मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी के अध्यक्ष



**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी की वार्षिक आम सभा का आयोजन सोसाइटी के सभागार में किया गया। इस बैठक में राधेश्याम बंसल को सर्वसम्मति से अध्यक्ष (2025-2027) चुना गया। साथ ही, हनुमान सहाय गोयल को कार्यकारी अध्यक्ष, दिनेश अग्रवाल को महासचिव और सुजीत सिंघानिया को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने कहा कि उनकी प्राथमिकता जरूरतमंदों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध कराना होगी। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोग यहाँ आकर सस्ती और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठा सकें, इसके लिए सोसाइटी प्रयासरत रहेगी। उन्होंने बताया कि सोसाइटी द्वारा नियमित रूप से निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाता है, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों की जांच करते हैं और आवश्यक दवाइयां एवं जांच की सुविधा निःशुल्क प्रदान की जाती है। साथ ही, मरीजों और उनके अटेंडेंट के लिए भोजन पैकेट की व्यवस्था भी की जाती है।

## दावत-ए-इफ्तार पार्टी का आयोजन

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी मे डॉ रामजयपाल सिंह के श्री कृष्णा नर्सिंग होम परिसर में शुक्रवार की शाम अलविदा जुम्मा और रमजान के मौके पर दावत-ए-इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस मौके क्षेत्र के सैकड़ों किसी संख्या में हिंदू मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया। इफ्तार पार्टी में शामिल रोजेदारों ने कहा की रमजान का महीना नेमतों और बरकतों का पवित्र महीना होता है। इस मौके पर अल्लाह से मांगी गई दुआ अवश्य ही कबुल होती है। इफ्तार पार्टी मे बीडीओ प्रभाकल कुमार, प्रखंड प्रमुख सद्दाम हूसैन, मसुद रजा, राहुल चंद्रा, नवल भारती, खुशबू रानी, रंजू यादव, छोटू एराकी, पालटन सिंह, प्रोफ़ेसर सीपी मंडल, मृत्युंजय पांडे, धर्मेंद्र रंगकर्मी, अभय कुमार सिन्हा, भाजपा नेता संजय केसरीष पूर्व मुखिया सुरेंद्र यादव आदी शामिल रहे।

## दुर्घटना में शिक्षक की मौत

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना-गया-डोभी एन एच-22 के मसौढ़ी थाना स्थित नदौल के पास शुक्रवार की शाम एक टैंकरौली की टक्कर से बाईक सवार एक शिक्षक की मौत हो गयी जबकि उसपर सवार उसका एक अन्य दोस्त जख्मी हो गया। जख्मी युवक को आसपास के लोगों ने मसौढ़ी स्थित एक निजी नर्सिंग होम में प्राथमिक उपचार कराने के बाद बेहतर उपचार के लिये पटना भेज दिया। इधर घटना के बाद टैंकरौली का चालक अपनी गाड़ी को स्टार्ट रहते भर में मौके से फरार हो। मृतक की पहचान पटना अनिसाबाद के पकडी स्थित हुलुकपुर निवासी कमलेश प्रसाद के 30 वर्षीय पुत्र प्रशांत कुमार के रूप में हुयी है. इधर सूचना पाकर मृतक के परिजन अनुमंडलीय अस्पताल पहुंच गये थे और पुलिस से शव का पोस्टमार्टम नही कराने व शव को अपने साथ ले जाने की जिद कर रहे थे.हालांकि पुलिस उन्हे समझाने का प्रयास कर रही थी. बाबजूद वे नही माने और शव को बिना पोस्टमार्टम कराये लेकर अपने साथ चले गये।मृतक जहानाबाद के डीएवी स्कूल में शिक्षक थे।

## भूमि सर्वेक्षण प्रपत्र अपलोड करने की तिथि बढ़ाने की मांग

### रैयतों की बड़ी संख्या वंचित, राजद ने सरकार से की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राज्य में जारी भूमि सर्वेक्षण के तहत प्रपत्र-2 और प्रपत्र-3 को ऑनलाइन अपलोड करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 निर्धारित की गई है। लेकिन अब भी बड़ी संख्या में रैयत अपनी सूचनाएं अपलोड नहीं कर पाए हैं। इसे देखते हुए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने सरकार से इस तिथि को आगे बढ़ाने की मांग की है।

राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि कई रैयत भूमि संबंधी दस्तावेज और भू-अभिलेखों की जानकारी जुटाने के लिए अंचल एवं जिला कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10-15 वर्षों में भू-माफियाओं द्वारा बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां की गई हैं, जिससे वास्तविक भू-धारकों को कागजात निकालने में काफी परेशानियां हो रही हैं।

प्रवक्ता ने कहा कि प्रपत्र-2 में भूमि स्वघोषणा और प्रपत्र-3 में वंशावली से संबंधित जानकारी अपलोड करनी होती है, लेकिन अब भी कई रैयत यह प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए हैं। इसलिए सरकार को उक्त तिथि को आगे बढ़ाकर आम लोगों को राहत देनी चाहिए।

## बाइक सवारों से लूटपाट करने वाले दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** धनरूआ पुलिस ने शुक्रवार को सड़क पर रस्सी लगाकर पिस्तौल के बल पर लूटपाट करने वाले गिरोह का उद्भेदन किया है, दरअसल बताया जाता है कि बिते दिनांक 02 फरवरी को रात्री करीब 08:15 बजे धनरूआ थाना के ग्राम फुलपुरा के आगे पाली मोड़ के पास अज्ञात चार अपराधकर्मी के द्वारा रोड के दोनों तरफ रस्सी लगाकर मोटरसाइकिल से आने जाने राहगीरों से पिस्तौल का भय दिखाकर सोने का लॉकेट, मोबाईल रूपया एवं अन्य सामाना लूटपाट की थी। इस संबंध में वादी प्रवीण कुमार पिता जयकिशोर सिंह ग्राम शाहपुर थाना घोसी, जहानाबाद के आवेदन के आलोक मे घटना की गंभीरता को देखते हुये टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा अपराधकर्मी 1. लक्ष्मण कुमार पे0 धुरी यादव सा0 भवानीबिगहा थाना चिकसौरा जिला नालंदा एवं 2. नीतीश कुमार पे0 ललन प्रसाद सा0 धमौलटोला खगड़ीपर थाना धनरूआ को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधकर्मी लक्ष्मण कुमार के पास लूटी गयी मोबाईल में प्रयोग किया गया सीम



एवं नितीश कुमार के घर से लूटे गये सोने का लॉकेट साड़ी, साबुन एवं सेम्पू को बरामद किया गया है। इनका अपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। अभियुक्तों द्वारा अपने अन्य दो साथियों का नाम बताया गया है जिन्हें गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

### सीएसपी संचालक से तीन लाख की लूट

**मसौढ़ी।** पटना-गया स्टेट हाईवे वन पर धनरूआ थाना क्षेत्र के राढा मोड़ के पास बाइक सवार तीन अपराधियों ने पिस्तौल के बल पर एक सीएसपी संचालक से तीन लाख लूट लेने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि साई गांव के पास स्थित स्टेट बैंक के एटीएम से 20 हजार रुपया निकाल कर सीएसपी संचालक संतोष कुमार पिता श्यामबाबू प्रसाद धनरूआ बाजार जा रहे थे, इस दौरान थाने से महज कुछ ही दूरी पर राढा मोड़ के पास बाइक पर सवार तीन अपराधी आए और हथियार के बल पर उसे कब्जे में लेते हुए बैग में रखे हुए कुल 3 लाख रुपये, बायोमैट्रीक मशीन, लैपटॉप मोबाइल लूटकर चंपत हो गए। घटना की सूचना मिलने पर 112 की गाड़ी इधर-उधर खोज भी निकली तब तक लुटेरे भाग निकले थे। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया की सीएसपी संचालक संतोष कुमार के साथ 3 लाख की लूट हुई हैं, पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## मिलन समारोह में विनोद चौधरी सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल

### प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावारू व अध्यक्ष राजेश कुमार की मौजूदगी में थामा कांग्रेस का हाथ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में शुक्रवार को आयोजित मिलन समारोह में दलित सामाजिक कार्यकर्ता विनोद कुमार चौधरी ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू और प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार की उपस्थिति में उन्होंने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के प्रति आस्था व्यक्त की। बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू, अध्यक्ष राजेश कुमार और सह प्रभारी सुशील पासी ने उन्हें सदस्यता पर्ची प्रदान की।



कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराने के बाद प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने कहा कि ''मजबूत कांग्रेस, मजबूत इंडिया'' हमारा नारा है और पार्टी सभी वर्गों को साथ लेकर वंचित समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि विनोद चौधरी और उनके समर्थकों के आने से सामाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूती मिलेगी।

**वंचित समुदाय की हिस्सेदारी बढ़ेगी : राजेश कुमार**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि विनोद चौधरी पहले भी कांग्रेस परिवार का हिस्सा रहे हैं और आज विधिवत रूप से सदस्यता ग्रहण की है। उनके आने से बिहार कांग्रेस में वंचित समुदाय की हिस्सेदारी और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने संविधान रक्षा को लेकर जो अभियान चलाया है, उसका असर अब दिखने लगा है।

**कांग्रेस ही दलितों-पिछड़ों की सच्ची हितैषी : विनोद चौधरी**

कांग्रेस में शामिल होने के बाद विनोद चौधरी ने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो दलितों और पिछड़ों के हक की लड़ाई राष्ट्रीय स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक लड़ती है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लगातार वंचित वर्ग के हक में लड़ाई लड़ रहे हैं और उन्हें देश की मुख्यधारा में लाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ''कांग्रेस में आकर मुझे अपने घर जैसा महसूस हो रहा है।''

**प्रो. श्यामदेव चौधरी समेत कई लोगों ने ली सदस्यता**

बाढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी प्रो. श्यामदेव चौधरी ने भी कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इनके अलावा रानी चौधरी, विनय यादव, मो. फखरुल होदा, किरण देवी, ऊषा कुमारी, देव चौधरी, राजकुमार विद्यार्थी, उत्तम चौधरी और श्यामनंदन चौधरी सहित सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस का हाथ थामा।

मिलन समारोह में बिहार कांग्रेस के सह प्रभारी सुशील कुमार पासी, विधान परिषद में दल के नेता व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मदन मोहन झा सहित कई नेताओं ने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, ब्रजेश प्रसाद मुनन, मोतीलाल शर्मा, अजय चौधरी, राजकुमार गुप्ता, महिला कांग्रेस अध्यक्ष शरवत जहां फातिमा, सेवादल के चेयरमैन डॉ. संजय यादव, सुधा मिश्र, डॉ. स्नेहाशीष वर्धन पांडेय, डॉ. मधुबाला सहित कई कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

## नीतीश कुमार को जदयू प्रवक्ता राजीव रंजन ने दी अग्रिम शुभकामनाएं, संगठन मजबूती पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शुक्रवार को जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं महासचिव राजीव रंजन प्रसाद ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नीतीश कुमार को बतौर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सर्वसम्मत नेता के रूप में उनकी प्रचंड जीत की संभावनाओं को लेकर शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने आगामी सरकार में उनके पुनः मुख्यमंत्री बनने की संभावना को लेकर बधाई प्रेषित की। राजीव रंजन प्रसाद ने मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान जदयू के सांगठनिक विस्तार को लेकर भी चर्चा की। पार्टी के भीतर नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने, संगठन की मजबूती और आगामी चुनावों में बेहतर रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। आगामी राजनीतिक गतिविधियों के संदर्भ में काफी



महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि पार्टी की मजबूती और आगामी चुनावों में संगठन की महत्वपूर्ण भूमिका को लेकर मुख्यमंत्री से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि जदयू का लक्ष्य बिहार में सुशासन को निरंतर बनाए रखना है और इसी क्रम में संगठन को मजबूत करने के लिए विभिन्न स्तरों पर रणनीतियाँ बनाई जा रही हैं।

गठबंधन के सहयोगियों के साथ राजीव रंजन प्रसाद ने इस बात को दोहराया कि नीतीश कुमार बिहार के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और उनके नेतृत्व में राज्य को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने पिछले कई वर्षों से बिहार में शासन की बागडोर सँभालते हुए सुशासन को प्राथमिकता दी है। उनका प्रशासनिक अनुभव और विकासोन्मुखी दृष्टिकोण पार्टी को लगातार मजबूती प्रदान कर रहा है। इस बैठक के बाद राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा तेज हो गई है कि आने वाले चुनावों में जदयू और एनडीए गठबंधन मजबूती से जनता के बीच जाएगा। मुलाकात के दौरान पार्टी की आगामी योजनाओं और बिहार में विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा की गई।

## वक्फ संशोधन बिल का कांग्रेस ने किया विरोध, हर घर कांग्रेस का झंडा अभियान शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार कांग्रेस ने वक्फ संशोधन बिल का पुरजोर विरोध करते हुए इसे वक्फ बोर्ड की स्वतंत्रता खत्म करने की साजिश करार दिया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार ने शुक्रवार को सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा सरकार इस संशोधन के जरिए वक्फ संपत्तियों पर नियंत्रण स्थापित करना चाहती है और मुस्लिम समुदाय के खिलाफ अपनी पूर्वाग्रही नीतियों को आगे बढ़ा रही है। इस दौरान राजेश कुमार ने 'हर घर कांग्रेस का झंडा' अभियान की औपचारिक शुरुआत की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश, जिला और प्रखंड स्तर के सभी कांग्रेस कार्यकर्ता अपने घरों, गाड़ियों और कार्यालयों पर कांग्रेस का झंडा लगाएंगे। इससे कांग्रेस की विरासत और संघर्ष को जनता के बीच लाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की नीति सदैव कमजोर और शोषित वर्गों को प्रताड़ित करने की रही है। बिहार कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ. शकील अहमद खान ने आरोप लगाया कि संयुक्त संसदीय समिति में भाजपा के प्रभुत्व के चलते वक्फ संशोधन बिल को पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर तैयार किया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने तमाम आपत्तियों और सुझावों को दरकिनार कर केवल वक्फ संपत्तियों को प्रभावित करने वाला फैसला लिया। उन्होंने एनडीए के घटक दलों जदयू, लोजपा (रामविलास), हम सेक्यूलर से स्पष्ट करने की मांग की कि वे वक्फ संशोधन बिल के पक्ष में हैं या नहीं। इस मौके पर बिहार कांग्रेस के प्रभारी सचिव सुशील पासी ने कहा कि 'हर घर कांग्रेस का झंडा' अभियान को पूरे राज्य में प्रभावी तरीके से लागू किया जाएगा। साथ ही उन्होंने अगले महीने राहुल गांधी के संभावित पटना दौरे की भी जानकारी दी। संवाददाता सम्मेलन में विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मदन मोहन झा, मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, अशोक गगन, डॉ. स्नेहाशीष वर्धन पांडेय, सौरभ सिन्हा, निधि पांडेय, ज्ञान रंजन समेत कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

## इन्दिरा आईवीएफ का 12वां सेंटर पटना के फुलवारी शरीफ में शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** इन्दिरा आईवीएफ ने पटना के फुलवारी शरीफ में अपने नए फर्टिलिटी सेंटर का उद्घाटन किया है, जिससे बिहार में रिप्रोडक्टिव हेल्थकेयर सेवाओं की पहुंच अधिक मजबूत होगी। यह राज्य में इन्दिरा आईवीएफ का 12वां सेंटर है, जो आधुनिक फर्टिलिटी केयर के साथ उन दंपतियों और व्यक्तियों की मदद करेगा, जो संतान सुख प्राप्त करने की इच्छा रखते हैं। यह विस्तार इन्दिरा आईवीएफ की नवीन रिप्रोडक्टिव तकनीकों को व्यक्तिगत देखभाल के साथ जोड़कर फर्टिलिटी ट्रीटमेंट को अधिक सुलभ बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री




मंगल पांडे, विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री श्याम रजक, इन्दिरा आईवीएफ बिहार हेड व पटना सेंटर हेड डॉ. दयानिधि कुमार और इन्दिरा आईवीएफ फुलवारी शरीफ के सेंटर हेड डॉ. पुनीत हंस उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने कहा कि बिहार के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और किफायती होनी आवश्यक है। बढ़ती फर्टिलिटी जरूरतों को देखते हुए, बिहार में विशेष फर्टिलिटी उपचार केंद्रों की उपलब्धता से लोग दूर-दराज की यात्रा करने के बजाय अपने राज्य में ही उचित चिकित्सा सहायता प्राप्त कर सकते हैं, इससे बेहतर स्वास्थ्य परिणाम मिलेंगे और हेल्थकेयर सिस्टम भी सशक्त होगा। पूर्व मंत्री श्याम रजक ने कहा कि चिकित्सा विज्ञान में हुई प्रगति के बावजूद, फर्टिलिटी समस्याओं से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियां और गलत जानकारियां लोगों को समय पर इलाज लेने से रोकती हैं। यह आवश्यक है कि हम एक ऐसा वातावरण तैयार करें जहां रिप्रोडक्टिव हेल्थ पर खुलकर चर्चा हो और लोग बिना झिझक इलाज के विकल्प तलाश कर सकें। फर्टिलिटी सेंटर इन बाधाओं को तोड़ने में मदद करते हैं और जरूरतमंद लोगों को सही मार्गदर्शन व आत्मविश्वास प्रदान करते हैं। इन्दिरा आईवीएफ के मैनेजिंग डायरेक्टर और कॉ-फाउंडर नितिज मुर्डिया ने कहा कि फर्टिलिटी ट्रीटमेंट में तकनीक की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। यह न केवल सटीक डायग्नोसिस और इलाज में मदद करती है, बल्कि सफलता दर भी बढ़ाती है। इन्दिरा आईवीएफ बिहार हेड और पटना सेंटर हेड डॉ. दयानिधि कुमार ने कहा कि फर्टिलिटी ट्रीटमेंट में सबसे बड़ी चुनौती इलाज अपनाने में देरी करना है, जो अक्सर जागरूकता की कमी या गलत धारणाओं के कारण होता है। कई लोगों को यह जानकारी नहीं है कि उम्र, जीवनशैली और स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं गर्भधारण की संभावनाओं को किस तरह प्रभावित कर सकती हैं। हमारा लक्ष्य लोगों को सही जानकारी देना और समय पर उपचार उपलब्ध करवाना है। इन्दिरा आईवीएफ फुलवारी शरीफ के सेंटर हेड डॉ. पुनीत हंस ने कहा कि फर्टिलिटी ट्रीटमेंट केवल चिकित्सा उपचार नहीं, बल्कि भावनात्मक सहयोग और व्यक्तिगत देखभाल प्रदान करना है।

## टेम्पो चालकों से मारपीट और रंगदारी वसूली मामले में चालकों की हड़ताल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढी नौबतपुर मार्ग और पालीगंज मार्ग पर चलने वाली सभी ऑटो चालक शुक्रवार के दिन सुबह से ही हड़ताल पर है। दरअसल सभी ऑटो चालको से जबरन रंगदारी वसूली के खिलाफ सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। ऑटो चलाको ने बताया कि कर्पूरी चौक के पास बस स्टैंड है जहां पर मसौढ़ी से नौबतपुर और



मसौढ़ी से पालीगंज जाने वाली रूट में तकरीबन 50 से अधिक ऑटो चलती हैं और इन सभी ऑटो चालकों से जबरन रंगदारी वसूली की जाती है मारपीट की जाती हैं इसके अलावा अगर कोई यात्री ऑटो पर जाने के लिए बिठाते हैं तो उन्हें जबरन उतरकर बस पर चढ़ाया जाता है। इसके अलावा हम सबों से रंगदारी भी वसूली की जाती हैं। नगर परिषद द्वारा जो एजेंटी हुआ है वह एजेंटी के अलावा भी हम लोग से रंगदारी होती है। इसी को लेकर आक्रोशित ऑटो चालकों का विरोध प्रदर्शन शुक्रवार को हुआ और सभी अपने ऑटो का परिचालन बंद कर हड़ताल हैः इन दोनों सड़कों के मार्गों पर गाड़ियां नहीं चल रही है।आक्रोशितों ने कहा की तब तक नहीं चलेगी जब तक रंगदारी वसुलने वालों पर कार्रवाई नहीं होगी,विरोध कर रहे राजेश कुमार, मुन्ना कुमार, गुड्डू कुमार, छोटू कुमार, संजीव कुमार, नितीश कुमार, सत्य प्रकाश आदि ने विरोध जताते हुए कार्रवाई की मांग की है।

## ईएसआईसी के विभिन्न कार्यालयों द्वारा जागरूकता सत्रों का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के विभिन्न कार्यालयों द्वारा योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जागरूकता सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। ईएसआईसी औषधालय सह शाखा कार्यालय मुजफ्फरपुर, गया एवं शाखा कार्यालय डालमियानगर, बंजारी और मोकामा में बीमित लाभार्थियों व कर्मचारियों को जागरूक किया गया। उपस्थित कर्मचारियों को ईएसआईसी द्वारा प्रदान की जाने वाली सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि बीमारी की स्थिति में कैशलेस इलाज कैसे प्राप्त किया जा सकता है। इसके अलावा, दुर्घटना, बीमारी या मातृत्व अवकाश के दौरान वेतन नुकसान की भरपाई के लिए ईएसआईसी द्वारा दी जाने वाली नकद सहायता के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर संबंधित शाखा प्रबंधक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के प्रावधानों के तहत वे सभी संस्थान जहां 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, इस योजना के दायरे में आते हैं। इस अधिनियम के तहत, कर्मचारियों और उनके आश्रित परिवारजनों को पूर्ण चिकित्सा सुविधा के साथ-साथ नकद लाभ भी प्रदान किए जाते हैं, जिससे उनकी सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 294
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, शनिवार
29 मार्च 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

1549 : ब्राजील की पहली राजधानी सल्वाडोर द बहीया की नींव डली।
1798 : स्वीट्जरलैंड एक गणराज्य बना।
1901 : ऑस्ट्रेलिया में पहला संघीय चुनाव हुआ।
1954 : भारतीय लोक प्रशासन संस्थान का उद्घाटन किया गया।
1967 : फ्रांस ने पहली बार अपनी परमाणु पनडुब्बी की शुरुआत की।
2008 : इराक में हुए अमेरिकी बम विस्फोट में लगभग 50 लोगों की मृत्यु।

**ध्यान का मकसद आपके अंदर आवश्यक माहौल बनाना है ताकि आप आनंद और शांति में जिएं और इसके फलस्वरूप अपनी प्रतिभा को उजागर करें।**

### 8वें वेतन आयोग से पहले केन्द्र सरकार ने दी बड़ी सौगात

# केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में बढ़ोत्तरी

नवबिहा टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते में 2 फीसदी की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी। इस संशोधन के साथ महंगाई भत्ता (डीए) 53 फीसदी से बढ़कर 55 फीसदी हो जाएगा, जिससे सरकारी कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी होगी। पिछली डीए बढ़ोतरी जुलाई 2024 में हुई थी, जब इसे 50 फीसदी से बढ़ाकर 53 फीसदी किया गया था। केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में सरकार की ओर से ये फैसला लिया गया है।

**कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को कितना मिलेगा**

2 फीसदी की इस बढ़ोतरी के साथ ही अब डीए 53 फीसदी से बढ़कर 55 फीसदी हो जाएगा। पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत में भी इतनी ही बढ़ोतरी होगी। अगर किसी कर्मचारी की बेसिक सैलरी 18,000 रुपये है तो उसे अब हर महीने 360 रुपये (18,000 रुपये का 2 फीसदी) ज्यादा मिलेंगे, यानी सालाना 4,320 रुपये का फायदा होगा। इसी तरह अगर किसी पेंशनभोगी की मूल पेंशन 9,000 रुपये है, तो उसे प्रति माह 180 रुपये अधिक मिलेंगे, जो एक साल में 2,160 रुपये बढ़ जाएंगे।




**क्या है महंगाई भत्ता**

डीए एक ऐसा भत्ता है जो सरकारी कर्मचारियों को महंगाई के प्रभाव को कम करने में मदद करने के लिए दिया जाता है। यह सुनिश्चित करता है कि बढ़ते खर्चों के बावजूद वेतन से अपनी खरीदने की शक्ति बनाए रखे। जबकि मूल वेतन हर 10 साल में वेतन आयोग द्वारा निर्धारित किया जाता है, महंगाई के रुझान के लिए डीए को समय-समय पर संशोधित किया जाता है।

8वें वेतन आयोग की घोषणा के बाद यह पहली डीए बढ़ोतरी है। सरकार ने 16 जनवरी, 2025 को 8वें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की थी, जो 1 जनवरी, 2026 से लागू होगा। नई सिफारिशें आने में कम से कम एक साल लग सकता है, जिसका मतलब है कि इस साल के अंत में दिवाली के आसपास होने वाली अगली डीए बढ़ोतरी (जुलाई-दिसंबर 2025 चक्र के लिए) 7वें वेतन आयोग के तहत आखिरी होगी।

**■ 1 करोड़ 15 लाख लोगों को होगा फायदा**

## सबसे गर्म साल होगा 2025

**नई दिल्ली (नबिटा ब्यूरो)।** देश में इस बार उम्मीद से कहीं ज्यादा गर्मी पड़ने वाली है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, इस साल देश के नॉर्थ-वेस्ट राज्यों यानी हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, दिल्ली में हीटवेव (लू) के दिनों की संख्या दोगुनी होने की आशंका है। आमतौर पर अप्रैल से जून के महीनों में लगातार 5-6 दिन लू चलती है, लेकिन इस बार 10 से 12 दिनों के ऐसे कई दौर आ सकते हैं। हालांकि, मौसम विभाग ने यह जानकारी नहीं दी कि इस साल हीटवेव का असर कितने दिन रहेगा।

# बिहार के सात जिलों के विकास को मिलेगी रफ्तार

### जल्द 554 किमी लंबी सड़क बनकर हो जाएगी तैयार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में भारत-नेपाल सीमा सड़क परियोजना के तहत 400 किमी से अधिक सड़क निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इस परियोजना पर अब तक लगभग 2 हजार 486 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। मिली जानकारी के अनुसार, इस सड़क के बचे हुए हिस्से करीब 154 किमी का निर्माण इस वर्ष मध्य तक पूरा हो जाने की संभावना है।

**सात जिलों को सीधी कनेक्टिविटी का फायदा**

भारत-नेपाल सीमा सड़क परियोजना के पूरा होने से सीमा पर 554 किमी लंबी सड़क बनकर तैयार हो जाएगी। इससे सूबे के सात जिलों पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज के लोगों को सीधी कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा। वर्षों से उपेक्षित सीमावर्ती क्षेत्रों में सामाजिक एवं आर्थिक विकास को गति मिलेगी। यातायात की सुविधा में सुधार होगा और भारत-नेपाल के बीच सड़क संपर्क अधिक मजबूत होगा। सीमा पर चौकसी बढ़ेगी और एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल) के जवानों को पेट्रोलिंग करने में सहायता मिलेगी। तस्करी पर नकेल कसने में काफी हद तक कामयाबी मिलेगी।



**पर्यटन और व्यापार को भी बढ़ावा**

भारत और नेपाल लगभग 729 किलोमीटर सीमा को साझा करते हैं, जिसमें 554 किमी बॉर्डर सड़क परियोजना के तहत कवर किया जा रहा है। इस परियोजना की शुरुआत वर्ष 2010 में हुई थी। इसे उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और बिहार में कुल 1 हजार 372 किमी लंबाई में विकसित किया जाना है। इसमें काफी हिस्सा पूरा हो चुका है।

**सीमावर्ती इलाकों में विकास को मिलेगा नया आयाम**

इस सड़क के पूर्ण होने से नेपाल, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल की यात्रा में लगने वाले समय में कमी आएगी। साथ ही सीमावर्ती गांवों में व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा। यह सड़क न केवल स्थानीय निवासियों के लिए एक बड़ी सुविधा होगी बल्कि पर्यटन और व्यापार को भी बढ़ावा देगी, जिससे सीमावर्ती इलाकों में विकास को नया आयाम मिलेगा।

# रिमिक्स फॉल में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**खूंटी।** जिले के प्रसिद्ध रिमिक्स वाटरफॉल में डूबने से दो भाइयों की मौत हो गयी। दोनों भाई अपने आठ दोस्तों के साथ रिमिक्स फॉल घूमने गये थे। इसी दौरान नहाने के लिए वे झरने के पास चले गये जहां तेज बहाव के कारण वे डूब गये। दोनों मृतकों की पहचान 16 वर्षीय शुभम कुमार सिंह और 13 वर्षीय राज कुमार सिंह के रूप में हुई है। दोनों सगे भाई थे और रांची के कोकर स्थित अयोध्यापुरी के रहने वाले थे। उनके पिता संजय कुमार सिंह रांची में एक अखबार में काम करते हैं। रिमिक्स फॉल मारंगहादा थाना क्षेत्र स्थित दशम वाटरफॉल क्षेत्र से सटा हुआ है जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। जानकारी के अनुसार रांची जिले के आठ युवक एक ही कार से घूमने के लिए रिमिक्स वाटरफॉल पहुंचे थे। सभी युवक दोपहर में फॉल के पास नहा रहे थे। इसी दौरान शुभम और राज नदी की तेज धारा में बह गये और गहरे पानी में चले गये। उनके साथ गये अन्य युवकों ने शोर मचाया जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल बचाव कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद राज कुमार को बाहर निकालकर बुंडू के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुभम कुमार सिंह का शव चट्टानों के बीच फंसा हुआ था। उसे बाहर निकालने में ग्रामीणों को साढ़े तीन घंटे लग गए।

# अगले माह मिलेगा पहला डबल डेकर एलिवेटेड रोड का तोहफा

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अप्रैल में करेंगे उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना का पहला डबल डेकर एलिवेटेड रोड बन कर लगभग तैयार हो गया है। राज्य के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने शुक्रवार को इसका निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस महीने के अंत तक इसका निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अप्रैल में इसका उद्घाटन करेंगे। नितिन नवीन ने बताया कि अगले माह के अंत तक इसे जनता के लिए खोल दिया जाएगा। यह बिहार का पहला डबल डेकर फ्लाईओवर होगा और अशोक राजपथ पर यातायात के दबाव को कम करने में बहुत ही मददगार साबित होगा। इसके निर्माण पर कुल 422 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। इसके पहले लेन की लंबाई 1449.30 मीटर है, जबकि दूसरे लेन की लंबाई 2175.50 मीटर है। इस रोड पर दोनों ओर से आने-जाने की सुविधा है। इसका एक भाग गांधी मैदान से सीधे पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) तक बनाया गया है। जिन्हें गांधी मैदान से पटना सिटी जाना हो, वो ऊपर के रास्ते से जा सकते हैं। पटना विश्वविद्यालय (पीयू) तक जाने के लिए पुराने रास्ते का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके अलावा इससे पीएमसीएच से भी मरीन ड्राइव जा सकते हैं।



# राहुल गांधी 7 अप्रैल को आयेंगे बिहार

### संविधान सुरक्षा सम्मेलन में होंगे शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सात अप्रैल को बिहार आ रहे हैं। वह पार्टी की ओर से पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित 'संविधान सुरक्षा सम्मेलन' में शामिल होंगे। कांग्रेस के प्रभारी सचिव सुशील पासी ने शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संविधान सुरक्षा सम्मेलन में बापू के नमक सत्याग्रह, आजादी की लड़ाई में बुद्धू नोनिया और प्रजापति रामचंद्र विद्यार्थी की शहादत तथा स्वतंत्रता व समता सेनानी बाबू जगजीवन राम के ऐतिहासिक योगदान पर फोकस रहेगा। कांग्रेस ने संविधान सुरक्षा, सामाजिक न्याय और सांप्रदायिक सद्भाव के लिए काम करने वाले सभी संगठनों से इस कार्यक्रम में आने की अपील की है। बता दें कि इस चुनावी साल में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का यह तीसरा बिहार दौरा होगा। इससे पहले वह 5 फरवरी और 18 जनवरी को पटना आए थे।



## राजस्थान में समस्तीपुर के युवक की मौत

**समस्तीपुर (नबिटा ब्यूरो)।** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में एक दर्दनाक हादसे में बिहार के समस्तीपुर जिले के एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान निधील कुमार (20) के रूप में हुई है। वह विभूतिपुर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर सकरा पंचायत के तरूणियां गांव का रहने वाला था। निधील चित्तौड़गढ़ की पॉली बैग धागा फैक्ट्री में काम करता था। गुरुवार की रात मशीन में धागा काटने के दौरान वह उसकी चपेट में आ गया। घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के पिता प्रेमचंद यादव ने बताया कि निधील इंटर पास था। परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण वह मजदूरी करने राजस्थान गया था। वह होली पर घर आया था और एक महीने रुकने के बाद 20 मार्च को वापस फैक्ट्री चला गया था।

# प्रेमिका की ली जान, फिर खुद को भी गोली से उड़ाया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में भोजपुर के बाद पटना में एक सनकी आशिक ने खौफनाक वारदात को अंजाम दिया है। राजधानी पटना के दीघा मरीन ड्राइव घाट पर गोली लगने से दो लोगों की मौत हो गई है। दीघा थाना की पुलिस ममाले की तफ्तीश में जुट गई है। पुलिस को घटनास्थल से एक बैग भी मिला है। मृतक लड़के का नाम राहुल राज है। वह मधुबनी जिला का रहने वाला है। वहीं मृत लड़की वैशाली के लालगंज की रहने वाली है, जिसका नाम सुरभि कुमारी है। बताया जा रहा है कि प्रेमी प्रेमिका काफी देर से जनार्दन घाट के सीढ़ी पर बैठे हुए थे। फिर कुछ देर बाद दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहा सुनी हुई। इसके बाद घटना को अंजाम दिया गया। बताया जा रहा है कि शुक्रवार दोपहर में दोनों गंगा किनारे मरीन ड्राइव के जनार्दन घाट पर बैठे हुए थे। तभी अचानक गोली की आवाज सुनाई पड़ी। लोगों ने देखा कि दोनों की लाश सीढ़ी पर पड़ी हुई है। दोनों खून से लथपथ हैं। वहां मौजूद लोगों के द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई। जहां मौके पर पुलिस पहुंचकर मामले की जांच में जुटी है। बताया जा रहा है कि प्रेमी ने पहले प्रेमिका को गोली मारी। इसके बाद उसने खुद को भी गोली मारकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय पुलिस के साथ-साथ एफएसएल की टीम भी पहुंची। डॉग स्क्वायड की टीम को भी बुलाया गया। मामले की जांच की जा रही है।

## फ्लोर मिल में युवक की मौत

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** पटना सिटी के मालसलामी थाना क्षेत्र में जया फ्लोर मिल में एक युवक मजदूर की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। मिल की छत से 20 वर्षीय रौशन कुमार का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान हिलसा निवासी विनोद कुमार के पुत्र के रूप में हुई है। रौशन पिछले 6 महीने से संतोष कुमार के इस फ्लोर मिल में मजदूर के रूप में काम कर रहा था। पटना सिटी पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी गौरव कुमार के अनुसार प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि फ्लोर मिल की छत पर सोते समय नीचे गिरने से युवक की मौत हुई है। हालांकि, मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना के नालंदा मेडिकल अस्पताल भेज दिया है। घटना की जांच के लिए डॉग स्क्वायड और एफएसएल की टीम को बुलाया गया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है।

# म्यांमार में 7.7 तीव्रता का भूकंप, 144 की मौत

### भारत के भी कई शहरों में महसूस हुए झटके

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** म्यांमार में शुक्रवार सुबह 11:50 बजे 7.7 तीव्रता का भूकंप आया। इसके झटके भारत, थाईलैंड, बांग्लादेश और चीन समेत 5 पांच देशों में महसूस किए गए। म्यांमार और थाईलैंड में करीब 150 लोगों की जान गई है। अकेले म्यांमार में 144 लोगों की मौत हुई है, जबकि यहां 732 लोग घायल हैं। वहीं, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में अंडर कंस्ट्रक्शन 30 मंजिला इमारत गिर गई। इस साइट पर 400 लोग काम कर रहे थे। इनमें से 80 लोग लापता हैं, जबकि 3 लोगों की मौत हुई है। सैकड़ों लोग घबराकर घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। भारी तबाही के चलते थाईलैंड की प्रधानमंत्री पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा ने इमरजेंसी घोषित कर दी है। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, इस भूकंप से होने वाली मौतों की आशंका को रेड कैटेगरी में रखा गया है। इस कैटेगरी में 10 हजार से 1 लाख मौतें तक हो सकती हैं, जिसकी संभावना 34% यानी सबसे ज्यादा है। म्यांमार, थाईलैंड, बांग्लादेश, भारत और दक्षिण-पश्चिम चीन समेत 5 देशों में असर देखा गया। यहां के कई इलाकों में तेज झटके महसूस किए गए। पीटीआई न्यूज एजेंसी के मुताबिक, भारत में कोलकाता, इंफाल, मेघालय और ईस्ट कार्गो हिल में इसके झटके महसूस किए गए। बांग्लादेश में ढाका, चटगांव समेत कई हिस्सों में 7.3 तीव्रता के झटके आए। म्यांमार में 12 मिनट बाद फिर 6.4 तीव्रता का आफ्टरशॉक आया।



# दुबारा नहीं होगी 70वीं बीपीएससी सिविल प्रारंभिक परीक्षा : हाईकोर्ट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** शुक्रवार को पटना हाईकोर्ट ने 70वीं बीपीएससी सिविल प्रारंभिक परीक्षा की पुनः मांग करने वाले उम्मीदवारों को बड़ा झटका दिया। पटना हाईकोर्ट ने 70वीं बीपीएससी सिविल प्रारंभिक परीक्षा पुनः कराये जाने सम्बन्धी याचिकायों को खारिज करते हुए राज्य सरकार और बीपीएससी को बड़ी राहत दी।

पप्पू कुमार व अन्य की याचिकाओं पर एक्टिंग चीफ जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने इस सम्बन्ध में दायर जनहित याचिका सहित सभी याचिकायों पर सुनवाई पूरी कर निर्णय सुरक्षित रखा था। जिस पर आज कोर्ट ने ये फैसला दिया। ये उन उम्मीदवारों के लिए काफी बड़ा झटका हैं, जिन्होंने 70वीं बीपीएससी सिविल सर्विस प्रारंभिक परीक्षा रद्द कर पुनः प्रारंभिक परीक्षा कराये जाने की मांग की थी।

**सरकार और बीपीएससी को सुझाव :**

कोर्ट ने अपने निर्णय में राज्य सरकार व बीपीएससी को परीक्षा संचालित करने के लिए कई सुझाव दिया है। कोर्ट ने उन्हें एक स्थायी समिति गठित करने को कहा है, जो इन परीक्षाओं की प्रक्रिया पर नजर रखेगा। साथ ही कोर्ट ने ये भी कहा है कि ये परीक्षाएं साफ सुथरे व निष्पक्ष तरीके से हो, ये बहुत सख्ती से सुनिश्चित किया जाये। साथ ही ऐसी व्यवस्था हो, जिसमें आम परीक्षार्थियों को परेशानी नहीं हो। असामाजिक तत्वों को अलग रखा जाये, ताकि वे कोई गड़बड़ी नहीं कर सके।

**सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगे :**

वहीं फैसला आने के बाद शिक्षाविद् गुरु रहमान ने कहा कि वे लोग इस फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख करेंगे। दरवाजे अभी खुले हुए हैं। गुरु रहमान का कहना है कि हम लोग किसी भी कीमत पर पीछे नहीं हटेंगे।

**छात्रों का आंदोलन बना राजनीतिक मुद्दा :**

बीपीएससी अभ्यार्थियों का मुद्दा राजनीतिक मुद्दा बन गया था। छात्रों क्या, आंदोलन को राजनीतिक दलों का भी समर्थन हासिल था। तेजस्वी यादव, पप्पू यादव और प्रशांत किशोर छात्रों के साथ मजबूती से खड़े थे। यही नहीं खान सर, गुरु रहमान भी छात्रों के साथ नजर आ रहे थे।

**बीपीएससी द्वारा रिजल्ट किया गया था प्रकाशित :**

छात्रों के आंदोलन से निपटने के लिए पुलिस को कई बार बल प्रयोग भी करना पड़ा था। सड़क से लेकर सदन तक इस मुद्दे को लेकर हंगामा हुआ था। हंगामे के दौरान ही बिहार लोक सेवा आयोग ने रिजल्ट भी प्रकाशित कर दिया था।

बता दें कि 13 दिसंबर को जब अपने तय समय पर बीपीएससी की परीक्षा हो रही थी, तो पटना के बापू परीक्षा परिसर में कुछ समस्याएं हुईं। दरअसल अभ्यर्थियों को प्रश्न पत्र मिलने में थोड़ी देरी हुई, इसको लेकर सेंटर पर हंगामा हो गया। इस सेंटर पर करीब 12 हजार छात्रों ने परीक्षा दी थी।

हंगामें के चलते बीपीएससी ने बापू परीक्षा परिसर के छात्रों की 4 जनवरी 2025 को फिर से परीक्षा कराने का फैसला किया। इसका छात्रों द्वारा विरोध किया जा रहा है। उनकी मांग है कि सिर्फ एक सेंटर पर दोबारा परीक्षा कराने से इसकी निष्पक्षता प्रभावित होगी, तो पूरी परीक्षा फिर से कराई जाए। हालांकि बीपीएससी ने ऐसा कराने से इनकार कर दिया है। बीपीएससी की संयुक्त प्राथमिक परीक्षा का विज्ञापन सितंबर 2024 को जारी हुआ था। परीक्षा में 4,83,000 उम्मीदवारों ने आवेदन किया, जिनमें से 3,25,000 उम्मीदवारों ने परीक्षा दी।



# डीएम के जनता दरबार में 53 मामलों की सुनवाई



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में सोमवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 53 मामले दर्ज किए गए। स्थानीय नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष रखा। डीएम ने शिकायतों को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। जनता दरबार में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य सेवाओं समेत कई बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें आईं। इसके अलावा, भूमि विवाद, सरकारी योजनाओं में देरी और रोजगार की समस्याओं को लेकर भी लोगों ने अपनी परेशानी सामने रखी। जनता दरबार में जिन प्रमुख मामलों पर सुनवाई हुई, उनमें शामिल हैं: विजय शर्मा (ग्राम-भोला बिगहा, थाना-हिसुआ) ने भूमि मजिमार्जन से जुड़ी शिकायत दर्ज कराई। ग्राम-कुलना (प्रखंड-अकबरपुर, पोस्ट-कुसुम्हार) के ग्रामीणों ने पंचायत सरकार भवन निर्माण को लेकर आवेदन दिया। रंजु देवी (शोभनाथ मंदिर के पास, अंचल-नवादा) ने विद्युत आपूर्ति में गड़बड़ी की शिकायत की। अंबिका प्रसाद चौधरी (ग्राम-सिकंदरा, पंचायत-लोहरपुरा, प्रखंड-नवादा) ने भूमि पर अवैध घेराबंदी का मुद्दा उठाया। सोनी देवी (ग्राम-माधोपुर, थाना-अकबरपुर) ने नाली निर्माण से जुड़ी समस्या बताई। कमलेश सिंह (प्रखंड-हिसुआ) ने भूमि मापी कार्य पूरा न होने की शिकायत की। उरवा देवी (ग्राम-भट्टा, थाना-रोह, पंचायत-भट्टा, पोस्ट-कोसी) ने सरकारी लगान रसीद निर्गत करने का अनुरोध किया। दिलीप कुमार दास (ग्राम-चौथा, थाना-रजौली) ने मानदेय पर ड्यूटी लगाने की मांग रखी। कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को भेजकर एक सप्ताह के भीतर निपटाने के निर्देश दिए गए। जनता दरबार के दौरान डीएम रवि प्रकाश ने नागरिकों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लंबित शिकायतों को जल्द निपटाएं। जनता दरबार में अपर समाहर्ता चंद्रशेखर आजाद, गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी डॉ. राजकुमार, कार्यपालक अभियंता (पीएचईडी) अरुण प्रकाश समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जनता दरबार से प्रशासन और आमजन के बीच संवाद मजबूत हुआ है।

# आत्महत्या करने के लिए मोबाइल टॉवर पर चढ़ा सनकी युवक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा थाना क्षेत्र के माहुरी गांव में उस वक्त अफरातफरी मच गया जब एक युवक मोबाइल टावर पर चढ़कर आत्महत्या करने की बात करने लगा। सूचना मिलते ही ग्रामीणों और पुलिस ने करीब 3 घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद उसे को सुरक्षित नीचे उतारा। युवक सिलाव थाना क्षेत्र के पांकी गांव निवासी गोलू कुमार है। गनीमत रही कि युवक को सही समय पर बचा लिया गया, वरना कोई बड़ा हादसा हो सकता था। मारपीट किए जाने से हैं आहत गोलू की माने तो उसके माता-पिता की मौत हो चुकी है। परिवार और गांव वाले पागल कह कर उसके साथ मारपीट किया करते हैं है, जिससे परेशान होकर उसने यह कदम उठाया। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 15 किलोमीटर पैदल चलकर वह माहुरी गांव पहुंचा और मोबाइल टावर पर चढ़ गया। सुबह होते ही जब ग्रामीणों की नजर पड़ी तो अफरातफरी मच गई। लोगों ने उसे नीचे उतरने के लिए समझाने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रहे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। थानाध्यक्ष निशि कुमार ने बताया कि युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त लग रहा है। उसके परिवार और गांववालों से भी संपर्क किया जा रहा है। आने के बाद उनके हवाले कर दिया जाएगा।

## दुसरे दिन भी पीएचसी में छाया रहा सन्नाटा

**बिहारशरीफ।** दूसरे दिन भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कतरीसराय में सन्नाटा छाया रहा। दिन भर मरिज तथा परिजन परेशान होता रहा। बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ के आह्वान पर पीएचसी के चिकित्सक तीन दिवसीय हड़ताल पर चले गए हैं। जिसके चलते ओपीडी सेवा बंद होने से मरीजों की परेशानी बढ़ गया है। शनिवार तक ओपीडी सेवा पूर्ण रूप से बंद रहेगा। ओपीडी सेवा सुबह आठ बजे से दो बजे तक मरीजों को इलाज होता है इसके लिए पहले निबंधन कराने के साथ पर्चा दिया जाता है फिर चिकित्सक जांच करते हुए उचित मार्गदर्शन देते हैं। सरकारी स्तर पर उपलब्ध दवा जरूरत के अनुसार दिया जाता है। जिससे मरीजों को नीम हकीम से सुरक्षा के साथ पैसा का भी बचाव होता है। जरूरत कि सुविधा पीएचसी के द्वारा दिया जाता है। अभी पुर्ण रूप से बंद है। हड़ताल से मरीजों का इलाज नहीं हो रहा है। मरीज भी परेशान हैं।

# मुसलमान भाइयों ने केंद्र सरकार के विरोध में लगाया काला बिल्ला



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले के हिसुआ में रमजान के आखिरी जुमे की आखिरी नवाज पर मुस्लिम भाइयों ने केंद्र सरकार द्वारा पारित बिल को लेकर काला बिला लगाकर नमाज अदा किया और उसे वापस लेने के लिए सरकार से गुहार लगाई।

इस मौके पर छोटी मस्जिद हिसुआ के हाफिज इस्लामुल हक ने कहा कि पूरे भारतवर्ष में हमारे मुसलमान भाइयों द्वारा काला बिल्ला लगाकर केंद्र सरकार का विरोध किया जा रहा है। हमारी मुख्य मांग है कि केंद्र सरकार पुनः इस बिल को वापस ले, क्योंकि मुसलमान के लिए लाया गया बिल बिना मुसलमान भाइयों के सलाह मशवरा के क्यों पास किया गया है। जब तक बिल वापस नहीं लिया जाएगा, तब तक हम लोग केंद्र सरकार के विरोध में आंदोलन जारी रखेंगे। इस मौके पर हाफिज इस्लामुल हक, नेसार अहमद, सईद अनवर, डॉ. सगीर अहमद, डॉ. सबा अहमद, एहसान अहमद, नन्हू मियां, खालिद, शादाब, इस्तियाक, इसराफिल खान, मो. इस्लाम, जाहिद आलम आदि ने अपनी प्रतिक्रिया दिया है।

## एक नजर

### बालू लदा ट्रैक्टर जब्त,चालक गिरफ्तार

**वारिसलीगंज (नवादा)।** वारिसलीगंज पुलिस बालू माफियाओं तथा शराब भंडारण, बिक्री, निर्माण और परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में बुधवार को बज्र टीम के प्रभारी दिनेश रजक तथा वारिसलीगंज थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से अवैध बालू उत्खनन के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। क्षेत्र भ्रमण के क्रम में थाना क्षेत्र के बासोचक गांव के पास एक अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त करते हुए चालक को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार चालक की पहचान जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सकड़ी गांव निवासी साधु यादव का पुत्र विट्टू कुमार के रूप में की गयी। इस संबंध में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रूपेश कुमार सिन्हा ने बताया कि जब्त ट्रैक्टर के मालिक एवं गिरफ्तार चालक के विरुद्ध प्राथमिकी संख्या-166/25 दर्ज कर चालक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### शॉर्ट सर्किट से आठ ई-रिक्शा जलकर नष्ट

**हिसुआ(नवादा)।** हिसुआ के नरहट रोड स्थित हिसुआ डीह के समीप निजी ई रिक्शा चार्जिंग प्वाइंट पर अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गया। आगलगी बीती गुरुवार की रात्रि लगी, जिसमें कुल आठ ई-रिक्शा जल गए। बता दें कि आठ ई रिक्शा में दो ई रिक्शा पुरी तरह से जलकर नष्ट हो गया। घटना की जानकारी शुक्रवार की सुबह उस वक्त लगी जब ई रिक्शा चालक अपने वाहन निकालने पहुंचे थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि भूलन साव के ई रिक्शा चार्जिंग प्वाइंट पर रात्रि 11 बजे शॉर्ट सर्किट हुआ जिससे आस पास के सभी घरों की बिजली पोल से शॉर्ट लगकर बंद हो गया। बताया गया कि अपनी जगह को ई रिक्शा वालों को किराया पर देकर खुद बिहार से बाहर रहते हैं। घटना स्थल पर कोई नहीं रहने के कारण आग विकराल रूप ले लिया। रात्रि में किसी ने ध्यान नहीं दिया कि यह कैसे हुआ। हालांकि स्थानीय लोगों ने रात्रि में अपने घर की बिजली चले जाने की शिकायत बिजली विभाग को दिया लेकिन किसी भी मिस्त्री या कर्मचारी ने संज्ञान नहीं लिया। फिर शुक्रवार की सुबह लोगों ने बार -बार सूचना किया तो घंटों बाद 11 बजे दिन में आकर बिजली ठीक किया गया। शॉर्ट लगने से ई -रिक्शा चालकों में मायूसी है घटना में उनकी रोजी रोटी का साधन खत्म हो गया।

### 60 फरार अपराधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक, अभिनव धीमान ने बताया कि 27 मार्च 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, अनुसूचित जाति/जनजाति में चार, मद्य निषेध में 14 एवं अन्य गिरफ्तारी 42 कुल 60 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 118 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या-35 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या-02 है। वाहन जांच के क्रम में कुल 625 वाहनों की जांच की गयी है एवं जुर्माने की कुल राशि 81 हजार 500 रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत ट्रैक्टर 01 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

### अधिकारी के उदासीन रवैया के कारण छात्रों को बढ़ी परेशानी

**नारदीगंज,नवादा।** अंचल कार्यालय नारदीगंज में अधिकारी के उदासीन रवैया के कारण छात्रों को परेशानी बढ़ी हुई है। आये दिन अंचल कार्यालय में आरटीपीएस कार्यालय का चक्कर लगा कर परेशान हो रहे हैं।बावजूद छात्रों का आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र बन नहीं पा रहा है।जिससे उनके भविष्य पर प्रतिकूल असर पड़ने की सम्भावना बनी हुई है।यह हालत सीओ मो0 रईस आलम के साथ आरटीपीएस काउंटर में कार्यरत कर्मियों के उदासीन रवैया के कारण हो रहा है। शुक्रवार को भी प्रखंड के कई छात्र जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र बनाने के लिए पहुंचे थे, लेकिन उनलोगों को प्रमाण पत्र नहीं मिलने के कारण वापस घर लौट गये। इस दौरान नारदीगंज प्रखंड के विभिन्न गांव के छात्र प्रमाण पत्र बनाने के लिए पहुंचे, कहा कि हमलोग दस दिन पहले आन लाइन आवेदन किया हूं। और अभी तक प्रमाण पत्र नहीं बन पाया है।जबकि स्वास्थ्य विभाग से सम्बंधित पदों पर फार्म भरना है।आगामी एक अप्रैल 2025 तक फार्म भरा जाएगा।इस फार्म में जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। अगर समय पर प्रमाण पत्र निर्गत नहीं तो मेरा भविष्य चौपट हो जाएगा। कहते हैं कि सबसे बड़ी बात यह है कि आरटीपीएस काउंटर पर फार्म जमा करने के बाद कर्मियों के माध्यम से सीओ के लौगिन पर समयानुसार नहीं भेजे जाने से परेशानी बढ़ी हुई रहती है। वही कहुआरा निवासी प्रेम कुमार,करिश्मा कुमारी समेत अन्य का कहना है एक सप्ताह पूर्व प्रमाण पत्र बनाने के लिए काउंटर पर जमा की है। बावजूद अभी तक नहीं बन पाया है। कहा जाता है कि प्रमाण पत्र पर सीओ हस्ताक्षर नहीं कर रहे है। इतना ही नहीं कभी साइबर डाउन है, तो कभी छुट्टी का बहाना बनाकर प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किया जा रहा है।छात्रों ने कहा नजराना के तौर पर राशि देने वालो का प्रमाण पत्र निर्गत हो रहा है।वही नहीं देने वाले अंचल कार्यालय में चक्कर लगाने को विवश हैं।ऐसे में हमलोग का भविष्य अधर में लटकने की उम्मीद है।

# दिव्यांग बच्चों के लिए सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार शिक्षा परियोजना, नवादा द्वारा राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, प्रसाद बिगहा, नवादा सदर में दिव्यांग बच्चों के लिए सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी और श्रवण यंत्र (कान की मशीन) का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पदाधिकारी, रवि प्रकाश ने बच्चों को उपकरण प्रदान किए। अक्टूबर-नवंबर 2024 में नवादा जिले के सभी प्रखंडों में दिव्यांग बच्चों की पहचान एवं आकलन शिविर आयोजित किए गए थे। इन शिविरों में चिन्हित बच्चों के लिए ALIMCO कानपुर से सहायक



उपकरण क्रय किए गए। वितरण के लिए जिले के पांच प्रखंडों–कौआकोल, नारदीगंज, नवादा, हिसुआ और मेसकौर–को चुना गया। इसके अलावा, वारिसलीगंज के प्रखंड संसाधन केंद्र और रजौली के संसाधन कक्ष को अतिरिक्त वितरण केंद्र बनाया गया है, जहाँ अन्य प्रखंडों के बच्चों को उपकरण दिए जाएंगे। इन केंद्रों में वितरण की तिथि अलग से घोषित की जाएगी। इन पांच प्रखंडों के कुल 97 बच्चों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने का लक्ष्य था, जिनमें से 86 बच्चे आज के शिविर में उपस्थित हुए।

**32 बच्चों को ट्राइसाइकिल**

18 बच्चों को व्हीलचेयर प्रदान की गई। यह शिविर समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे दिव्यांग बच्चों को उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप सहायता मिल सके और वे आत्मनिर्भर बन सकें।

इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार चौधरी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रियंका कुमारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) तनवीर आलम, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मो. मजहर हुसैन, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा. शि.) वर्षा कुमारी तथा समावेशी शिक्षा के जिला संभाग प्रभारी भारत भूषण पाण्डेय उपस्थित रहे।इसके अलावा, कौआकोल, नारदीगंज, नवादा, हिसुआ और मेसकौर प्रखंडों के विशेष शिक्षक भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए और अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# पहली शादी की बात छुपा नाबालिग से दूसरी शादी रचाने वाले पिता-पुत्र गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** शहर के लहेरी थाना क्षेत्र में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक युवक ने अपनी पहली शादी की सच्चाई छिपाकर नाबालिग लड़की से दूसरी शादी कर ली। जब यह राज खुला, तो हंगामा मच गया। दूसरी पत्नी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक और उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में छोटी पहाड़ी मोहल्ला निवासी महेंद्र प्रसाद और उनके पुत्र जितेंद्र कुमार है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि जितेंद्र पहले से शादीशुदा था और उसके बड़े-बड़े बच्चे भी थे, लेकिन उसने इस सच्चाई को छुपाकर नाबालिग लड़की से दूसरी शादी कर ली। दूसरी पत्नी को लहेरी थाना क्षेत्र में किराए के मकान में रखा था। इसी दौरान दूसरी पत्नी को जितेंद्र की पहली शादी के बारे में पता चला, तो थाने पहुंचकर पति पर झूठ बोलकर शादी करने और उसके पिता महेंद्र प्रसाद भी साजिश में पूरी तरह शामिल का मामला दर्ज कराया। लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि शिकायत मिलते ही तुरंत कार्रवाई की गई और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# बुजुर्ग से छीने 50 हजार रुपए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के अमावां मोड के समीप बाइक से दो उचक्कों ने टेम्पो से घर जा रहे एक बुजुर्ग को हथियार का भय दिखाकर थैली में रहे 50 हजार रुपए एवं चेकबुक व पैन कार्ड आदि छीनकर भाग खड़े हुए।घटना के बाद बुजुर्ग का रो-रो कर बुरा हाल है। बीते कुछ दिनों से रजौली थाना क्षेत्र में छिनतई की घटना बढ़ गई है हालांकि इससे पूर्व चितरकोली में बाइक की लूट का उद्भेदन भी पुलिस द्वारा कुछ ही घंटों में करते हुए चार अपराधियों को जेल भेज दिया गया था। पीड़ित सिरदला थाना क्षेत्र के खनपुरा पंचायत के प्रणपुरा गांव निवासी इंद्रजीत राजवंशी ने बताया कि उनकी पोटी की शादी आगामी मई माह में शादी होनी तय है। शादी की तैयारी को लेकर शुक्रवार को लगभग



11:15 बजे पुरानी बस स्टैंड रजौली स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में खाते से 50 हजार रुपए निकालकर ऑटो से घर जा रहे थे। इसी बीच अमावां मोड के समीप ऑटो से दो लड़कियां उतर कर जाने लगी और इसी क्रम में एक बाइक पर सवार दो लोगों में एक व्यक्ति ने मेरे निकट आकर हथियार सटाकर हमारे हाथ से थैले को छीन लिया। छीने गए थैले में बैंक से निकाला गया 50 हजार रुपया एवं चेकबुक व अन्य कागजात था साथ ही पीड़ित बुजुर्ग ने कहा कि बाइक पर सवार छिनतई के बाद रजौली की ओर भाग गए। घटना की लिखित शिकायत थाना में देकर न्याय की गुहार भी लगाई गई है। इस बाबत थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि पीड़ित द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# नगर पंचायत के सफाई कर्मी गए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** नगर पंचायत क्षेत्र में कार्यरत 82 सफाईकर्मियों का नवंबर माह का वेतन भुगतान करने में नगर पंचायत पदाधिकारी राजेश एवं पूर्व के ठेकेदार गुड्डू सिंह आनाकानी कर रहे हैं,जिससे गरीब सफाईकर्मियों में काफी रोष है। सफाईकर्मियों के बकाए वेतन का भुगतान नहीं किए जाने पर सभी ने नगर पंचायत क्षेत्र में सफाई का काम शुक्रवार से बंद कर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए हैं। सफाईकर्मियों ने कहा कि बकाया पैसा मांगने पर पदाधिकारी कहते हैं कि तुम्हारा बकाया पैसा दो-तीन दिनों में मिल जाएगा, लेकिन ऐसा कहते-सुनते चार माह बीत गया है। वहीं कुछ पदाधिकारी कहते हैं कि तुमलोगों का पैसा पुराना ठेकेदार गुड्डू सिंह देगा, उसको पैसा दे दिया गया है। इसी टाल-मटोल से तंग आकर




सफाईकर्मी हड़ताल पर चले गए हैं। सफाईकर्मियों ने कहा कि बिहार के महापर्व छठ आनेवाला है,ऐसे समय में उन्हें पैसों की सख्त आवश्यकता है साथ ही बताया कि नए ठेकेदार से उन्हें कोई परेशानी नहीं है, किंतु पुराने ठेकेदार के यहां बकाया पैसे की मांग को लेकर सभी परेशान हैं। सभी सफाईकर्मियों का बकाया पैसा लगभग 8 से 10 लाख रुपए के आसपास है,जिसमें उनके पीएफ का पैसा भी शामिल है।

सफाईकर्मियों बब्लू डोम, महेंद्र राजवंशी, रूबी कुमारी, भूषण कुमार, उमेश कुमार चौधरी, मंजू देवी, बदमिया देवी समेत दर्जनों लोगों ने बताया कि जब भी वे अपनी हक की बात करते हैं, तो नगर पंचायत के पदाधिकारियों द्वारा उन्हें काम से बाहर कर देने की बात कही जाती है।साथ ही कहा जाता है कि जो लोग नगर पंचायत क्षेत्र से बाहर के सफाईकर्मी हैं,उन्हें काम से वंचित कर दिया जाएगा। सफाईकर्मियों ने कहा कि गली-मोहल्ले, सड़क एवं नालियों की सफाई के बाद उन्हें अपनी मजदूरी के लिए गिड़गिड़ाना पड़ता है,जो काफी दुःखद है।

# कृषि विज्ञान केंद्र में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 25वीं बैठक आयोजित




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के निर्देशानुसार कौआकोल प्रखंड स्थित जेपी आश्रम सोखोदेवरा के राजेन्द्र भवन में शुक्रवार को कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मण्डल नवादा के बैनर तले 25 वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसका उद्घाटन ग्राम निर्माण मण्डल के अध्यक्ष प्रभाकर कुमार,अटारी जोन-4 के निदेशक डॉ0 अंजनी कुमार, वैज्ञानिक डॉ0 पंकज कुमार सिंहा, इफको एके पालीवाल,कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ0 जयवंत कुमार सिंह, ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार एवं कोषाध्यक्ष दिलीप मंडल ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में सबसे पहले कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक डॉ0 जयवंत कुमार सिंह के द्वारा 2025-26 के लिए कार्य योजना पर विचार-विमर्श और 2024-25 की उपलब्धियों की समीक्षा एवं अन्य उपलब्धियों का विस्तृत रूप से पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में कृषि उत्पादन और इसकी गुणवत्ता,बेहतर खेती के लिए नयी तकनीकों और वर्तमान जलवायु परिस्थितियों में उत्पादकता बढ़ाने एवं मोटे अनाज की उत्पादन जैसे विषयों पर भी चर्चा की गयी। इस दरम्यान बैठक में किसान प्रतिनिधियों एवं प्रगतिशील किसानों ने कृषि एवं पशुपालन विभाग से संबंधित कई महत्वपूर्ण प्रश्नों को भी उठाया,जिसका जवाब कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक तथा जिला से आए संबंधित अधिकारियों द्वारा दिया गया। बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अटारी जोन-4 पटना के निदेशक डॉ0 अंजनी कुमार ने कहा कि सभी विभागों के समन्वयन से तकनीक विकसित कर किसानों एवं युवाओं की आर्थिक स्थिति मज़बूत किया जा सकता है। साथ ही किसानों को विभिन्न प्रकार के नवीनतम तकनीकों जैसे उद्यमिता विकास, फल एवं सब्जी के संरक्षण आदि पर वृहत तौर पर जागरूक करने की आवश्यकता है, ताकि किसानों एवं ग्रामीण युवाओं में आत्मनिर्भरता बढ़ सके। मौके पर कौआकोल बीडीओ डॉ.अखिलेश कुमार, केवीके के वैज्ञानिक रौशन कुमार, विकास कुमार, अनुज्ञा भारती, रविकांत चौबे, शशांक शेखर सिंह, केवीके कर्मी पिंटू पासवान समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# पैसों की मांग को लेकर वाहन मालिक सह चालक की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

रजौली। थाना क्षेत्र के अंधरबारी के पास फ्लाई ऐश वाहन के मालिक सह चालक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान झारखंड के कोडरमा जिले के जयनगर थाना क्षेत्र के जोगिया टिलहा गांव निवासी सुरेंद्र पंडित (47 वर्ष) के रूप में हुई है।




मृतक के परिजनों के अनुसार, सुरेंद्र पंडित ट्रक पर फ्लाई ऐश लोड कर कोडरमा से पटना जा रहे थे। गुरुवार की रात करीब 2 बजे उन्होंने अपने बेटे गोविंद पंडित को फोन कर बताया कि कारीगांव टोल प्लाजा पर कुछ लोग ओवरलोडिंग के नाम पर अवैध वसूली कर रहे हैं और पैसे नहीं देने पर उनके साथ मारपीट की जा रही है। शुक्रवार सुबह अंधरबारी के पास उनका शव सड़क किनारे पड़ा मिला। सिर पर गहरे जख्म थे, जिससे आशंका जताई जा रही है कि लोहे की रॉड या किसी भारी वस्तु से हमला किया गया।

घटना की सूचना मिलते ही एसपी नवादा अभिनव धीमान, एसडीपीओ गुलशन कुमार और थानाध्यक्ष राजेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया गया।

पुलिस टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है ताकि वारदात की सटीक जानकारी मिल सके। रजौली टोल प्लाजा पर ओवरलोडिंग को लेकर अक्सर विवाद होते रहते हैं। ट्रक चालकों से टोल शुल्क के अलावा अतिरिक्त जुर्माना वसूला जाता है। कई बार चालकों और टोल कर्मियों के बीच झड़प और मारपीट की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

मृतक के बेटे गोविंद पंडित ने आशंका जताई कि टोल प्लाजा के आसपास सक्रिय दलालों या टोल कर्मियों ने उनके पिता के साथ मारपीट की, जिसके चलते उनकी मौत हुई। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि शव मिलने की सूचना मिलते ही फोरेंसिक टीम को बुलाकर ब्लड सैंपल और अन्य साक्ष्य जुटाए गए। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

# ट्रैक्टर की टक्कर से वार्ड सदस्य की मौत

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नूरसराय थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक हादसे में वार्ड सदस्य कमलेश यादव की मौत हो गई। यह हादसा दरूआरा गांव के पास हुई, जहां तेज रफ्तार अज्ञात ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। मृतक पटना जिले के धनरूआ थाना क्षेत्र के निजामत गांव निवासी स्व. गणेश प्रसाद के पुत्र कमलेश यादव वार्ड सदस्य है। परिजनों के अनुसार, कमलेश यादव अपनी बाइक से निजामत गांव से अपने ससुराल नूरसराय थाना क्षेत्र के मकनपुर गांव जा रहे थे। इसी दौरान दरूआरा गांव के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। कमलेश यादव की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजन और स्थानीय लोग शोकाकुल हैं और दोषी वाहन चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। नूरसराय थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश जारी है। पुलिस ने कहा कि परिजनों के आवेदन मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# चैंबर ऑफ कामर्स की कार्यकारिणी समिति सदस्य के लिए 4 अप्रैल को होगा चुनाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** सेंट्रल बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स के 2025-26 के लिए 4 अप्रैल को चुनाव होगा। कुछ दिनों से चुनाव को लेकर प्रक्रिया चल रही थी। नामांकन पत्रों की जांच व नाम वापसी की तिथि समाप्त होने के बाद स्थिति यह बनी है कि अब सिर्फ कार्यकारिणी समिति सदस्य के 18 पदों के लिए चुनाव होगा। नाम वापसी के बाद 18 पद के विरुद्ध 22 लोगों के मैदान में रह जाने के कारण चुनाव की स्थिति है। कार्यकारिणी समिति को छोड़कर अन्य सभी यानी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष व अंकेक्षक पद पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ है।एक बार फिर निर्विरोध विपेंद्र अग्रवाल अध्यक्ष व सुनील कुमार महासचिव निर्वाचित हैं। चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदेन अध्यक्ष विपेंद्र अग्रवाल ने बताया कि गुरुवार को पुरानी गोदाम स्थित कार्यालय में चैम्बर कार्यकारिणी समिति की विशेष बैठक हुई। इसमें पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी के लिए नामांकन प्रपत्र की वापसी के पश्चात प्रत्याशियों की अंतिम सूची की पेश की गई। सूची के अनुसार अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष व अंकेक्षक पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। विपेंद्र अग्रवाल - अध्यक्ष, प्रेम नारायण प्रसाद- उपाध्यक्ष, प्रमोद कुमार भदानी- उपाध्यक्ष- 2, सुनील कुमार- महासचिव, जय कुमार - संयुक्त सचिव, कृष्ण मोहन प्रसाद संयुक्त सचिव- 2, दीपक चड्ढ़ा - कोषाध्यक्ष और अंकेक्षक के रूप में गौतम कुमार वर्णवाल निर्विरोध निर्वाचित हुए लेकिन, कार्यकारिणी समिति के 18 सदस्यों के लिए नाम वापसी के बाद 22 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। किसी ने नामांकन वापस नहीं लिया। इसलिए 4 अप्रैल को सिर्फकार्यकारिणी समिति के लिए मतदान होगा। पुरानी गोदाम स्थित चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यालय में सुबह 10.30 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक चुनाव होगा।उसी दिन गिनती के बाद विजयी सदस्यों की घोषणा की जाएगी। बताया कि मतदान के लिए चुनाव समिति का गठन किया गया। समिति में आलोक नंदन, देवेंद्र कुमार जैन, पदेन अध्यक्ष विपेंद्र अग्रवाल व पदेन महासचिव सुनील कुमार शामिल हैं। संरक्षक डॉ कौशलेंद्र प्रताप ने बताया कि चैंबर के अथक प्रयास के बाद खाद्य संरक्षण विभाग की ओर से माह में दो बार चैंबर के कार्यालय में शिविर लगयाा जाएगा। माप तौल विभाग से कैंप लगाए जाने को लेकर बात चल रही है।

## अमेरिका में एपीए सम्मेलन में सीयूएसबी की डॉ. चेतना जायसवाल प्रस्तुत करेंगी शोध पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी (गया)।** भारतीय शिक्षा जगत के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि के रूप में, दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के मनोवैज्ञानिक विज्ञान विभाग के प्राध्यापकों ने अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन (एपीए) 2025 सम्मेलन में अपने शोध प्रस्तुत करने का एक प्रतिष्ठित अवसर प्राप्त किया है। यह बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम 7 अगस्त, 2025 से डेनवर, यूएसए में आयोजित किया जाएगा।शोध दल में डॉ. चेतना जायसवाल, प्रो. धर्मेंद्र कुमार सिंह और उन्नीकन्नन पी. संतोष कुमार शामिल हैं। इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह, कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार राणा एवं विभाग के अन्य प्राध्यापकों ने पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। जन सम्पर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन 2025 सम्मेलन मनोविज्ञान के सबसे प्रमुख वैश्विक मंचों में से एक है। सम्मेलन में प्रस्तुति के लिए सीयूएसबी की टीम के डिकलोनीज़िंग माइंडस एंड एजुकेशनः ए क्रिटिकल डीसेरनमेंट ऑफ़ इंडियाज़ ट्रांस्फ़ॉर्मेटिव एनईपी 2020 शीर्षक वाले अध्ययन को डिवीजन 15 - शैक्षिक मनोविज्ञान के तहत एक महत्वपूर्ण वार्तालाप सत्र के लिए स्वीकार किया गया है जो सतत शिक्षा (सीई) क्रेडिट प्रदान करता है।डॉ. जायसवाल ने बताया कि यह शोध स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों, समावेशिता और समग्र शिक्षण पद्धतियों को बढ़ावा देकर शिक्षा में औपनिवेशिक विरासत को खत्म करने के लिए एनईपी 2020 के दृष्टिकोण का गंभीर रूप से विश्लेषण करता है।

### एक नजर

## गया-किऊल सेक्शन हुआ डबल, बढ़ेगा ट्रेनों का परिचालन

**गया।** गया-किऊल रेल सेक्शन पर दोहरीकारण लाइन का काम पूरा हो गया है। अब इस सेक्शन पर ट्रेनों का परिचालन क्षमता में बढ़ाये जाने की योजना है।इस योजना पर रेलवे ने काम तेज कर दिया है।परिचालन क्षमता बढ़ने से रेल यात्रियों को सहूलियत होगी।गया-किऊल सेक्शन पर अब मैनुअल रेक की ट्रेनों की जगह मेमू रेक का परिचालन के लिए काम शुरू कर दिया गया है। गया-झाझा व गया-किऊल पैसेंजर ट्रेन की जगह मेमू रेक का परिचालन होगा।ट्रेन संख्या 53632 गया-झाझा पैसेंजर अब 63316 मेमू कोच वाली रेक से चल रही है।इसी तरह मैनुअल रेक 53634, 53636 गया-किऊल पैसेंजर ट्रेन को भी अब नये नंबर 63322, 63324 से मेमू रेक चलेगी।मिली जानकारी के अनुसार बताया गया कि हावड़ा-नई दिल्ली आदि रूट के लंबी दूरी की कुछ एक्सप्रेस ट्रेनों को भी किऊल-गया सेक्शन के रास्ते चलाने की तैयारी की जा रही है।साथ ही किऊल-गया के बीच भी एक्सप्रेस ट्रेनों की संख्या बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है।

## हेडमास्टर ने छात्रा को पीटा, बेहोश

**गया।** जिले के बांकेबाजार स्थित मध्य विद्यालय चौगाई में हेडमास्टर ने एक छात्रा को इतनी बेरहमी से पीटा कि वह मौके पर ही बेहोश हो गई। घटना की सूचना गांव वालों ने डायल 112 को दी। सूचना मिलते ही 112 की टीम स्कूल पहुंची। छात्रा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। छात्रा, की हालत अब ठीक है। पीड़ित छात्रा ने कहा कि गुरुवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे हेडमास्टर ने बाल पकड़कर रजिस्टर से उसके सिर पर हमला किया। तेज चोट लगने की वजह से वह वहीं गिर गई और कुछ देर के लिए बेहोश हो गई। घटना के बाद जब स्कूल प्रशासन से संपर्क किया गया, तो हेडमास्टर से बात नहीं हो सकी। उनका फोन बंद मिला। स्थानीय अभिभावकों और ग्रामीणों के बीच हेडमास्टर के रवैये को लेकर आक्रोश है। लोगों ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से हेडमास्टर पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर स्कूल में ही बच्चों की सुरक्षा नहीं होगी, तो वे पढ़ाई के लिए कैसे भेजेंगे।

## एएसपी ने खिजरसराय थाना का किया निरीक्षण

**गया।** शुक्रवार को एएसपी ग्रामीण अनवर जावेद के द्वारा खिजरसराय थाने का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान एएसपी ने थाना प्रबंधन से संबंधित सभी गतिविधियों और थाने में संधारित की जाने वाली सभी संचिकाओं का गहन निरीक्षण किया तथा उन्हें अद्यतन और सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, वारंट/इश्तिहार/कुर्की एवं गंभीर शीर्ष के लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारी को त्वरित गति से निष्पादन करने तथा फरार/वांछित अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने सहित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ ने वेतन को लेकर किया प्रदर्शन

**गया।** शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ अपने विभिन्न मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।शुक्रवार को चौक टावर के पास मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोला और नारेबाजी की।इस क्रम में प्रदर्शनकारियों ने पुतला दहन भी किया।महासंघ का कहना है कि शैक्षणिक संस्थाओं को नियमित अनुदान और वेतन मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को विगत 40 वर्षों से नियमित वेतनमान देने की मांग को नीतीश सरकार अनसुनी कर रही है।जब तक वेतनमान नहीं दिया जाएगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।इस मौके पर अध्यक्ष प्रो. डॉ पुनेश्वर यादव, प्रो. विजय कुमार, प्रो. विजय कुमार सिन्हा, डॉ. पवन प्रकाश यादव, प्रो. संजय कुमार आदि रहे।

## सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठक

**आमस (गया)।** ईद व रामनवमी पर्व की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शुक्रवार को आमस थानेदार शैलेश कुमार ने सेक्टर पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विशेष प्लानिंग तैयार की है। एसएचओ ने सभी सेक्टर अधिकारियों को शराब करोबार से जुड़े धंधेबाज, माफिया, शराबी, असामानिक तत्वों पर विशेष नजर रखने व डीजे संचालकों को नोटिस करने का निर्देश दिया है। कहा जरूरत के हिसाब से गांव-टोलों में पुलिस बल की तैनाती कराएं। पूजा समितियां व ग्रामीणों के साथ बैठक कर सामंजस स्थापित कराने को भी कहा है। इसके बाद भी कहीं हुड़दंगई हुई तो वे जिम्मेवार होंगे।

## सपा की आदत है दोषियों को बचाने का : मंत्री डा. प्रेम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने अखिलेश यादव के ट्वीट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सपा का आदत सा बन गया है दोषियों को बचाने का। सपा के सांसद ने राणा सांगा को गाली दिया, अपशब्द कहा। यह कतई बर्दाश्त करने लायक नहीं है। ऐसे सांसद के खिलाफ या तो सपा नेता अखिलेश यादव कार्रवाई करें अथवा सार्वजनिक रूप से अपशब्द के लिए माफी मांगे। लीपा पोती ना करें। अपने सांसदों का बचाव करके सनातनियों का अपमान करना बंद करें। आप हिंदू समाज को गाली देकर किसकी तुष्टीकरण करना चाह रहे हैं। इस तरह की घटिया राजनीति करने वाले सांप्रदायिकता को बढ़ावा देते हैं। समाज में विष घोलते हैं। ऐसे लोगों को माफ नहीं किया जा सकता।

## बाल संरक्षण पर सभी हितधारकों के साथ बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देश पर शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सभागार में सेंटर डायरेक्ट स्वयंसेवी संस्था के सहयोग से बाल संरक्षण पर सभी हितधारको के साथ बैठक का आयोजन किया गया। सेंटर डायरेक्ट संस्था के कार्यकारी निदेशक सुरेश कुमार ने गया जिले में बढ़ रहे बच्चों के प्रति हिंसा और अपराध के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि बिहार का गया जिला बाल मजदूरी, बाल विवाह, बाल ब्यापार ज्वलंत मुद्दा बन गया है जो की हमारे लिए एक चिंतनिय है। उन्होंने कहा कि जो बच्चा स्कूल से वंचित है वैसे बच्चो को बाल श्रम में जाने की सम्भावना बढ़ जाती है तथा जो लड़किया स्कूल नहीं जा पाती है उन बच्चियों का बाल विवाह की सम्भावना बढ़ जाती है। इसी तरह जब कोई गरीब परिवार कर्ज की चपेट में आता है तो एसे स्थिति में वह परिवार और उनके के बच्चे बाल श्रम में जाने को मजबूर हो जाते है।सुरेश ने गया जिले के प्रवासन पर चर्चा की।डीपीओ शिक्षा विभाग के दुर्गा प्रसाद यादव ने कहा कि वार्ड और पंचायत स्तर पर बाल संरक्षण की बैठक में शिक्षा सेवक और वरीय शिक्षक को शामिल होने के लिए पत्र निर्गत किया जायेगा। डीपीओ (आईसीडीएस) रश्मि वर्मा ने कहा कि आप के परियोजना क्षेत्र के अंतर्गत आँगनवाड़ी सेन्टर से जो भी मदद की आवश्यकता है उसका एक मांग पत्र बना के हमें दिया जाये जिससे मै आगे बाल संरक्षण के मुद्दों पर सहयोग कर सके तथा वार्ड और पंचायत स्तर पर गठित सी पी सी को मदद मिल सके। श्रीमती वर्मा ने योजनाओ के बारे में जानकारी देते हुए कहा हमारे विभाग के माध्यम से मातृत्व बन्दन योजना, परवरिस योजना, रास्ट्रीय क्रेच (शिशु गृह) योजना टी एच आर जैसे कई कल्याणकारी योजन्यो का सफल सञ्चालन किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा पदाधिकारी शैलेश कुमार ने कहा कि मेरे द्वारा आगामी माह में पीएमजेएवाई का पंचायत स्तर पर कैम्प लगाया जायेगा जिसमे आप सभी अपने अपने कार्य क्षेत्र में वैसे वंचित परिवार जिनका पीएमजेएवाई कार्ड नहीं बना पाया है उन सभी को गावो में जन जागरूकता अभियान चला कर लोगो को लाभान्वित करने का कार्य किया जायेगा जिसमे पंचायत और वार्ड स्तर के पंचायत प्रतिनिधि को भी शामिल किया जायेगा। कल्याण विभाग से प्रतिनिधित्व कर रहे संजय कुमार ने बताया कि वैसे बच्चे जो शिक्षा से वंचित है उन सभी बच्चो को स्कूल से जोड़ने का कार्य पंचायत और वार्ड स्तर पर विकासमित्र के द्वारा किया जा रहा है जिसकी नियमित मॉनीटरिंग हमारे विभाग के द्वारा किया जाता है। जिला पंचायती राज विभाग से प्रतिनिधित्व कर रहे अग्रसर राज ने बताया कि प्रखंड स्तर, पंचायत स्तर और वार्ड स्तर पर पंचायती राज विभाग की अहम्‍ भूमिका है क्योंकि जब हम बाल संरक्षण की बात करते है तो कही न कही पंचायत की अहम्‍ भूमिका हो जाती है।

## डीएम ने सुनी लोगों की फरियाद, दिये निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** डीएम का जनता दरबार स्थगित रहने के बाद भी समाहरणालय में अनेकों आवेदक आने की सूचना पर डीएम डॉ0 त्यागराजन एसएम स्वयं समाहरणालय पहुंचकर लोगों की समस्याओं को सुना है।डीएम ने लगभग 450 से अधिक व्यक्तियों के मामले को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को जांच यथाशीघ्र कराते हुए जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। आवेदकों के कई मामलों में डीएम द्वारा जिले के वरीय पदाधिकारी यथा डीडीसी, एडीएम, एसडीओ संबंधित प्रखंड के नामित जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि द्वारा मामले को जांच करने का भी जिम्मा दिया गया है। जनता दरबार में प्रधानमंत्री आवास / मुख्यमंत्री आवास योजना से संबंधित आए मामलों को डीएम ने डीडीसी/ डीआरडीए को संबंधित आवेदनों को यथाशीघ्र जांच करते हुए पात्रता रखने वाले व्यक्तियों को प्रधानमंत्री/ मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ देने हेतु अग्रेतर कार्य करने का निर्देश दिया।जनता दरबार में कई व्यक्तियों ने भूमि विवाद, आपसी बटवारा, अतिक्रमण, जमीन संबंधी दिक्कते आदि से संबंधित आवेदन दिए।उन सभी आवेदन के आलोक में डीएम ने संबंधित सीओ तथा थानाध्यक्ष एवं एसडीओ तथा डीएसपी के अध्यक्षता में थाना स्तर एवं अनुमंडल स्तर पर हर शनिवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार में दोनों पक्षों के व्यक्तियों को बुलाकर संबधित मामलों को प्राथमिकता देते हुए निराकरण कराने का निर्देश दिए। जनता दरबार में जमीन से संबंधित अत्यधिक मामले को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने आए आवेदनों को सभी डीसीएलआर को निर्देश दिया कि अच्छे तरीके से आए आवेदनों को जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमानुसार उचित कार्रवाई करने हेतु आदेशित करें। इसके साथ ही प्राप्त कई आवेदनों के विरुद्ध वरीय पदाधिकारी नामित कर जांच हेतु निर्देशित किया है। साथ ही जांच पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि प्राप्त आवेदन को अधिकतम 7 दिनों में जांच करते हुए दोषी कर्मी/ पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई हेतु प्रेषित करे। जनता दरबार में कई व्यक्ति परिमार्जन के संबंध में आवेदन दिए जिस पर डीएम ने संबंधित सीओ एवं आरओ को सख्त निर्देश दिया कि परिमार्जन हेतु लंबित आवेदनों को तेजी से निष्पादन करें। जनता दरबार में जमीन से संबंधित आये मामलों में डीएम ने सभी सीओ को कहा कि ये आम जनता ज्यादातर गाँव के ही होते हैं और किसान होते है, इन्हें सरकारी कागजी प्रक्रिया के बारे में हर तरह से मदद करे। जरूरत पड़े तो ग्रामीणों की जो उनकी समस्या है, उसके आलोक में उन्हें आवेदन लिखवाने में मदद करे, किसी को बेवजह दौड़ना न पड़े इसका पूरा ख्याल रखें। जनता दरबार मे मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना संबंधित वंचित आवेदक आये देख, डीएम ने एडीएम (राजस्व) को निर्देश दिया है कि आवेदनों को जांच करते हुए पात्रता रखने वाले आवेदकों को मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना का लाभ दिलवाए।

## अप्राकृतिक यौनाचार का आरोपित शिक्षक गया जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** प्रखण्ड क्षेत्र के एक प्राथमिक विद्यालय में पदस्थापित शिक्षक अनिल कुमार शर्मा अपने हीं विधालय के एक आठ वर्षीय बालक के साथ अप्राकृतिक यौनाचार करने के आरोपित को थानाध्यक्ष चाहत कुमार ने शुक्रवार की अहले सुबह गुरारू बाजार से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में बालक ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि उक्त आरोपी शिक्षक द्वारा विधालय अवधि समाप्त हो जाने पर बहला-फुसलाकर विधालय के कार्यालय में ले गया और डरा-धमकाकर उसके साथ यह घिनौना काम किया। बच्चा द्वारा अपने माता-पिता को इस घटना के संबंध में बताये जाने पर माता-पिता गंभीर हुए और प्राथमिकी दर्ज कराया गया। गौरतलब है कि आरोपी शिक्षक तीन बच्चों का पिता है। यह पहरा पंचायत के गोंडी गांव का रहने वाला है। इसकी न्युक्ति वर्ष 2005 में पंचायत शिक्षक के रूप में हुई थी और गुरारू बाजार के अंदर बगडीहा मोहल्ला में मकान बना कर परिवार के साथ रहता है। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने मामला की पुष्टि करते हुए बताया कि पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उक्त आरोपी को जेल भेज दिया गया । इस शिक्षक के करतुत से पुरा शिक्षक समुदाय लज्जित महसूस कर रहा है।

## प्राध्यापक डॉ अनिंद्य देब का स्वास्थ्य संचार पर लेख हेल्थ कम्युनिकेशन अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी (गया)।** विश्व के कई विकासशील देशों में शिशु पोषण आज भी एक प्रमुख स्वास्थ्य मुद्दा है। शिशुओं को सही पोषण सुनिश्चित करने में स्वास्थ्य साक्षरता की अहम भूमिका होती है। दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के मीडिया विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अनिंद्य देब एवं उनके शोधार्थी डॉ. आयुष आनंद द्वारा इस बहुमूल्य विषय पर लिखा गया शोध लेख विश्व प्रसिद्ध जर्नल हेल्थ कम्युनिकेशन, टेलर एंड फ्रांसिस, राउटलेड्ज में प्रकाशित किया गया है। इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह, कुलसचिव प्रो नरेंद्र कुमार राणा, मीडिया विभाग के डीन एवं विभागाध्यक्ष प्रो के. शिव शंकर के साथ-साथ विभाग के अन्य प्राध्यापकों ने डॉ. अनिंद्य देब को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। जन सम्पर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि डॉ. अनिंद्य देब ने अपने शोधार्थी डॉ. आयुष आनंद के साथ यह शोध गया जिला के सीआडीह गाँव में किया। इस उपलब्धि पर डॉ. अनिंद्य ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि 2.5 साल की कड़ी मेहनत और शोध की गुणवत्ता की कठोर समीक्षा के बाद 3.5 इम्पैक्ट फैक्टर के अंतर्राष्ट्रीय जर्नल में लेख का प्रकाशित होना काफी हर्ष और संतोष का विषय है। हमने शोध के दौरान सहभागी ग्रामीण संचार मूल्यांकन द्वारा एक ऐसा संचार विधि विकसित किया जो ग्रामीण क्षेत्रों के वंचित वर्गों में शिशु आहार स्वास्थ्य साक्षरता को सशक्त करने में प्रभावशाली रहा। इस शोध का उद्देश्य ग्रामीण समुदायों में स्वास्थ्य साक्षरता को सुदृढ़ करना और कमजोर वर्ग की आवाज को मजबूत बनाना है।डॉ. अनिंद्य ने बताया कि सहभागी ग्रामीण संचार मूल्याड्कन एक ऐसा विधि है जिसमे शोधकर्ता ग्रामवाशियों के साथ एक टीम की तरह काम करता है। समस्याओं को परिभाषित करने से लेकर उनका हल ढूढ़ने और निवारण करने जैसे हर प्रक्रिया में ग्रामीणों की बराबर सहभागिता सुनिश्चित करना शोधकर्ता का प्रमख उद्देस्य होता है।

## बिहार में पांचवा स्थान प्राप्त अर्चना मिश्रा के प्रदर्शन से जिला स्कूल में हर्ष का माहौल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** प्लस टू जिला स्कूल, गया की छात्रा अर्चना मिश्रा ने बिहार इंटरमीडिएट एग्जाम 2025 आर्ट्स विषय में पुरे बिहार में पांचवा स्थान पर रहने वाली अर्चना मिश्रा के इस बेहतर प्रदर्शन के चलते जिला स्कूल परिवार में हर्ष का माहौल है उसनें न केवल अपने परिवार एवं जिला स्कूल का मान बढ़ाया है बल्कि गया जिला और पुरे बिहार का भी मान बढ़ाया। प्रभारी प्राचार्य ब्रजेश कुमार एवं शिक्षकों ने बताया कि अर्चना मिश्रा बचपन से ही मेधावी रही है, वह पढ़ने में बहुत अच्छी है और रेगुलर क्लास करती रही है हमेशा मासिक परीक्षा में शामिल हुई है और यही लगन और परिश्रम उसे इस मुकाम तक लाने में सफल रहा है। पुरा स्कूल परिवार अर्चना मिश्रा की उज्जवल भविष्य की कामना करता है। अर्चना मिश्रा ने यह भी बताया कि उसके इस उपलब्धि का श्रेय राजनीति विज्ञान के उच्च-माध्यमिक शिक्षक मुकेश प्रसाद वर्मा को देती है कि समय समय पर उनका मार्गदर्शन मिलता रहा या विद्यालय स्तर पर जो भी आवश्यकता होती है उस स्तर पर सहयोग करते रहें। वहीं दूसरी उपलब्धि ग्यारहवी वर्ग के जीतू कुमार ने हासिल किया, बिहार दिवस के अवसर पर विद्यालय स्तर से लेकर जिला स्तर पर क्विज प्रतियोगिता में चयनित होकर राज्य स्तर पर पंहुचा और राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रमोद कुमार शिक्षक के मार्गदर्शन में प्राप्त किया, जीतू कुमार ने भी इस सफलता का क्रेडिट मुकेश प्रसाद वर्मा को दिया और कहा की भले छात्र का मेहनत होता है पर रास्ता दिखलाना मार्गदर्शन करना प्रेरित करने का काम गुरु का होता है और शिक्षण संस्थान में वर्मा सर का बहुत योगदान है हमेशा मार्गदर्शन मिलता है और वह भी केवल मुझे नहीं बल्कि सभी स्टूडेंट्स को मिलता है उन्हें आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास दोनों शिक्षकों के द्वारा किया जाता रहा है।दोनों छात्रों को मिठाई खिलाया गया उन्हें कुछ पुस्तकें, कलम, मेडल से सम्मानित किया गया, उनके सफल एवं उज्जवल भविष्य के लिए पुरा विद्यालय परिवार कामना करता है और ऐसे ही जहां जाये अपना परचम लहराते रहें आशीर्वाद देता है।

## बकाया बिल के कारण कटा बिजली कनेक्शन

**मसौढ़ी (नबिटा संवाददाता)।** मसौढी मे ग्रामीण क्षेत्रो में बिजली विभाग ने नल जल योजना का लाखों रुपए का बिल बकाया होने पर कनेक्शन काटे जा रहे है।। इसके चलते ग्रामीणों को पीने के पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में पानी की समस्या से निपटने में ग्राम पंचायत भी बेबस नजर आ रही है। बिजली जेईई रंजीत कुमार ने बताया कि मसौढी में तकरीबन 30 लख रुपए से अधिक बिजली बिल बकाया है, जिसको लेकर जिला प्रशासन के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को मसौली के चपौर पंचायत के 14 वार्ड, निशियामा पंचायत के चार वार्ड, नुरा पंचायत के एक पंचायत आदि जगहों की बिजली काटी गई।

## ईद, रामनवमी और चैती छठ को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज (गया)।** क्षेत्र के थाना परिसर में शुक्रवार को ईद, रामनवमी और चैती छठ पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा ने की। बीडीओ प्रभाकर सिंह, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बुद्धिजीवी शामिल हुए। बीडीओ ने कहा कि इस बार ईद, छठ एवं रामनवमी का पर्व एक साथ दो तीन दिनों के अंतराल में पड़ रहा है, अतः इस पावन मौके पर आपसी भाईचारे एवं शौहार्दपूर्ण वातावरण के साथ ख़ुशी ख़ुशी पर्व मनाये। उन्होंने कहा कि छठ घाटों पर साफ-सफाई, बिजली, पेयजल और चेंजिंग रूम की व्यवस्था की जाएगी। रामनवमी के जुलूस के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा और बिना अनुमति जुलूस निकालने वालों पर कार्रवाई होगी। वज़ीरगंज थानाध्यक्ष श्री ओझा ने कहा कि ईद, चैती छठ एवं रामन्वमी को लेकर असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी इसके लिए विशेष पुलिस बल की तैनाती की जायेगी और डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। इस मौके पर प्रखंड के कई जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्धजन सहित आम ग्रामीण जनता मौजूद थे।


**बिहार सरकार**

श्रम संसाधन विभाग
प्राचार्य का कार्यालय – राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, औरंगाबाद

**विज्ञापन विवरणी**

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजनाः– इस योजना का उद्देश्य पॉच साल कें शीर्ष 500 कम्पनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप का अवसर प्रदान करना है। इस योजना के माध्यम से युवाओं को 12 महीने तक विभिन्न व्यवसायों और रोजगार के अवसरों में वास्तविक जीवन के कारोबारी माहौल का अनुभव मिलेगा। इस योजना को कोरपोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विकसित एक (https://pminternship.mca.gov.in) पोर्टल के माध्यम से क्रियान्वित किया जायेगा।

अतः राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों से अपील है कि उपरोक्त पोर्टल पर पंजीयन सुनिश्चित कराते हुए इस योजना का लाभ उठाएं।

PR. No. 22854 (LRD) 2024-25

प्रभारी प्राचार्य
राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, औरंगाबाद

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



**बिहार सरकार**

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, औरंगाबाद**
(सामान्य शाखा)
**Demolish निविदा सूचनाः–**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत बारूण थाना परिसर में अवस्थित पुराना जर्जर बैरक एवं पुराना जर्जर थाना भवन जो कि जर्जर स्थिति में है, उसे पूर्ण रूपेण तोड़ने एवं उसके पश्चात टूटे हुए भवन का सभी तरह का सामग्री (उपयोगी एवं अनुपयोगी/मलबा इत्यादि) को स्थल से पूर्णरूप से हटाने के लिए निलामी किया जा रहा है। निलामी की न्यूनतम राशि एवं विवरणी नीचे अंकित कार्यो का विवरणी तालिका के अनुरूप होगी। निलामी की बोली दिनांक– 21.04.2025 को समय–11:00 AM बजे में पुलिस अधीक्षक कार्यालय, औरंगाबाद में किया जाएगा। इस कार्य हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है।

1. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम :– पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद।
2. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–20.04.2025 समय–06:00 PM
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 21.04.2025 समय– 11:00 AM
4. निविदा प्राप्ति का स्थान/कार्यालय :– पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, औरंगाबाद।
5. कार्यो का विवरणी :–

| क्र0स0 | कार्य का विवरण – औरंगाबाद जिलान्तर्गत बारूण थाना परिसर में निम्नलिखित जर्जर सरकारी आवासीय भवन की निलामी | निलामी की न्यूनतम राशि(रूपया) | जमानत की राशि (रूपया) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पुराना जर्जर बैरक | 12,976/– | 100/– | 15 दिन |
| 2. | पुराना जर्जर थाना भवन | | | |

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 22856 (Police) 2024-25

पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

संपादकीय

## प्रधानमंत्री मोदी का ईदी गिफ्ट!

इस बार ईदुल फितर पर भाजपा द्वारा देश में 32 लाख मुसलमानों को बतौर ईदी सौगात- ए- मोदी का वितरण भले ही एक सुनियोजित सियासी चाल हो, लेकिन इसने मुस्लिम वोटों की ठेकेदार पार्टियों में खलबली मचा दी है। सौगात- ए- मोदी का आगामी चुनावों में भाजपा के पक्ष में और मोदी के समर्थन में वोटों में परिवर्तन कितना होता है, यह कहना मुश्किल है, लेकिन यह भाजपा का स्मार्ट मूव है, इसमे दो राय नहीं। दरअसल मुसलमानों के पवित्र माह रमजान के आखिरी हफ्ते में भाजपा ने यह चाल चलकर खलबली मचा दी कि वह देश में अल्पसंख्यकों का दिल जीतने के लिए बड़े पैमाने पर तोहफे बांटेगी। यूं तो इस तरह के तोहफे ईसाइयों, सिखों और बौद्धों आदि को भी बांटने की बात है, लेकिन चूंकि देश में मुस्लिम सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समुदाय है और जिसे घोर भाजपा और मोदी विरोधी माना जाता है, को तोहफे देना अपने आप में हैरान करने वाली बात है। बताया जा रहा है कि देश की योजना 32 हजार मस्जिदों से प्रति मस्जिद 100 किट बांटने की है। इस महाभियान की शुरूआत मंगलवार से हुई। तोहफे बांटने की जिम्मेदारी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे को सौंपी गई है। मोर्चे के 32 हजार कार्यकर्ता देश की 32 हजार मस्जिदों के साथ मिलकर जरूरतमंदों तक ये किट पहुंचाएगी। सौगात-ए-मोदी किट में कपड़े और खाने-पीने का सामान है। इसमें महिलाओं के लिए सूट, पुरुषों के लिए कुर्ता-पायजामा, दाल, चावल, सेवई, सरसों तेल, चीनी, कपड़े, मेवा, खजूर शामिल हैं। प्रत्येक किट की कीमत 500 से 600 रू. के करीब बताई गई है। इस हिसाब से भाजपा 160 करोड़ रू. खर्च करेगी।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर त्योहार के जश्न और हर किसी की खुशी में शामिल होते हैं। हम हर त्योहार को रंगों से भरपूर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। आज हम सौगात-ए-मोदी किट बांट रहे हैं। क्योंकि यह रमजान का महीना है। सभी की आस्था का सम्मान किया जाना चाहिए। भाजपा और एनडीए के कुछ नेताओं ने इसे प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास' का सुफल बताया है। लेकिन विपक्ष इस चाल के पीछे राजनीतिक मंशा भांप रहा है। विपक्षी नेताओं का कहना है कि पीएम ईद का गिफ्टो नहीं दे रहे बल्कि सीधे तौर पर बदले में वोट मांग रहे हैं। विपक्षी नेताओं का कहना है कि सरकार मुसलमानों को गिफ्ट बांटने की जगह उन्हें रोजगार वगैरह दिलवाए। बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी इसे राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित बताया है। कुछ मुस्लिम नेताओं ने इसका स्वागत भी किया है। हालांकि राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है कि भाजपा द्वारा इस तरह पहली बार ईदी बांटने के पीछे असली निशाना बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव हैं। बिहार में 18 फीसदी मुस्लिम वोट है, जिसका बड़ा हिस्सा राजद को और बाकी भाग कांग्रेस, जद यू और लोजपा को मिलता है। भाजपा गिफ्ट बांटकर यह संदेश देना चाहती है कि वह मुसलमानों की विरोधी नहीं है। वह यह भी जानती है कि बिहार में हिंदू मुसलमान वाली राजनीति नहीं चलती। हालांकि इस गिफ्ट पॉलिटिक्स से भाजपा को चुनाव में कितना मुस्लिम वोट मिलेगा, कहना मुश्किल है, लेकिन अगर वह 10-15 फीसदी वोट भी काट पाई तो चुनाव नतीजे बदल सकते हैं। यूं केन्द्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाएं भी सभी के लिए हैं। मुसलमान भी उनका भरपूर फायदा उठाते हैं। लेकिन जब वोट देने की बात आती है तो वो अमूमन लामंबद होकर भाजपा को हराने के लिए वोट करते हैं। इस प्रवृत्ति को तोड़ना आसान नहीं है। फिर भी भाजपा के इस मूव से विपक्षी पार्टियां चिंता में जरूर पड़ गई हैं।

# कैसे रूक पायेगा राजनीति में बढ़ता अपराधीकरण

**हमारे देश के राजनेताओं में दिन-प्रतिदिन नैतिकता कम होती जा रही है। कई बड़े नेता आए दिन विवादास्पद बयान देखकर चर्चाओं में बने रहते हैं। वहीं बहुत से निर्वाचित विधायकों, सांसदों, मंत्रियों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों पर अपराधिक मामले दर्ज हो रहें हैं। जिससे राजनीति के क्षेत्र में काम करने वालों की छवि खराब होती जा रही है। देश की राजनीति में आज अपराध का इतना घालमेल हो गया है कि पता ही नहीं चलता कि कौन सा जनप्रतिनिधि अपराधी है और किसकी छवि स्वच्छ है। अपराधी प्रवृत्ति के लोगों के नेता बनने से जहां राजनीतिक दागदार हुई है। वहीं नेताओं की जनता की दूरी भी बढ़ने लगी है। मौजूदा समय में राजनीतिक व्यवसाय बन चुकी है। राजनीति में वही लोग सफल होते हैं जो या तो बड़े नेताओं के परिवार से है या फिर बहुत पैसे वाले हैं। राजनीति के क्षेत्र में अब सेवा, संगठन, वफादार कार्यकर्ताओं का कोई महत्व नहीं रह गया है। राजनीति पूरी तरह पैसों की चकाचौंध में लिप्त हो गई है।**

**रमेश सर्राफ धमोरा**

एक समय था जब धरातल पर काम करने वाला पार्टी कार्यकर्ता आगे चलकर जनप्रतिनिधि बनता था। जमीन से उठकर आगे आने वाला नेता आम जनता से जुड़ा रहता था और वह जनता के सुख-दुख से वाकिफ भी होता था। इसलिए वह आमजन के हित में काम करता था। मगर अब लोग पैसे के बल पर पैराशूट से उतरकर राजनीति करने लगे हैं। वह पैसे के बल पर ही चुनाव जीत जाते हैं। इसलिए उन्हें आमजन की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं रहता है। ऐसे नेता पांच सितारा संस्कृति के वाहक होते हैं। ऐसे नेता राजनीति में आने के लिए पहले खूब पैसा खर्च करते हैं और जब किसी पद पर पहुंच जाते हैं तो जमकर भ्रष्टाचार कर पैसा कमाते हैं। ऐसे लोगों के कारण ही आज राजनीति समाज सेवा की बजाय व्यवसाय बन गई है।

1971 के लोकसभा चुनाव में झुंझुनू सीट पर देश के सबसे बड़े औद्योगिक घराने के कृष्ण कुमार बिड़ला को हराने वाले शिवनाथ सिंह गिल को मैंने 1998 से 2003 में विधायक के रूप में देखा है। वह अपने क्षेत्र से जयपुर जाते या अपने घर से विधानसभा जाते हमेशा सरकारी बस का ही उपयोग करते थे। कभी निजी गाड़ियों से नहीं घूमते थे। इसी के चलते उन्होंने राजनीति में 50 साल लंबी पारी खेली थी। वह ईमानदार थे इसीलिए ईमानदारी से रहते थे। आज हम देखते हैं कि राजनीतिक दलों के छोटे-छोटे कार्यकर्ता भी कई लाख रूपयों की महंगी गाड़ियों में घूमते हैं। पार्टी का कोई नेता उनसे यह नहीं पूछता है कि इतनी महंगी गाड़ियां खरीदने के लिए पैसे कहां से आता है। सबको पता है की राजनीति में आज छूट-भैया नेता भी सत्ता की दलाली में पैसा कमा रहे हैं। दलाली के पैसों में बड़े नेताओं का भी हिस्सा होता है। इसीलिए उनकी तरफ कोई अंगुली नहीं उठाता हैं। चुनाव सुधार पर काम करने वाली एक गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की एक रिपोर्ट में सामने आया है कि देश के 45 प्रतिशत विधायकों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस संगठन ने देश के 28 राज्यों और विधानसभा वाले तीन केंद्र शासित प्रदेशों के कुल 4123 विधायकों में से 4092 के चुनावी हलफनामे का विश्लेषण किया है। जिसमें आंध्र प्रदेश के सबसे ज्यादा 174 में से 138 यानी 79 प्रतिशत विधायकों ने जबकि सिक्किम में सबसे कम 32 में से सिर्फ एक विधायक 3 प्रतिशत ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। तेलुगु देशम पार्टी के सबसे ज्यादा 134 विधायकों में से 115 यानि 86 प्रतिशत पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। उक्त रिपोर्ट से पता चला कि 1861 विधायकों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है। इसमें 1205 पर हत्या, हत्या की कोशिश, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर आरोप हैं।



रिपोर्ट के अनुसार 54 विधायकों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत हत्या के आरोप हैं। वहीं 226 पर धारा 307 और भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 के तहत हत्या की कोशिश के आरोप हैं। इसके अलावा 127 विधायकों पर महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामले दर्ज हैं। इनमें 13 पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 376 और 376 (2)(द) के तहत बलात्कार का आरोप है। धारा 376 (2)(द) एक ही पीड़ित के बार-बार यौन उत्पीड़न से संबंधित है।

एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट के अनुसार 543 लोकसभा सदस्यों में से 251 (46 प्रतिशत) के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। उनमें से 27 को दोषी ठहराया गया है। रिपोर्ट के अनुसार लोकसभा में चुने जाने वाले आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे उम्मीदवारों की यह सबसे बड़ी संख्या है। कुल 233 सांसदों (43 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए थे। जबकि 2014 में 185 (34 प्रतिशत), 2009 में 162 (30 प्रतिशत) और 2004 में 125 (23 प्रतिशत) सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। 2024 में लोकसभा के लिये चुने गये 251 उम्मीदवारों में से 170 (31 प्रतिशत) पर बलात्कार, हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध सहित गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। विश्लेषण से पता चला कि यह 2019 में 159 (29 प्रतिशत) सांसदों, 2014 में 112 (21 प्रतिशत) सांसदों और 2009 में 76 (14 प्रतिशत) सांसदों की तुलना में भी वृद्धि है। एडीआर के अनुसार 18वीं लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी बीजेपी के 240 विजयी उम्मीदवारों में से 94 (39 प्रतिशत) ने आपराधिक मामले घोषित किए हैं। कांग्रेस के 99 विजयी उम्मीदवारों में से 49 (49 प्रतिशत) ने आपराधिक मामले घोषित किए हैं और समाजवादी पार्टी के 37 उम्मीदवारों में से 21 (45 प्रतिशत) पर आपराधिक आरोप हैं। विश्लेषण में पाया गया कि 63 (26 प्रतिशत) बीजेपी उम्मीदवार, 32 (32 प्रतिशत) कांग्रेस उम्मीदवार और 17 (46 प्रतिशत) समाजवादी पार्टी उम्मीदवारों ने गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। इसमें कहा गया है कि सात (24 प्रतिशत) टीएमसी उम्मीदवार, छह (27 प्रतिशत) डीएमके उम्मीदवार, पांच (31 प्रतिशत) टीडीपी उम्मीदवार और चार (57 प्रतिशत) शिवसेना उम्मीदवार गंभीर आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार केरल के 20 में से 19 (95 प्रतिशत) सांसदों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं जिनमें से 11 गंभीर अपराधों से जुड़े हैं। तेलंगाना के 17 में से 14 (82 प्रतिशत), ओडिशा के 21 में से 16 (76 प्रतिशत), झारखंड के 14 में से 10 (71 प्रतिशत) और तमिलनाडु के 39 में से 26 (67 प्रतिशत) सांसदों के खिलाफ आपराधिक मुकदमे लंबित हैं। वहीं उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में लगभग 50 प्रतिशत सांसदों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। दूसरी ओर हरियाणा 10 और छत्तीसगढ़ 11 सांसद में केवल एक-एक सांसद पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पंजाब के 13 में से 2, असम के 14 में से 3, दिल्ली के 7 में से 3, राजस्थान के 25 में से 4, गुजरात के 25 में से 5 और मध्य प्रदेश के 29 में से 9 सांसदों पर आपराधिक मामले लंबित हैं।

एक जनवरी 2025 तक वर्तमान या पूर्व विधायकों के खिलाफ कुल 4,732 आपराधिक मामले लंबित थे। इनमें सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश में 1,171 मामले दर्ज हैं। ओडिशा (457), बिहार (448), महाराष्ट्र (442), मध्य प्रदेश (326), केरल (315), तेलंगाना (313), कर्नाटक (255), तमिलनाडु (220), झारखंड (133) और दिल्ली (124) मुकदमे लंबित हैं। उपरोक्त आंकड़ों को देखने से लगता है कि हमारे देश की राजनीति में आपराधियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। यदि समय रहते इस पर लगाम नहीं लगाई गई तो यह देश के लिए एक बड़ा नासूर बन जाएगी। एक समय ऐसा होगा जब राजनीति का पूरी तरह अपराधीकरण हो जाएगा और स्वच्छ छवि के लोग राजनीति से दूर होते चले जाएंगे। ऐसी स्थिति देश के लिए अच्छी नहीं होगी। सरकार को भी इस दिशा में कड़े कदम उठाने होंगे तभी राजनीति में बढ़ती अपराधियों की संख्या पर लगाम लग पाएगी।

अध्यात्म

## सेवा भाव ना भूलें क्षमाशील बनें

एक राजा था, उसने 10 खूंखार जंगली कुत्ते पाल रखे थे। जिनका इस्तेमाल वह लोगों को उनके द्वारा की गयी गलतियों पर मौत की सजा देने के लिए करता था एक बार कुछ ऐसा हुआ कि राजा के एक पुराने मंत्री से कोई गलती हो गयी।

अतः क्रोधित होकर राजा ने उसे शिकारी कुत्तों के सम्मुख फिकवाने का आदेश दे डाला। सजा दिए जाने से पूर्व राजा ने मंत्री से उसकी आखिरी इच्छा पूछी।

राजन ! मैंने आज्ञाकारी सेवक के रूप में आपकी 10 सालों से सेवा की हैज्मैं सजा पाने से पहले आपसे 10 दिनों की मोहलत चाहता हूँ ।

मंत्री ने राजा से निवेदन किया राजा ने उसकी बात मान ली। दस दिन बाद राजा के सैनिक मंत्री को पकड़ कर लाते हैं और राजा का इशारा पाते ही उसे खूंखार कुत्तों के सामने फेंक देते हैं। परंतु यह क्या कुत्ते मंत्री पर टूट पड़ने की बाजए अपनी पूँछ हिला-हिला कर मंत्री के ऊपर कूदने लगते हैं और प्यार से उसके पैर चाटने लगते हैं।

राजा आश्चर्य से यह सब देख रहा था उसने मन ही मन सोचा कि आखिर इन खूंखार कुत्तों को क्या हो गया है ? वे इस तरह क्यों व्यवहार कर रहे हैं ?

आखिरकार राजा से रहा नहीं गया उसने मंत्री से पुछाज् ये क्या हो रहा है, ये कुत्ते तुम्हे काटने की बजाये तुम्हारे साथ खेल क्यों रहे हैं?

राजन! मैंने आप से जो 10 दिनों की मोहलत ली थी, उसका एक-एक क्षण मैं इन बेजुबानो की सेवा करने में लगा दिया। मैं रोज इन कुत्तों को नहलाता, खाना खिलाता व हर तरह से उनका ध्यान रखता।

ये कुत्ते खूंखार और जंगली होकर भी मेरे दस दिन की सेवा नहीं भुला पा रहे हैं परंतु खेद है कि आप प्रजा के पालक हो कर भी मेरी 10 वर्षों की स्वामीभक्ति भूल गए और मेरी एक छोटी सी त्रुटि पर इतनी बड़ी सजा सुन दी!

राजा को अपनी भूल का एहसास हो चुका था, उसने तत्काल मंत्री को आज़ाद करने का हुक्म दिया और आगे से ऐसी गलती ना करने की सौगंध ली।

कई बार इस राजा की तरह हम भी किसी की बरसों की अच्छाई को उसके एक पल की बुराई के आगे भुला देते हैं।

यह कहानी हमें क्षमाशील होना सिखाती है, ये हमें सबक देती है कि हम किसी की हज़ार अच्छाइयों को उसकी एक बुराई के सामने छोटा ना होने दें।

# देश के लिए अमीरी भी है एक बड़ी समस्या...

**गरीबी देश में नई समस्या नहीं है। पहले भी सरकारें गरीबी हटाने को प्राथमिकता देती रही है। लेकिन वर्तमान में बढ़ती अमीरी और उसके प्रभाव ने गरीबी को और जटिल बना दिया है। अपनी आर्थिक शक्ति के प्रयोग से यदि आमिर अपने हितों को बढ़ाते रहे तो समाज के बाकी लोग अनदेखे रह जाएंगे। यदि हमारे संसाधन, सत्ता, सिस्टम और सुविधाएं कोई एक तबके या वर्ग की सेवा में लगे रहेंगे तो जिम्मेदारी के अन्य काम उपेक्षित रहेंगे। गाँधी जी ने ट्रस्टीशिप का विचारदेते हुए कहा था कि अमीर हमारे ऐसे पुत्र हैं जो सफल हैं और अधिक धन कमाते हैं। उन्हें अपनी सपूर्ण जरूरतें पूरी करने के बाद बचा हुआ धन समाज के लिए लगा देना चाहिए। बचे हुए धन को समाज की अमानत समझना चाहिए। अपने धन के वे ट्रस्टी होंगे और उनकी मर्जी से वह धन समाज कल्याण के लिए खर्च होगा।**

**जवाहर चौधरी**

भारत में गरीबी एक बड़ी समस्या रही है, अब और विकराल है, अस्सी करोड़ लोगों को मुफ़्त राशन देना पड़ रहा है। लेकिन आधुनिक भारत में अमीरी भी बड़ी दिक्कत है। समानता, न्याय और कल्याण के घोषित लक्ष्य रखने वाले हमारे देश में 10 सबसे बड़े अमीरों के पास इतनी संपत्ति है कि देश के 25 वर्ष तक के सारे (लगभग 65 करोड़) बच्चों को उच्च शिक्षा मुफ़्त दी जा सके। यह भी चौंकाने वाला आंकड़ा है की अकेले 21 अमीरों के पास इतना धन है जितना कि 70 करोड़ भारतीयों के पास है। सारे अमीर असहिष्णु नहीं हैं लेकिन ज्यादातर लाड़ले-अमीर कानून और नियमों का, ईमानदारी व नैतिकता का सम्मान प्रायः नहीं करते हैं। अपने प्रभाव से आर्थिक संस्थानों में गलियां निकालकर वे अपना हित साधते हैं और जिम्मेदारी के समय गायब हो जाते हैं। सब जानते हैं कितने लाडले देश का पैसा लेकर भाग गए हैं। ये अमीर लोन लेते हैं और जमा नहीं करते बाद में येन-केन माफी करवा लेते हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2022-23 में 2 लाख करोड़ से अधिक की ऋण माफी हुई। 2023-24 में भी 1.7 लाख करोड़ ऋण माफ किए गए। राजनीतिक दलों को उद्योगपतियों और अमीरों से बड़ा चंदा मिलता है। घोषित सरकारी आंकड़ों के अनुसार सत्ता में रहने वाले दलों को अधिक चंदा मिलता है। छः हजार करोड़ एक ही पार्टी को मिला! चंदा देने वाले प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से राजनीति को भी प्रभावित करते हैं और अपने हित में फैसला करवा लेते हैं। नीति और योजनाएं भी उद्योगपति व अमीरों को ध्यान में रखकर बनाना पड़ जाती हैं। उन्हें अनेक सुविधाएं, छूट आदि भी देना पड़ती हैं। यह भी एक सच्चाई है कि भ्रष्टाचार का एक महालोक अमीरों के कारण अस्तित्व में है। आमजन को कानून का डर सबसे ज्यादा होता है। समृद्ध और प्रभावी तबका कानून को कुछ नहीं समझता है। उसके पास किसीको भी खरीद लेने के लिए धन और कानून से लड़ने वाले कमांडो होते हैं। वह सिस्टम में ड्राइविंग सीट पर दिखाई भले ही ना देता हो पर होता वहीं है।

हमारे लाडले अमीर ग्लोबल विलेज को पूरी तरह से भोगते हैं। दुनिया में अनेक जगहों पर उनकी पहुंच होती है, विशेषकर उन देशों में भी जहां टैक्स हेवन की सुविधा मिलती है। देश से कमाया और बटोर हुआ धन वे विदेश में जमा कर सुरक्षित हो लेते हैं। करोना महामारी काल में लाखों लोग मरे, बेरोजगार हुए, लेकिन (ऑक्सफैम इंडिया कि रिपोर्ट के अनुसार) भारतीय अमीरों की संपत्ति में 35 प्रतिशत का इजाफा हुआ। यही नहीं इस दौरान लाडले महाअमीरों की संख्या 102 से बढ़कर 142 हो गई। यही रिपोर्ट कहती है कि इस अवधि में अमीरों की संपत्ति में प्रतिदिन



3600 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई। आमजन को यह आंकड़े चौंकाने वाले व अविश्वसनीय लग सकते हैं किंतु अमीरी का व्योम-जगत इस सच्चाई को जानता है। आपदा अमीरों के लिए अवसर बन कर उतरी, इसे उनकी कोई गलती नहीं है। एक और सच्चाई सामने है की करोना काल में लोगों को मुफ्त राशन लेकर अपने जीवन रक्षा करनी पड़ी। सरकारी योजना के तहत आज भी 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। इसका मतलब साफ है कि 135 करोड़ लोगों की जनसंख्या में 80 करोड़ लोग ऐसे हैं जो राशन के लिए भी मोहताज है। अमीरी और गरीबी के बीच की यह खाई चिंताजनक होनी चाहिए। बढ़ती अमीरी देश में असमानता को बढ़ा रही है।

गरीबी देश में नई समस्या नहीं है। पहले भी सरकारें गरीबी हटाने को प्राथमिकता देती रही है। लेकिन वर्तमान में बढ़ती अमीरी और उसके प्रभाव ने गरीबी को और जटिल बना दिया है। अपनी आर्थिक शक्ति के प्रयोग से यदि आमिर अपने हितों को बढ़ाते रहे तो समाज के बाकी लोग अनदेखे रह जाएंगे। यदि हमारे संसाधन, सत्ता, सिस्टम और सुविधाएं कोई एक तबके या वर्ग की सेवा में लगे रहेंगे तो जिम्मेदारी के अन्य काम उपेक्षित रहेंगे।

गाँधी जी ने ट्रस्टीशिप का विचारदेते हुए कहा था कि अमीर हमारे ऐसे पुत्र हैं जो सफल हैं और अधिक धन कमाते हैं। उन्हें अपनी सपूर्ण जरूरतें पूरी करने के बाद बचा हुआ धन समाज के लिए लगा देना चाहिए। बचे हुए धन को समाज की अमानत समझना चाहिए। अपने धन के वे ट्रस्टी होंगे और उनकी मर्जी से वह धन समाज कल्याण के लिए खर्च होगा। हालाँकि यह विचार व्यावहारिक नहीं हो पाया। किन्तु लगता है अमीरी सामाजिक बुराई बने इससे पहले उस पर भी लगाम कसने की जरूरत है। सरकार अमीरों की मित्र बनी रहे लेकिन मित्रता निबाहने से पहले विचार करे। आय पर कर तो लगता ही है, इसमें दिखाई देने वाली कमियों को दूर किया जा सकता है। बैंक घोटालों और बड़े लोन देने के मामले में कुछ जरूरी सावधानी रहे और वसूली के ऊपर विशेष ध्यान दिया जा सकता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपको लोगों से प्रशंसा सुनने को मिलेगी। शेयर मार्केट से आपको काफी अच्छा धन लाभ प्राप्त होगा। घरेलू समस्याओं को लेकर तनाव दूर होगा।

**वृषभ**
सुस्ती आपकी कार्यक्षमता को प्रभावित कर सकती है। प्रेमी जन आपसे किसी उपहार की माँग कर सकता है। विद्यार्थियों को शिक्षकों से बहस करने से बचना चाहिये।

**मिथुन**
लोग आपसे काफी अपेक्षा रख रहे हैं, जिसका दबाव आपके ऊपर देखने को मिलेगा। फाइनेन्स क्षेत्र से जुड़े लोगों को काफी कठिनाई होगी।

**कर्क**
करियर को लेकर काफी सकारात्मक रहेंगे। मित्रों के साथ सम्पर्क और मजबूत होगा। वैवाहिक जीवन को लेकर काफी आशावान रहेंगे।

**सिंह**
जीवनसाथी से भावनात्मक सहयोग प्राप्त होगा। विरोधी आपको अपमानित करने का प्रयास कर सकते हैं। व्यर्थ के कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें।

**कन्या**
लोग चिकनी-चुपड़ी बातें करके आपको बहकाने का प्रयास कर सकते हैं। मार्केटिंग से जुड़े कार्यक्षेत्र में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**तुला**
आपकी उदारता से लोग प्रसन्न रहेंगे। जिम्मेदारियों के कारण आप थोड़े असहज हो सकते हैं। कुसंगति में पड़ने की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक**
कार्यक्षेत्र की परेशानियों का निराकरण होगा। आपको मार्गदर्शकों का सहयोग लेना पड़ेगा। दाम्पत्य सम्बन्धों में मधुरता बढ़ेगी।

**धनु**
जीवन में कुछ बदलाव ला सकते हैं। गुस्से और जल्दबाजी के कारण आपको कार्यों में नुकसान हो सकता है। उदासी और डिप्रेशन वाले विचार आपको परेशान कर सकते हैं।

**मकर**
कार्यक्षेत्र में तय लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर लेंगे। रिश्तेदारों के घर जाना पड़ सकता है। आपको लोग काफी सम्मान की दृष्टि से देखेंगे। समाज में और सम्बन्धियों के बीच आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

**कुंभ**
किसी को उधार न दें वरना धन का नुकसान झेलना पड़ेगा। गृहस्थ जीवन में शान्ति का वातावरण रहेगा। सहयोगियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**मीन**
छोटे कर्मचारियों की अवहेलना न करें। प्राइवेट जॉब कर रहे जातकों की आय में वृद्धि होगी। व्यापार में कुछ अप्रत्याशित स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

# नाबार्ड द्वारा प्राथमिकता क्षेत्र में 8120.84 करोड़ की ऋण संभावना का किया आकलन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**आरा।** नाबार्ड भोजपुर ने अपने वार्षिक गतिविधि के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के प्राथमिकता क्षेत्र के अंतर्गत ₹8120.84 करोड़ की ऋण संभाव्यता का आकलन किया है। दिनांक 28 मार्च 2025 को इसकी प्रथम प्रति डीएम को प्रस्तुत करते हुए रंजीत कुमार सिन्हा, सहायक महाप्रबंधक नाबार्ड ने वर्ष 2025-26 में जिले में विभिन्न प्राथमिकता क्षेत्र में उपलब्ध संभाव्यता पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। योजना के अंतर्गत जिले में कृषि फसली ऋण-अल्प अवधि (उत्पादन/विपणन) हेतु ₹ 2173.87 करोड़ का तथा कृषि निवेश ऋण हेतु ₹ 802.12 करोड़, (जिसमे जल संसाधन ₹150 करोड़, कृषि यंत्रीकरण ₹208 करोड़, बागवानी ₹63 करोड़, पशुपालन- डेयरी ₹205 करोड़, पशुपालन-कुक्कुट पालन ₹89 करोड़, पशुपालन-भेड़/बकरी/सूअर ₹36 करोड़, मत्स्यपालन ₹55 करोड़, समेकित कृषि ₹70 करोड़ शामिल है) वहीं, भंडारण/गोदाम एवं अन्य आधारभूत संरचना हेतु ₹515 करोड़, कृषि प्रसंस्करण तथा अनुषंगी इकाईयों हेतु ₹327 करोड़ का आंकलन किया गया है।

गैर कृषि/एमएसएमई क्षेत्र मे ₹3848 करोड़ शिक्षा में ₹८८ करोड़, आवास मे ₹139 करोड़, नवीनीकरण ऊर्जा हेतु ₹9 करोड़ तथा अन्य सामाजिक संरचना हेतु ₹204 करोड़ का आंकलन किया गया है। डीएमतनय सुल्तानिया ने नाबार्ड द्वारा वर्ष 2025-26 हेतु ससमय ऋण संभाव्यता योजना तैयार करने हेतु बधाई देते हुए बैंकों को निर्देश दिया की नाबार्ड द्वारा कृषि एवं अन्य प्राथमिकता क्षेत्र में आंकलित संभाव्यता को ध्यान में रखते हुए बैंक वर्ष 2025-26 की अपनी वार्षिक ऋण योजना ससमय तैयार करें और इसे आगामी वित्तीय वर्ष के प्रथम कार्यदिवस (01 अप्रैल 2025) से किसानों एवं आम जन को ऋण देना सुनिश्चित करें जिससे सरकार के विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके तथा जिले का ऋण-जमा अनुपात बेहतर हो सके।

राजेश कुमार चौधरी, एलडीएम ने बैंकों से आग्रह किया किया जिले का ऋण-जमा अनुपात (सीडी रैशियो) सुधारने हेतु प्राथमिकता क्षेत्र में अपने लक्ष्यों की प्राप्ति करें। उपलब्ध संभावना का दोहन करें जिससे वंचित वर्ग को आसानी से ऋण उपलब्ध कराएं। श्री चौधरी ने बताया की पीएलपी के आधार पर ही वर्ष 2025-26 का जिला ऋण योजना तैयार किया जाएगा। श्री चौधरी ने बैंक अधिकारीयों से पशुपालन, मत्स्यपालन तथा कुक्कुट पालन हेतु किसान क्रेडिट कार्ड निर्गत करने हेतु पर बल देने तथा जागरूकता फैलाने हेतु आग्रह किया। विशेष कैंप में प्राप्त आवेदनों का निष्पादन 15 दिन के भीतर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने हेतु बैंकों को कहा।

## डीएम ने की वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से नीलाम पत्र वाद की समीक्षा

**आरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डीएम तनय सुल्तानिया ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नीलाम पत्र वादों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की। समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों को दफा 7 नोटिस जारी करने, बॉडी वारंट की संख्या बढ़ाने तथा सभी अभिलेखों को सही तरीके से संधारित करते हुए ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, उन्होंने लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए सप्ताह में दो दिन कोर्ट करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रभारी पदाधिकारी, नीलाम पत्र प्रशाखा को सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया। साथ ही, उन्होंने सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों को संबंधित बैंकों से समन्वय स्थापित करते हुए पंजी 9 एवं पंजी 10 का मिलान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी (आरा सदर), स्थापना उप समाहर्ता, एलडीएम, बैंक प्रतिनिधि, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी (राजस्व शाखा), सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी सहित अन्य नीलाम पत्र पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# रामनवमी, चैत्र नवरात्रि एवं ईद उल फितर को लेकर शांति समिति की बैठक

**स्थानीय थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**जगदीशपुर/भोजपुर।** जगदीशपुर थाना परिसर में रामनवमी, चैत्र नवरात्रि एवं ईद उल फितर को लेकर शांति समिति का बैठक आयोजित किया गया। जिस में ईद, चैत्री छठ और रामनवमी के अवसर पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे। जिसकी अध्यक्षता एसडीएम संजीत कुमार और एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान पर्व में डीजे बजाने और भड़काऊ गाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। रामनवमी समिति के अध्यक्ष गणेश प्रसाद सोनी ने शोभा यात्रा से जुड़े सभी जानकारी अधिकारियों को दिया और समस्याओं को निष्पादन करने की मांग की। ईद पर्व को लेकर ताजिया कमेटी के अध्यक्ष बाबू दिन ने ईदगाह पर होने वाले नमाज सहित अन्य मस्जिदों में होने वाले नमाज की जानकारी दी और सुरक्षा सहित पेयजल की व्यवस्था करने की मांग की। चैत्री छठ को लेकर शिवजी पोखरा पर साफ सफाई लाइट चेंजिंग रूम सहित अन्य व्यवस्था किए जाएंगे। चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने बताया कि तीनों पर्वो को लेकर नगर पंचायत की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है। संपूर्ण नगर में बेहतर साफ सफाई ब्लीचिंग पाउडर और पानी का छिड़काव किया जाएगा। इस मौके पर बीडीओ कान्ति कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी अनुरुद्ध कुमार, सीओ विश्वजीत नीलांकर, प्रभारी थानाध्यक्ष जयंत कुमार, जेई रौशन कुमार, दुर्गा पूजा संचालन समिति के अध्यक्ष मिलिंद चौधरी सहित अन्य उपस्थित थे।

## निर्माणाधीन सांस्कृतिक भवन का डीएम ने किया निरीक्षण



**आरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डीएम तनय सुल्तानिया ने आरा में निमार्णाधीन सांस्कृतिक भवन का निरीक्षण शुक्रवार को किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को गति तेज करने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विद्युत कनेक्शन, साज-सज्जा और मरम्मत कार्यो सहित अन्य बिन्दुओं पर समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी सदर आरा, पावर ग्रिड के पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता (विद्युत आपूर्ति प्रमंडल), नजारत उप समाहर्ता भोजपुर सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम ने किया लोक शिकायत के 6 मामले का निष्पादन, जनता दरबार में आये 44 मामले

**आरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डीएम तनय सुल्तानिया ने लोक शिकायत व जनता दरबार में लोगों की समस्या शुक्रवार को सुना। डीएम ने बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 अंतर्गत द्वितीय अपील में कुल 16 अपीलीय मामले की सुनवाई की गई। जिसमें से मुख्यतः राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, उर्जा विभाग, ग्रामिण विकास विभाग से संबंधित मामले रहें। जिनमें से कुल 6 मामले को निष्पादित किया गया। वही डीएम के द्वारा आयोजित 'जिला जनता दरबार' मे 44 लोगों की समस्याओं को सुना गया एवं उनके समस्यायों के अविलंब निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया।

### रोजा और इफ्तार बढ़ाता है आपसी भाईचारा

**बरौनी ग्रामीण/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पवित्र माह रमजान के रोजा और इफ्तार में शिरकत करने से आपसी भाईचारा बढ़ता है। साथ ही रोजादारों को रोजा ओर इफ्तार करने वालों पर अल्लाह की रहमत बरसती है। उक्त बातें शुक्रवार को ठकुरीचक नसीम अहसन ने कहा। उन्होंने कहा कि मुस्लिम विद्वानों के अनुसार, रोजा सिर्फ भूखे और प्यासे रहने का नाम नहीं है, बल्कि रोजा के दौरान मुस्लिम अकीदतमंद हरेक प्रकार के गुनाहों से बचते हैं तथा इफ्तार के समय जब बैठते हैं तो उस वक्त अल्लाह के सामने प्रार्थना करते हैं। इससे उनके सभी गुनाह अल्लाह की रहमत से माफ कर दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि इफ्तार के समय रोजादारों के लिए दरिया की मछलियां भी भलाई की दुआएं करती हैं। ऐसी मान्यता है कि रोजा और इफ्तार के समय की गई प्रार्थना कुबूल होती है। इस मौके पर वसीम हसन हैदर राजा फहीम हसन हाफिजुर रहमान मोहम्मद सुलेमान फिरोज अख्तर बारिश अली मोहम्मद अशरफ आदि रोजेदार उपस्थित थे।

### दो पक्षों में जमकर मारपीट

**नावकोठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के डफरपुर पंचायत के वार्ड नंबर 13 छतौना में मामूली बात में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। जिसमें दो व्यक्ति घायल हो गये. स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए पीएचसी नावकोठी में भर्ती कराया। घायल वार्ड नंबर 13 के मो किस्मत एवं दिनेश सहनी हैं। उभयपक्षों ने थाना में आवेदन देकर बताया है कि मो किस्मत कारी साहनी के साथ पैर फैलाकर बैठा हुआ था। इसी दौरान दिनेश सहनी साइकिल से जा रहा था। पैर में साइकिल के सट जाने से चोट लग गई.इसी बात पर दिनेश सहनी और किस्मत में नोंक झोंक होने लगी और अचानक मारपीट में तब्दील हो गया। इसमें दोनों व्यक्ति घायल हो गये। आवेदन के आलोक में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने कांड अंकित कर त्वरित कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को थोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक कार्रवाई हेतु हिरासत में लेकर कोर्ट भेज दिया है।

### नवयुवक दुर्गा मां के प्रांगण में आम सभा

**नावकोठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अयोध्या प्रसाद सिंह प्लस टू विद्यालय नावकोठी के सामने स्थित नवयुवक दुर्गा मां के प्रांगण में समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों की आम सभा शुक्रवार को हुई। इसकी अध्यक्षता सरपंच सुशील कुमार सिंह ने की। कार्यरत कमेटी द्वारा आय व्यय का ब्यौरा दिया गया। उपस्थित लोगों ने दिए गए ब्यौरा फर संतुष्टि जताया। मुखिया राष्ट्रपति कुमार की देखरेख में नई कमेटी का गठन किया गया। नई कमेटी के सदस्यों के नेतृत्व में चैती दुर्गा पूजा एवं मेला का आयोजन किया जाएगा। समिति से अध्यक्ष पंकज कुमार, कोषाध्यक्ष रूपेश कुमार एवं सिकंदर सिंह, उपाध्यक्ष कुमोद कुमार सिंह और मनोज पाठक, महासचिव उत्तम कुमार और सहसचिव अनमोल कुमार सिंह को मनोनीत किया गया है। दुर्गा पूजा में मां की वर्ती अनमोल कुमार सिंह होंगे। मौके पर देवेंद्र सिंह, राज किशोर सिंह, प्रो हरे राम सिंह, अजय सिंह, दीपक कुमार, माधव पाठक, अधिवक्ता संजय सिंह, कौशल सिंह शहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### लेट्स इंस्पायर बिहार का हुए चार वर्ष

**बरौनी ग्रामीण/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार स्थापना दिवस के अवसर पर लेट्स इंस्पायर बिहार के चतुर्थ स्थापना दिवस समारोह में दलसिंहसराय चैप्टर के कोर्डिनेटर प्रो पी के झा प्रेम को संस्था के संस्थापक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी विकास वैभव ने उनके विशिष्ट योगदान के लिए ह्यह्यविकसित बिहार 2047ह्यह्यमोमेंटो से बापू सभागार पटना में सम्मानित किया। प्रो प्रेम के सम्मानित किए जाने पर देशभर से बधाई संदेश प्राप्त हो रहें हैं। जिसमें सीने अभिनेता अमिय कश्यप मुम्बई से, युवा फिल्म निर्देशक सुमित सुमन, शिक्षा विद ई मनोहर सिंह, पूर्व प्राचार्य प्रो राम बाबू रजक, प्रसिद्ध संगीतकार बनारस से डॉ विजय कपूर, समाजसेवी प्रो प्रमोद कुमार चैधरी, प्रो हीरा नंद झा, डॉ राजकुमार, कोर्डिनेटर राजीव कुमार, मिथिला सेवी रागिनी झा,सोनी चैधरी, प्रो रुबी कुमारी सुरेश्वर पोद्दार सहरसा से, बेगूसराय से सुरेश पासवान, हसनपुर से विजय मिश्र आदि शामिल थे।

### शांति समिति की बैठक आयोजित

**बखरी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शुक्रवार को बखरी थाना परिसर में ईद और रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर फैसल अहमद अंसारी ने की।बैठक में आगामी त्योहारों के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी समुदायों के सहयोग से दोनों त्योहार शांतिपूर्वक मनाए जाएंगे और प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े उपाय किए जाएंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचें और कानून का पालन करें। बैठक में उपस्थित सभी लोगों से अपील की कि वे आपसी भाईचारे और साम्प्रदायिक सौहार्द्र को बनाए रखें, ताकि सभी लोग मिलकर त्योहारों का आनंद उठा सकें।बैठक का समापन शांति और भाईचारे के संदेश के साथ हुआ।इस अवसर पर एसआई अर्चना झा,हरेंद्र राम, सुजीत कुमार,कुंदन कुमार, एएसआई शंभू कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद थे।

### गंगा स्नान नाटक का मंचन

**बरौनी ग्रामीण/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मध्य विद्यालय बीहट के मंच से आकाश गंगा रंग चैपाल एसोसिएशन बरौनी की ओर से गणेश कुमार के निर्देशन में नाटक गंगा स्नान की प्रस्तुति की गयी। राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव के प्रथम दिन भिखारी ठाकुर की अमर कीर्ति गंगा स्नान नाटक में संगीत ने लोगों पर अमिट छाप छोड़ी। रंगमंच के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों का दिल जीत लिया। बड़ी संख्या में मंचन को देखने लोग काफी गदगद हो गए। गंगा स्नान नाटक का मंचन देख दर्शक भाव विभोर हो गये।

# 30 मार्च को बखोरापुर में बीजेपी नेता करा रहे नव वर्ष उत्सव, हजारों होंगे शामिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**आरा।** हिंदू नव वर्ष के आगमन को लेकर भोजपुर जिला के बड़हरा प्रखंड के बखोरापुर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। इस आशय की जानकारी बीजेपी नेता अजय सिंह ने आरा शहर के एक होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। मीडिया से बताया कि 30 मार्च 2025 को मेरे पैतृक गांव बखोरापुर में हिंदू नव वर्ष को लेकर हिंदू नव वर्ष उत्सव सह सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। आप सभी जानते है कि हिन्दू नव वर्ष 30 मार्च को है। आज हम अंग्रेजी कैलेंडर में खोए हैं जबकि हमारा पंचांग नव वर्ष अलग है या हिंदू नव वर्ष है या सनातनी का नव वर्ष है। आप सभी मीडिया को मैं बताना चाहता हूं कि पूरे देश में यह संदेश जाए की चैत्र मास के शुक्ल पक्ष के पहला दिन हिन्दू नव वर्ष है। आपके सहयोग से भोजपुर की धरती से पूरे देश में संदेश जाएगा। हम लोग जानते है अंग्रेजी की तरह नव वर्ष, हिंदू नव वर्ष है। यह बखोरापुर मध्य विद्यालय के प्रांगण में संध्या 4 बजे से कार्यक्रम शुरू होगा। जहां हजारों लोग इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचेंगे। यह कोई राजनीतिक पार्टी का कार्यक्रम नहीं है। हमने सभी पार्टियों के नेताओं को निमंत्रण भेजा है। यह समाज को जागृत करने का कार्यक्रम है। अजय सिंह ने बताया कि हम लोग केवल कलेंडर के मुताबिक अंग्रेजी नव वर्ष पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। जबकि हमारी परंपरा मूल रूप से हिंदी नववर्ष को मनाने की रही है। चुकी 30 मार्च से चैत्र महीने में हिंदू नव वर्ष की शुरूआत हो रही है, ऐसे में उस दिन हम लोग पुरानी परंपरा का निर्माण करते हुए नूतन वर्ष का स्वागत करेंगे। बखोरापुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम में दो गोला कमलबास कुंवर और अरविंद सिंह अभियंता का चैता किया जा रहा है। वही एक्ट्रेस एवं सिंगर अक्षरा सिंह, कलाकारों में गायिका शिल्पी राज, आलोक कुमार व चंदन यादव, उद्घोषक विक्की तिवारी की आवाज लोग सुनेंगे। इसके पूर्व भूतपूर्व सैनिक सम्मान, हिंदू धर्म में वापसी करने वाले परिवारों का सम्मान व भारत माता एवं भगवान से राम जी का आरती का भव्य कार्यक्रम देखने को मिलेगा।

# डीएम के प्रस्ताव से भाजपाइयों में हर्ष

**पटना पूर्णिया सिक्स लेन को बखरी से जोड़ने को लेकर पर हर्ष का माहौल**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** पटना पूर्णिया सिक्स लेन को बखरी से जोड़ने के लिए स्पर देने के डीएम द्वारा भेजे गये प्रस्ताव का भाजपा ने स्वागत किया है। पार्टी के जिला प्रवक्ता पूर्व पार्षद सिधेश आर्य ने कहा है कि पटना पूर्णिया सिक्स लेन से बखरी और बेगूसराय के जुड़ जाने से क्षेत्र की लाखों आबादी न सिर्फ आवागमन के दृष्टिकोण से लाभान्वित होगी। अपितु वाणिज्य-व्यवसाय के भी नये रास्ते खुलेंगे। जबकि इससे बेगूसराय जिला सहित समीपवर्ती फरकिया के लोगो का भी सामाजिक व आर्थिक विकास हो सकेगा। बोले,आजादी के 75 साल बाद भी बखरी अब तक विकास से वंचित रहा है। एनडीए की सरकार में स्थानीय सांसद व केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के प्रयास से बखरी सलौना अमृत भारत स्टेशन स्कीम में शामिल हुआ। राज्य व केन्द्र की सरकार द्वारा बायपास सड़क तथा आरओबी के निर्माण का भी निर्णय लिया जा चुका है। और अब बेगूसराय डीएम तुषार सिंगला के स्पर देने के प्रस्ताव को सरकार द्वारा अमलीजामा दे देने से बखरी आवागमन व आर्थिक रूप से सबल हो सकेगा। डीएम के प्रस्ताव पर नगर अध्यक्ष कामिनी कंचन, पूर्व अध्यक्ष अमरनाथ पाठक,पूर्व प्रत्याशी रामशंकर पासवान, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता विनोद राम,अति पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुन्दन कानू, महिला मोर्चा अध्यक्ष सरोजिनी भारती,संजय सिंह राठौड़, कृष्ण मोहन चैधरी, गौतम सिंह राठौड़, प्रियांशु सिंह रघुवंशी, शिम्पी गांधी, निकेत सिंह राठौड़ आदि ने भी हर्ष प्रकट करते डीएम को धन्यवाद दिया है।

## प्रधानाध्यापकों की बैठक

**नावकोठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के प्राइमरी व मिडिल स्कूलों के प्रधानाध्यापकों की बैठक विमर्श कक्ष में हुई। अध्यक्षता बीसीओ सह बीईओ अनिल कुमार चैधरी ने की।बीईओ अनिल कुमार चैधरी ने कहा कि शैक्षणिक सत्र की शुरूआत अप्रैल से है।उसकी तैयारी शुरू करने का निर्देश दिया और कहा कि शैक्षणिक सत्र शुरू होते ही बच्चों को पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध करवायी जाएगी। नामांकन उत्सव मनाने,ससमय चेतना सत्र के साथ वर्ग आरंभ करने पर बल दिया। उन्होंने वार्षिक मूल्यांकन का संकुल स्तरीय समेकित प्रतिवेदन समर्पित करने,एफ एल एन किट वितरण कर ई शिक्षा कोष पोर्टल पर अपलोड करने, वार्षिक मूल्यांकन का प्रगति पत्र बच्चों को देने, स्कूल कंपोजिट ग्रांट की राशि का पीपीए तथा अभिश्रव समर्पित करने की बात कही। उन्होंने प्रधानाध्यापकों से शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन करने, यूनिफार्म संधारित करने, अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी करने के अलावा विभिन्न प्रकार के अभिलेखों यथा रोकड़ा पंजी,चखना पंजी, नामांकन पंजी, भंडार पंजी आदि अद्यतन रखने का भी निर्देश दिया गया।

# राजद एमएलसी के प्रस्ताव को लोगों ने जलाया

**जिला बनाओ अभियान समिति ने जलाई एमएलसी के प्रस्ताव की प्रतियां**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी।** राजद एमएलसी उर्मिला ठाकुर द्वारा विधान परिषद् में गढपुरा को जिला बनाने की मांग पर लोगो ने प्रस्ताव की प्रति जलाकर विरोध जताया। आक्रोशित लोगो ने बखरी को जिला बनाने की मांग के सर्मथन में तथा विधान पार्षद के विरूद्ध जम कर नारेबाजी की।इससे पूर्व श्रीविश्वबंधु पुस्तकालय के वाचनालय कक्ष में बखरी जिला बनाओ अभियान समिति की विस्तारित बैठक सम्पन्न हुई। समिति के संयोजक अजय साहु की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिस को संबोधित करते हुए भाजपा के जिला प्रवक्ता पूर्व पार्षद सिधेश आर्य ने कहा कि लगभग तीन दशक पूर्व बने बखरी अनुमंडल को अपग्रेड कर। इसे जिला बनाने की मांग बिल्कुल न्यायोचित है।

भौगोलिक तथा आर्थिक दृष्टिकोण से भी बखरी अनुमंडल को जिला में अपग्रेडेशन किये जाने से क्षेत्र की बहुत बड़ी दलित वंचित और अति पिछड़े वर्ग की आबादी तक सरकार की विकास योजनाओं का लाभ सुगमतापूर्वक पहुंचाया जा सकेगा। उन्होंने राजद एमएलसी उर्मिला ठाकुर द्वारा विधान परिषद् में गढपुरा को जिला बनाने की मांग को अतार्किक करार देते हुए इसे हास्यास्पद बताया।जन पहल के संयोजक विकास वर्मा ने कहा कि राजद एमएलसी द्वारा बखरी के बजाय गढपुरा को जिला बनाने की बात करना क्षेत्र की जनता के साथ भद्दा मजाक है। पूर्व मुख्य पार्षद व जदयु नगर अध्यक्ष कुमारी संगीता राय ने राजद एमएलसी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कहा कि ऐसे जनप्रतिनिधियों का विरोध होना चाहिए। हम पार्टी के पूर्व दिल्ली प्रदेशाध्यक्ष सुभाष सिंह परमार ने कहा बखरी जिला बनने का हर भौगोलिक दृष्टि कोण से अपने आप में समझ है। इसलिए अगर जिला बनाने की बात आई तो सबसे पहले बखरी का अधिकार बनता है। लोजपा (रामविलास) के प्रखंड अध्यक्ष पंकज पासवान ने कहा कि बखरी को जिला बनाया जाना क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक है। मुख्य पार्षद प्रतिनिधि राजू कुशवाहा, जदयु जिला महासचिव जवाहर राय,अधिवक्ता गौरव केसरी ने भी बखरी को जिला बनाने का समर्थन किया। बैठक में बखरी को जिला बनाने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाने,मानव श्रृंखला बनाने सहित विभिन्न निर्णय लिये गये। बैठक में सदस्यों ने एमएलसी उर्मिला ठाकुर के कृत्य के खिलाफ सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पारित किया। मौके पर संजय सलिल, प्रो.आनंदचंद्र झा,संजय सिंह राठौड़, निकेत सिंह राठौड़, अनुभव आनंद, प्रिंस सिंह परमार,कृष्ण मोहन चैधरी,गौतम सिंह राठौड़, दिनेश केसरी, रामदयाल केसरी, छोटू केसरी आदि मौजूद थे।

# अनुभवी कलाकारों की प्रतिभा ने मन मोहा

**बरौनी ग्रामीण/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नाटक में भिखारी ठाकुर ने आज के परिवार में उपेक्षित बुजुर्गो और ठग धर्मचार्यो को मुद्दा बनाया है। मां की चरित्र में आंचल कुमारी, मुख्य चरित्र मलेछू की भूमिका में बलिराम बिहारी ने दर्शकों को रंगमंच के अपने अनुभवो से मोह लिया। मलेछू बो की भूमिका में युवा रगकर्मी साक्षी कुमारी ने दर्शकों पर अमिट छाप छोड़ी।

मां का इनर वाहयरूप में अंजली कुमारी, दोस्त एवं चेला राजू कुमार, साधु महात्मा में अंकित राज और कोरस में अंजलि, निधि, नैना, खुशी, अभिलाषा, पल्लवी, प्रियदर्शनी, अनिमेष, निखिल, लाल बिहारी, महेश की भूमिका रही। वहीं संगीत पर मुख्य स्वर पर आनंद कुमार और अंजली कुमारी, ढोलक पर दिनेश दीवाना, तबला पर संतोष कुमार, नगाड़ा पर राजीव पासवान और प्रकाश परिकल्पना रवि वर्मा का था। इसके पूर्व नाट्य महोत्सव सह राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का उद्घाटन पद्मश्री सुधा वर्गीज, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से पुरुस्कृत संजय उपाध्याय, नगर निगम की महापौर पिंकी देवी, पूर्व महापौर संजय कुमार, पूर्व विधान पार्षद भूमिपाल राय, एसबीएसएस प्रधानाचार्य अवधेश कुमार सिंह, डॉ शशिकांत पांडेय, शिवप्रकाश भारद्वाज, लोककवि सचिदानन्द पाठक, बिहार इप्टा के अध्यक्ष अमरनाथ सिंह, एनटीपीसी के डीएस कुमार, कला समीक्षक सुमन के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अमर ज्योति, स्वागत भाषण गणेश कुमार और संचालन डॉ कुन्दन कुमार द्वारा किया गया। विशेष पुरुस्कार से सम्मानित किए गए। इस अवसर पर समाजसेवी निलेश सिंह डिया, संजय कुमार ललन, श्याम नंदन सिंह पन्नालाल, उपमुख पार्षद ऋषिकेश कुमार, मनीष कुमार, अंकित कुमार सहित अन्य थे।

# मुख्य पार्षद ने की विकासात्मक कार्यों की चर्चा

**बरौनी ग्रामीण/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बीहट नगर परिषद के मुख्य पार्षद बबीता कुमारी ने नगर परिषद बिहट में किए गए कार्यो से संबंधित उपलब्धियां के संबंध में विस्तार पूर्व पत्रकारों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्य पार्षद बनने के बाद क्षेत्र में लगातार विकास के कार्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं एवं जनता की समस्याओं को हल करने के लिए प्रयास कर रही हॅ। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में गरीब देवघर लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 2024-25 के वित्तीय वर्ष में 1940 लाभुकों का चयन किया गया जिसमें 769 आवास की स्वीकृति प्रदान की गई। शेष बचे हुए लाभुकों की जांच कर यथाशीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाएगी। वही निर्धन लोगों के बीच कुटीर उद्योग या व्यवसाय के लिए 1028 लाभों के बीच ऋण वितरण किया गया। जबकि 402 वृद्धिजन पेंशन विकलांगता का लाभ मिला। वही 4259 लाभुक का जन्म मृत्यु का निबंध किया गया। वही कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत 20 लाख राशि का वितरण किया गया। वही 32 वार्डो में सड़क एवं नाला मरमती के योजना के लिए 2 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत की गई। नगर परिषद बिहट क्षेत्र में राज्य योजना के तहत 22 कार्यो की स्वीकृति सड़क नाला बनने के लिए भेजा गया था जिसमें से आठ योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई। नगर परिषद बीहट को सुरक्षित रखने के लिए खराब हाय मास्ट लाइट के लिए 23 लाख से अधिक की राशि खर्च की गई। वही उच्च विद्यालय एवं थाना में खिलारी तथा आम जन के लिए जिम का लाभ दिया गया। वही छठ घाट के सौंदर्य करण के लिए 9 लाख से अधिक की राशि खर्च की गई।जबकि सिमरिया घाट मैं मुख्यमंत्री के द्वारा 324 करोड़ की राशि की स्वीकृति दिलाई गई। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी भूमि पाल जदयू प्रखंड अध्यक्ष शंभू कुमार सिंह नरेश सिंह आदि उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव में परिचर्चा आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरौनी ग्रामीण।** कलाकार रंगमंच के लिए सकारात्मक रूप से कम करें, मीडिया का भरपूर सहयोग मिलेगा। ये बातें आकाश गंगा रंग चैपाल एसोसिएशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव के तहत परिचर्चा करते हुए वरीय पत्रकार कुमार भवेश ने कहा कि समय में तेजी से बदलाव हुआ है। कम समय में बहुत ज्यादा चीजों की जानकारी लोगों को चाहिए। ऐसी स्थिति में मीडिया भी इस रूप में खबरों को परोस रही है।

उन्होंने कहा कि कलाकार और पत्रकार दोनों ही समाज के लिए काम कर रहे हैं। वहीं वरीय पत्रकार रूपेश कुमार ने कहा की रंगमंच को सशक्त करने के लिए मीडिया हर स्तर पर तैयार रहती है। उन्होंने रंगमंच के विकास में मीडिया के योगदान के मसले पर चर्चा करते हुए कहा कि नए प्रयोग में सावधानी की जरूरत है ताकि रंगमंच बचा रहे। विषय प्रवेश कराते हुए प्रवीण प्रियदर्शी ने कहा कि सोशल साइट के बढ़ते प्रभाव के कारण कहीं ना कहीं रंगमंच को खतरा है ऐसी स्थिति में लोक कलाओं को पुनर्जीवित करने की जरूरत है। लोग नाटक देखने आएं इसके लिए लोग को प्रेरित करें। अध्यक्षता दिनकर पुस्तकालय के अध्यक्ष विश्वभर सिंह और धन्यवाद ज्ञापन सचिव गणेश गौरव ने किया। इस अवसर पर दिनकर पुस्तकालय के सचिव संजीव फिरोज, पत्रकार बिपिन कुमार, डॉ कुन्दन कुमार, सरोज कुमार, अशोक कुमार पासवान, यदुनन्दन पासवान, धर्मवीर कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# हनुमान चालीसा का पाठ करने से जीवन की सारी परेशानियां हो जाती है समाप्त : जीयर स्वामी

**आरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ समापन के मौके पर पहुंचे श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज का बड़ी मठिया में भक्तों ने भव्य स्वागत किया। 17 मार्च से 27 मार्च तक बड़ी मठिया आरा में हनुमान जी के मंदिर में स्वामी जी महाराज के सान्निध्य में सवा लाख हनुमान चालीसा का पाठ चल रहा था। इसके समापन के मौके पर स्वामी जी महाराज पहुंचकर लोगों को संबोधित किए। कार्यक्रम का देखरेख श्री अयोध्या नाथ स्वामी जी कर रहे थे। स्वामी जी का स्वागत निवर्तमान महंत श्री राम किंकर दास जी महाराज ने किया। स्वामी जी महाराज ने संबोधित करते हुए कहा कि हनुमान जी की भक्ति करने से तथा हनुमान चालीसा का पाठ करने से जीवन की सारी परेशानियां समाप्त हो जाती है। किसी भी संकट में हनुमान जी का भजन कीर्तन किया जाए तो हनुमान जी अविलंब समस्या का समाधान कर देते हैं। हर व्यक्ति के घर में गंगा गीता गौ तथा गायत्री की पूजा होनी चाहिए। इससे घर में श्री लक्ष्मी नारायण भगवान की कृपा बनी रहती है। मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में राहुल सिंह, रोहित सिंह, विकास कुमार, दीपक तिवारी, विनोद जी, बिट्टू जी, मलू जी सहित काफी संख्या में लोग लग रहे।



# ग्रामीण विकास के कार्यों को ससमय पूरा करें : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** सूबे के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार के द्वारा आज डॉ राजेंद्र प्रसाद भवन के सभागार में ग्रामीण विकास के कार्यों की समीक्षा की गई, जिसमें मंत्री ने कहा कि ग्रामीण विकास के कार्यों को समय से पूर्ण करें, जो भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है उसका शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करें ताकि उसका लाभ आम लोगों को मिल सके। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना , इंदिरा आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना का नया सर्वे कार्य, मनरेगा, जल जीवन हरियाली, स्वच्छता मिशन, जीविका समेत ग्रामीण विकास के सभी कार्यों का समीक्षा किया गया। बैठक के प्रारंभ में मंत्री के द्वारा 37912 जीविका समूह को 554 करोड़ का बैंक लिंकेज प्रदान किया गया तथा सतत जीविकोपार्जन योजना के 1349 लाभार्थियों को 3 करोड़ 62 लाख रुपए की आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। दोनों योजनाओं से संबंधित सांकेतिक चेक मंत्री के द्वारा जीविका दीदियों को प्रदान किया गया। उप विकास आयुक्त के द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 2024-25 अंतर्गत जिला को कुल 54503 का लक्ष्य प्राप्त है जिसके विरुद्ध 51577 को स्वीकृति दी गई है। वर्तमान में 1384 आवास पूर्ण कराए जा चुके हैं।उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि इंदिरा आवास योजना की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि यह 2012-13 से 2015-16 की योजना है, जिनका भी मकान अपूर्ण है उसको पूरा करने का कार्य करना होगा। ग्रामीण विकास के पदाधिकारी इस पर विशेष ध्यान देंगे। वही डीडीसी शम्भूशरण पांडेय ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए चल रहे सर्वे कार्य की समीक्षा के दौरान बताया कि जिला में अभी कुल 356019 सर्वे का कार्य किया गया है। सर्वे कार्य में कहीं-कहीं से गड़बड़ी की शिकायत मिली जिस पर आठ आवास सहायक के विरुद्ध कार्रवाई की गई जिसमें दो की सेवा समाप्त भी की गई हैद्य उन्होंने बताया कि कुल 77 आंगनबाड़ी केंद्र का लक्ष्य मिला था जिसमें से 49 पूरा करा दिया गया है एवं 28 में अभी कार्य चल रहा है। इसे भी शीघ्र पूरा कर लिया जाएगाद्य उन्होंने अमृत सरोवर के बारे में बताया कि जिला में 81 अमृत सरोवर का लक्ष्य था और सभी 81 अमृत सरोवर को पूर्ण कर लिया गया है वही डीपीएम जीविका गणेश पासवान ने बताया कि सदर अस्पताल सहित जिला के सभी अनुमंडल अस्पताल में दीदी की रसोई का संचालन किया जा रहा है। डीपीएम ने कहा कि मध्य निषेध विभाग से जो भी सूची प्राप्त होती है उसके अनुसार अनुसूचित जाति के लोगों को सतत जीविकोपार्जन योजना से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। जिला में जल जीवन हरियाली अंतर्गत जीविका के माध्यम से 9 लाख से ज्यादा पौधा लगाए गए हैं। बैठक में उप विकास आयुक्त, निदेशक डीआरडीए, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, डीपीओ मनरेगा, सभी प्रखंडों के प्रोग्राम पदाधिकारी सहित ग्रामीण विकास के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। वही मंत्री के द्वारा चकिया प्रखंड के चिंतामनपुर पंचायत स्थित नवनिर्मित जीविका भवन का निरीक्षण किया गया, वहां पर वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर पिपरा विधायक श्याम बाबू प्रसाद यादव, उप विकास आयुक्त शंभूशरण पांडेय एवं ग्रामीण विकास के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।




सरकार की योजनाओं को लक्ष्य के अनुरूप उतारा जा रहा धरातल पर: डीडीसी

## नैतिक मूल्यों को साधते हुए शोध करने की आवश्यकता : डॉ संतोष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के मीडिया अध्ययन विभाग में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित दस दिवसीय शोध प्रविधि कार्यशाला में शोध कार्य के दौरान आने वाले नैतिक मुद्दों पर केंद्रित सत्र का आयोजन हुआद्य सातवें दिन के पहले और दूसरे तकनीकी सत्र में प्रबंधन विभाग, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के डॉ सरोज रंजन ने शोध से संबंधित नैतिक मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि, किसी विषय पर शोध करते समय हमारे पास बहुत से ऐसे नैतिक मुद्दे आते हैं जिनका हमें ध्यान रखना होता है। इसके अलावा उन्होंने शोध की पूरी प्रक्रिया को वास्तविक जीवन के उदाहरणों से जोड़कर समझाया। उन्होंने कहा की शोध में नैतिकता प्रत्येक स्तर पर होनी चाहिए। आंकड़ा संग्रह से लेकर उसके विश्लेषण, प्रस्तुतिकरण, प्रकाशन के प्रत्येक चरण में शोध नैतिकता का पालन किया जाना चाहिए। तीसरे तकनीकी सत्र में भौतिकी विभाग के डॉ संतोष कुमार त्रिपाठी ने शोध में सूचित सहमति की आवश्यकता पर बल देते हुए शोध के नैतिक पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि, शोधार्थियों को सभी उत्तरदाताओं से सहमित लेकर ही उनका डेटा उपयोग में लेना चाहिए तथा सहमति के लिए उत्तरदाता का सक्षम होना जरूरी है। प्रो. त्रिपाठी ने कहा कि उत्तरदाता को विश्वास में लेकर उनके उत्तर का उपयोग करने से शोध में गंभीरता और विश्वसनीयता बनी रहती हैद्य कार्यशाला का संचालन विभाग में सहायक आचार्य और सह निदेशक डॉ सुनील दीपक घोड़के ने किया। विभागाध्यक्ष और कार्यशाला के निदेशक डॉ अंजनी कुमार झा ने सभी वक्ताओं तथा अतिथियों का अभिवादन व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यशाला में विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ परमात्मा कुमार मिश्र, डॉ साकेत रमण, डॉ. उमा यादव, डॉ. मंयक भारद्वाज और डॉ. आयुष आनंद सहित अन्य शोधार्थी तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

## आरोपितों ने छीने 55 हजार रूपये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** थाना क्षेत्र के बलथरवा गांव में एक ही परिवार के तीन लोगों को मारपीट कर घायल करने व चोरी के नियत से रुपये छिनने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बंध में उक्त गांव के महेंद्र राय ने स्थानीय थाना में आवेदन दिया है। पीड़ित ने अपने आवेदन में बताया है कि शुक्रवार को सुबह करीब दस बजे के वह अपने दुकान से खाना खाने तथा सेंट्रिंग मिस्त्री को रुपये देने के लिए 55 हजार रुपयें कर्ज लेकर घर जा रहा था। वह जैसे ही योगेंद्र राय के घर के सामने पहुंचा तब अमित कुमार, योगेंद्र राय, मीना देवी, मधु देवी, रजनीकांत कुमार व सुनिता देवी नजायज मजमा बना कर हश्वे हथियार से लैश होकर घेर लिया।

## बीएलओ व बीएलए को दिया गया प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के रतनी फरीदपुर प्रखंड में प्रखंड क्षेत्र के बीएलओ. एवं बीएलए को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। आगामी विधानसभा निर्वाचन, 2025 के मद्देनजर निर्वाचन आयोग तथा जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के निर्देश पर शुक्रवार को जहानाबाद जिले के 216- जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रतनी फरीदपुर प्रखंड में सभी बी.एल.ओ. तथा बी.एल.ए. का एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में अवर निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार द्वारा बताया गया कि बिहार में अक्टूबर या नवंबर में विधानसभा निर्वाचन संभावित है जिसके मद्देनजर सभी बी.एल.ओ. के साथ -साथ सभी बी.एल.ए. की भी जिम्मेदारी है कि वे अपने अपने मतदान केन्द्र वाले क्षेत्रों में शत प्रतिशत मतदान कराने में सहयोग करें। अवर निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा अपील की गई कि सभी बी एल ओ अपने अपने क्षेत्रों में मुहिम चला कर ऐसे मतदाता जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में नहीं जुटा है, अथवा जो मतदाता अभी -अभी मतदाता बनने के लिए पात्र हुए हैं, उनका नाम जोड़ा जाए । साथ ही ऐसे मतदाता को चिन्हित करें जिनका नाम मतदाता सूची में है परंतु वे रोजगार अथवा पढ़ाई के कारण अपने घर से बाहर रहते हैं, उनसे सम्पर्क करें और उन्हें अपने अधिकार के बारे में बताएं और उन्हें मतदान दिवस के दिन अपने घर आ कर पूरे परिवार के साथ मतदान देने का अपील करें। इसके अतिरिक्त बैठक में बताया गया कि अपने अपने मतदान केन्द्र का भौतिक सत्यापन कर एएमएफ सुविधा यथा- रौशनी, पेयजल, शौचालय, रैम्प, भवन की स्थिति, पहुंच पथ इत्यादि की भौतिक प्रतिवेदन अपने अपने प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवश्यक रूप से उपलब्ध करायें।



वहीं 27 मार्च को 217-घोसी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत घोसी एवं हुलासगंज प्रखंड में सभी बी.एल.ओ. तथा बी.एल.ए. को प्रशिक्षण दिया गया। जबकि 29 मार्च को मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मखदुमपुर प्रखंड में एक दिवसीय सभी बीएलओ तथा बीएलए प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बीएलओ तथा बीएलए को ऑनलाइन के माध्यम से मतदाताओं को नाम जोड़ने, हटाने, संशोधित करने की जानकारी उपलब्ध कराना था।

## लालबेगिया-शिकारगंज तटबंध पर सड़क निर्माण की मांग, मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** लालबेगिया से पटजिलवा होते हुए शिकारगंज को जोड़ने वाले तटबंध के पुनर्निर्माण और उस पर सड़क निर्माण की मांग जोर पकड़ रही है। समाजसेवी प्रकाश सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात कर इस तटबंध की बदहाली और सड़क निर्माण की आवश्यकता को लेकर ज्ञापन सौंपा। मुलाकात के बाद दूरभाष पर पत्रकारों से बातचीत में प्रकाश सिंह ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री को इस सड़क निर्माण से क्षेत्रवासियों को होने वाले फायदों से अवगत कराया। इस पर मुख्यमंत्री ने अपने सचिव अनुपम कुमार को तटबंध के पुनर्निर्माण और सड़क निर्माण की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने का निर्देश दिया।प्रकाश सिंह ने कहा कि इस तटबंध पर सड़क बन जाने से लालबेगिया, पटजिलवा, दाढ़पर, सेमरा, सगरदीना, गोढ़िया, परेवा होते हुए शिकारगंज के लाखों लोगों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि तटबंध किनारे बसे गांवों को संपर्क मार्ग से जोड़ा जाए, जिससे अधिक से अधिक लोग इस परियोजना का लाभ उठा सकें। समाजसेवी ने बताया कि इस क्षेत्र के लिए यह तटबंध सिर्फ बाढ़ से सुरक्षा का साधन नहीं, बल्कि संभावनाओं की नई राह भी खोल सकता है। यदि इस तटबंध पर सड़क और छोटे पुलों का निर्माण किया जाए, तो चिरैया विधानसभा क्षेत्र के पताही प्रखंड से मोतिहारी जिला मुख्यालय की दूरी 20 किलोमीटर तक कम हो जाएगी। साथ ही, मोतिहारी और शिवहर जिले के बीच की दूरी भी 30 किलोमीटर घट जाएगी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना हजारों लोगों की जिंदगी आसान बनाने के साथ-साथ इस पिछड़े क्षेत्र के आर्थिक विकास में मील का पत्थर साबित होगी। सड़क और पुलों के निर्माण से करीब 25 पंचायतों के लाखों गरीब लोगों को व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और रोज़गार के बेहतर अवसर मिलेंगे। प्रकाश सिंह ने बताया कि कुछ माह पूर्व उन्होंने तटबंध का दौरा किया था, जहां उन्होंने पाया कि तटबंध काफी क्षतिग्रस्त हो चुका है और कई स्थानों पर इसकी स्थिति बहुत खराब हो गई है। उन्होंने इस तटबंध के पुनर्निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया।



## विवाहिता की हत्या का सनसनीखेज मामला पति समेत चार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** बंजरिया थाना क्षेत्र के बंजरिया गांव वार्ड नंबर-22 स्थित सम्मे माई मंदिर के पास विवाहिता की मारपीट कर हत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतका की पहचान आकाश धु उर्फ छोटू की पत्नी खुशी कुमारी के रूप में हुई है।

**भाई के बयान पर पति समेत चार पर केस दर्ज**

मृतका के भाई सचिन कुमार (निवासी-कपूर पकड़ी, थाना- शिकारगंज) के आवेदन पर बंजरिया थाना में मृतका के दूसरे पति, सास, ननद और ननदोई के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई है।

**आरोपित:** पति - आकाश धु उर्फ छोटू, सास - कृष्णा देवी, ननद - प्रीति सिंह, ननदोई ऽ राजीव रंजन सिंह।

**पहले पति की मौत के बाद हुई थी दूसरी शादी:** मृतका की पहली शादी 2012 में समर्थ कुमार सिंह से हुई थी, जिससे एक पुत्री और एक पुत्र भी हैं। 2023 में समर्थ कुमार की मृत्यु के बाद परिवार की सहमति से खुशी कुमारी की दूसरी शादी समर्थ के छोटे भाई आकाश धु उर्फ छोटू से कर दी गई थी।

**बार-बार किया जा रहा था प्रताड़ित**

परिजनों के मुताबिक, शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष की ओर से खुशी कुमारी के साथ बार-बार मारपीट की जाती थी। 23 मार्च की संध्या में पति, सास, ननद और ननदोई ने मिलकर उसकी बेरहमी से पिटाई की, जिससे उसकी मौत हो गई।

**पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा**

घटना की सूचना मिलते ही बंजरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची, स्थिति का जायजा लिया और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव मृतका के मायकेवालों को सौंप दिया गया। थानाध्यक्ष रमेश कुमार महतो ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पति आकाश धु उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

## गंगा-जमुनी संस्कृति की मिसाल बना इनर व्हील क्लब ऑफ मोतिहारी लेक टाउन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** इनर व्हील क्लब ऑफ मोतिहारी लेक टाउन ने रमजान के पाक महीने में जानपुल स्थित वी मार्ट के पास जरूरतमंद मुस्लिम भाई-बहनों के बीच इफ्तारी सामग्री का वितरण किया। इस दौरान क्लब ने सेवईं, दूध, चीनी, सेव, केला आदि वितरित किए, जिससे जरूरतमंद लोग इफ्तार कर सकें। क्लब की अध्यक्ष पुतुल सिन्हा ने कहा, हमारा क्लब सभी धर्मों में आस्था रखता है और हर त्योहार को मिलजुलकर मनाने में विश्वास करता है। हम होली, दीपावली, दशहरा, क्रिसमस और ईद जैसे सभी पर्वों को आपसी भाईचारे के साथ मनाते हैं और समाज में शांति व सौहार्द कायम करने का संदेश देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि क्लब ने रमजान के पाक महीने में जरूरतमंदों की मदद करने के उद्देश्य से जकात (दान) देने की पहल की है। समाज में कन्यादान, अन्नदान, रक्तदान, विद्यादान, भूमिदान, गौदान, ज्ञानदान और अभयदान को महादान माना जाता है। इसी भावना के तहत जरूरतमंदों को इफ्तार सामग्री देकर उनके चेहरों पर मुस्कान लाने की कोशिश की गई। इस अवसर पर बच्चों के बीच टॉफियां भी बांटी गईं, जिससे वे भी रमजान के इस शुभ अवसर पर खुशियां मना सकें।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में क्लब की पूर्व अध्यक्ष (पीपी) रजनी कौशल, सदस्य तृप्ति सिंह, सीमा गुप्ता और क्लब की एडिटर धीरा गुप्ता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। क्लब की एडिटर धीरा गुप्ता ने बताया कि सभी सदस्यों के सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## दर्जनों मामलों का वांटेड रंजीत गुप्ता गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** जिले के अलग अलग थानों के एक दर्जन मामलों का वांटेड शराब माफिया जीवधारा का रंजीत गुप्ता छापेमारी में पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय मोतिहारी द्वारा दी जानकारी के अनुसार गुप्त सुचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-02 के नेतृत्व एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के सहयोग से शराब माफिया रंजीत कुमार गुप्ता को पीपराकोठी थाना अंतर्गत जीवधारा के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तार व्यक्ति पर दस हजार का ईनाम भी था। अभियुक्त का पूर्व में भी जिले और जिले से बाहर मुजफ्फरपुर, गया, औरंगाबाद में शराब एवं स्प्रिट मामलों में अपराधिक इतिहास रहा है। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध केसरिया थाना के शराब कांड में माननीय न्यायालय के आदेश के आलोक में इनके घर पर कुर्की की कार्रवाई भी हुई हैं। गिरफ्तार माफिया पर पीपराकोठी थाना में थाना पांच, मुफासिल थाना में दो, नगर थाने में एक, केसरिया थाने में एक, गाया, मुजफ्फरपुर और औरंगाबाद के थानों में एक एक मामला दर्ज है। पीपराकोठी थाने में वर्ष 19 में सड़क दुर्घटना मामले में दो, वर्ष 2004 में मारपीट, वर्ष 2000 में हत्या, वर्ष 2010 में सरकारी कार्य में बाधा, वर्ष 21 और 17 में उत्पाद, वर्ष 21 में चुनाव अधिनियम और तीन जिलों में उत्पाद अधिनियम, केसरिया में वर्ष 24 में शराब कांड और पकड़ीदयाल थाने में वर्ष 2004 में एनडीपीएस मामले में एफआईआर दर्ज है। सभी मामलों में पुलिस उसे ढूंढ रही थी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-02 जितेश पांडेय ने बताया कि पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-02 जितेश पाण्डेय, थानाध्यक्ष खालिद अख्तर, जिला आसूचना इकाई मनीष कुमार, परमानंद ठाकुर, चिरंजीवी कुमार व डीआईयू की टीम शामिल थे।

## जनता दरबार में 56 आवेदकों की समस्याओं की सुनवाई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में आयोजित जनता के दरबार में जिला प्रशासन कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न अंचलों से आए 56 आवेदनकर्ताओं की समस्याओं की सुनवाई की गई। इस दौरान जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लिया। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने कहा, आज प्राप्त हुए सभी आवेदनों पर संबंधित पदाधिकारियों के माध्यम से शीघ्र कार्रवाई कर समस्या का विधिसम्मत समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इस दौरान भूमि विवाद, अतिक्रमण, राजस्व विभाग से संबंधित अधिकतर मामले सामने आए। जिलाधिकारी ने इनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और जिला जन शिकायत कोषांग के प्रभारी अधिकारी को सभी आवेदन शीघ्र भेजने का निर्देश दिया। जनता दरबार में जिलाधिकारी के साथ अपर समाहर्ता (लोक शिकायत निवारण), जिला पंचायत राज पदाधिकारी, अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) अमरेश कुमार, सभी वरीय उप समाहर्ता एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने जनता से मुलाकात कर उनकी शिकायतों को सुना और त्वरित समाधान का आश्वासन दिया।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: आरईएचएबी-आर2-25-26, दिनांक 24.03.2025,** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/सी, पूर्व रेलवे वर्कशॉप, काँचरापाड़ा, कैरिज/लोको कॉम्प्लेक्स, उत्तर 24 परगना, पीओः काँचरापाड़ा, पिन-743145 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए ई-निविदा (खुली निविदा) आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम एवं इसका स्थानः** 01 (एक) वर्ष की अवधि के अंदर कैरिज कॉम्प्लेक्स/काँचरापाड़ा में पीबी नं.752/2024-25 के माध्यम से अनुमोदित बल्क आरएसपी कार्य के तहत 106 कोचों के लिए प्रमुख ध्यान रखे जाने के दौरान साइकिल डाउनटाइम करने के लिए कोचों का पुनरुद्धार/जीर्णोद्धार। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु.8,92,35,761.86, **बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी:** 5,96,200/-, **निविदा कागजात का मूल्य (टीडीसी):** शून्य। **कार्य की समापन अवधिः** 01 वर्ष। **वेबसाइट जहाँ निविदा कागजात उपलब्ध होगा :** निविदा कागजात का संपूर्ण सेट भारतीय रेल की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट www.ireps. gov.in पर दिनांक 24.03.2025 से 15.04.2025 को 14.00 बजे तक उपलब्ध होगा। **विज्ञापन अवधिः** दिनांक 24.03.2025 से 15.04.2025 को 14.00 बजे तक। **प्रस्ताव जमा देने की अवधिः** 15 (पंद्रह) दिन पूर्व से 15.04.2025 को 14.00 बजे तक। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 15.04.2025 को 14.00 बजे तक। **निविदा की वैधताः** 66 (छियासठ) दिन। **निविदा के खुलने की तिथि और समयः** निविदा दिनांक 15.04.2025 को 15.00 बजे और उसके बाद खोली जाएगी। MISC-403/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways. gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. : डब्ल्यू _2_623_1_जीएफएल_ एएसएन _2024-25, दिनांकः 26.03.2025,** जीएम/ इंजीनियरिंग, 17, नेताजी सुभाष रोड, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001, पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निविदा सं.: डब्ल्यू _2_ 623_1_जीएफएल_ एएसएन_2024-25 के प्रतिपक्ष खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नामः** ट्रैक आधारित रेल लुब्रिकेटर (1 किमी कैटेगरी का इलेक्ट्रॉनिक टाइप) की आपूर्ति, स्थापना, आरंभ करने और संचालन के साथ-साथ साइट की आवश्यकता के अनुसार रेल लुब्रिकेटर के लिए न्यूनतम 18 कि.ग्रा. प्रति माह प्रति लुब्रिकेटर के साथ लुब्रिकेंट की आपूर्ति। संपूर्ण प्रणाली आसनसोल मंडल के तहत 5 वर्षों के लिए आरडीएसओ के तकनीकी स्पेसिफिकेशन आईआरएस टी-48 के अनुसार होनी चाहिए (कुल 119 अदद)। **विज्ञापित मूल्यः** रु. 8,02,37,535/-, **बयाना राशिः** रु. 5,51,200/-**निविदा कागजात का मूल्य (रु.)**: 0.00, **समापन अवधिः** 66 माह । **बोली प्रणाली** : दो पैकेट प्रणाली। **प्रस्ताव की वैधताः** 90 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समयः** दिनांक 26.03.2025 को 16.44 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथिः** दिनांक 07.04.2025, **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 21.04.2025 को 15.00 बजे। निविदा कागजात का विवरण वेबसाइट https://www. ireps.gov.in पर उपलब्ध है। MISC-404/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways. gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## घटिया पीसीसी निर्माण कार्य का ग्रामीणों ने किया पुरजोर विरोध

### पूर्व में हुए निर्माण कार्य की समाप्ति के 15 दिनों में ही खराब होने लगी थी सड़क, कार्य एजेंसी के खिलाफ विधानसभा में उठेगी आवाज़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखण्ड के सुगांव मे ग्रामीण कार्य विभाग जहानाबाद द्वारा सुगांव सूर्य मंदिर से कोइरी टोला तक निर्माण कार्य किया गया था परंतु एजेंसी द्वारा काम इतना घटिया करवाया गया की कुछ ही दिनों बाद सड़क से गिट्टी निकल कर बाहर हो गया और सड़क का हाल ऐसा हो गया कि सड़क चलने लायक भी नहीं रहा। ग्रामीणों द्वारा इसकी शिकायत स्थानीय विधायक सतीश कुमार एवं जिला परिषद अध्यक्ष रानी कुमारी को किया गया। दोनों जनप्रतिनिधियों द्वारा जब यहां हुए घटिया निर्माण कार्य को लेकर आवाज उठाया गया तो 5 फरवरी को सुखदेव प्रसाद वर्मा के पुण्यतिथि पर आयोजित होने वाले राजकीय समारोह से पूर्व ठेकेदार द्वारा अलकतरा का लेप लगाकर घटिया निर्माण कार्य को ढकने का प्रयास किया गया। वहीं शुक्रवार को इस सड़क को ठेकेदार द्वारा पुनः मरम्मत कार्य शुरू किया गया लेकिन इसका ग्रामीणों ने पुरजोर विरोध किया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क के मरम्मती के नाम पर केवल बालू और चिप्स गिट्टी को मिलाकर बिछाया जा रहा है। साथ ही ग्रामीणों ने कहा कि पहले ही कराए गए सड़क निर्माण में निर्माण के 15 दिनों के भीतर ही सड़क से गिट्टी बाहर निकलने लगा था और सड़क चलने लायक नहीं रह गया था उसके बाद मरम्मती के नाम पर केवल खाना पूर्ति किया जा रहा है। जिसे ग्रामीणों ने रुकवा दिया गया है। ग्रामीण सह पैक्स अध्यक्ष लखनदेव प्रसाद यादव ने बताया कि घटिया निर्माण कार्य किए जाने को लेकर कार्यपालक अभियंता से बात भी किया गया परंतु उन्होंने इस पर कोई स्पस्ट जवाब नही दिया। जिसके बाद ग्रामीणों द्वारा काम रुकवा कर ठेकेदार को बुलवाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि काम अच्छा नहीं हुआ तो वे लोग काम नहीं होने देंगे। इस संबंध में लोगों ने कहा की यदि कार्य ऐसा घटिया हुआ तो ग्रामीण स्थानीय विधायक को लिखित आवेदन देख ठेकेदारी के नाम पर हो रहे लूट का भंडाफोड़ करने के लिए इसकी शिकायत करेंगे। पूरे मामले में स्थानीय विधायक सतीश कुमार ने कहा की सुगाँव सूरज मंदिर से लेकर गांव में जो सड़क गई है वह सुगांव तक जाने के लिए मुख्य पथ है। उन्होंने कहा कि घटिया सड़क निर्माण की बात को वे विधानसभा में भी उठाएंगे। इस मौके पर स्थानीय मुखिया रंजू देवी, ग्रामीण रोशन कुमार, सैफ फतह, मनोज गुप्ता, धनन्जय कुमार वर्मा, कौशलेंद्र कुमार वर्मा, मिथलेश राम, लक्ष्मण ठाकुर, संजीत गिरी, सहित बड़ी संख्या में लोगो ने ठेकेदार द्वारा किए जा रहे घटिया काम का विरोध किया है। और स्थानीय विधायक से पूरे मामले को संज्ञान में लेकर बिहार विधानसभा में इसकी आवज़ उठाने का मांग किया है।




**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 (**वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा** के कार्यक्षेत्र के अधीन) द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं. 1, एनआईटी सं. : 349_2024-25, कार्य का विवरण** : एसएसई/पी.वे/तारकेश्वर, एसएसई/पी.वे/हावड़ा, एसएसई/पी.वे/बामनगाछी, एसएसई/पी.वे/लिलुआ, एसएसई/पी.वे/हुगली और एसएसई/सी/टीएमसी/हावड़ा के अधीन 1 वर्ष की अवधि के लिए नियमित आधार पर विविध ट्रैक एवं अन्य रेलवे सामग्री की लोडिंग, अनलोडिंग। **अनुमानित मूल्यः** रु.43,09,153.16, **बयाना राशिः** रु. 86,200/-, **क्रम सं. 2, एनआईटी सं.: 381_2024-25, कार्य का विवरणः** एडीईएन/बैण्डेल के अधीन ब्रिज नं. 87 एवं 98ए के रूफ कवरिंग, वाटर स्टोरेज रिजर्वायर, ड्रेनेज की व्यवस्था द्वारा वर्तमान सबवे के उन्नयन के साथ सुधार। **अनुमानित मूल्यः** रु.1,75,26,203.63, **बयाना राशि :** रु. 2,37,600/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.)**: शून्य (क्रम सं. 1 एवं 2 हेतु)। **समापन अवधि** : 12 (बारह) माह (क्रम सं. 1 हेतु) और 06 (छह) माह (क्रम सं. 2 हेतु)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 14.04.2025 को 14.00 बजे । निविदा का विवरण वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतानः ई-निविदा प्रणाली के मामले में बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा। HWH-701/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# 4800 जीविका स्वयं सहायता समूहों के बीच 50.27 करोड़ ऋण वितरित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**समस्तीपुर।** समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को जीविका ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी रौशन कुशवाहा एवं दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक आनंद कौशिक के गरिमामयी उपस्थिति में दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के द्वारा लगभग 4800 जीविका स्वयं सहायता समूहों के बीच रू 50.27 करोड़ का एक ही दिन में ऋण वितरित किया गया। जिसमें जिलाधिकारी, क्षेत्रीय प्रबंधक एवं जिला परियोजना प्रबंधक द्वारा उपस्थित जीविका दीदीयों को उक्त राशि का चेक प्रदान किया। जिलाधिकारी द्वारा जिले में महिलाओं के विकास में दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक की अहम भूमिका की सराहना करते हुए बिहार राज्य में एक दिन में जीविका के तहत ऋण वितरण का नया कीर्तिमान स्थापित होने की प्रशंसा की गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य प्रबंधक सुनील कुमार, वरीय प्रबंधक मितेश कुमार झा व अमर सिंह टंडन, डीपीएम जीविका विक्रांत शंकर सिंह, सूक्ष्म वित्त प्रबंधक राजेश कुमार, वित्तीय समावेशन नोडल राजीव कुमार आदि मौजूद थे। दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक आनंद कौशिक ने कहा कि क्षेत्र की महिलाओं के आर्थिक उन्नयन में दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक की अहम भूमिका रही है। जीविका के माध्यम से ऋण प्राप्त कर क्षेत्र की महिलाएं विभिन्न स्वरोजगार यथा सिलाई-बुनाई, अचार, बड़ी, पापड़ इत्यादि बनाना, सब्जी बेचना, किराना दुकान इत्यादि जैसे कार्य कर राज्य के आर्थिक विकास में अपना योगदान सुनिश्चित कर रहीं हैं। भविष्य में भी दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक इसी प्रकार महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन एवं उत्थान हेतु प्रतिबद्ध रहेगी।

**आसमान साफ और मौसम रहेगा शुष्क---**

समस्तीपुर । जिले के डॉ राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय स्थित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जारी 29 मार्च से 02 अप्रैल, 2025 तक के मौसम पूर्वानुमान के अनुसार पूर्वानुमान की अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में आसमान साफ तथा मौसम के शुष्क रहने का अनुमान है। इस अवधि में अधिकतम तापमान 36 से 38 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान 21 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकती है। अगले दो दिनों तक 15-20 किलोमीटर प्रतिघंटा की तेज रफ्तार से पछिया हवा चल सकती है। उसके बाद हवा की रफ्तार धीमी रह सकती है। सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 70 से 80 प्रतिशत तथा दोपहर में 30 से 40 प्रतिशत रहने की संभावना है।

# अपराध की योजना बना रहे आठ आरोपितों को पुलिस ने दबोचा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**समस्तीपुर।** शिवाजीनगर थाना पुलिस ने अपराध की योजना बना रहे आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक देसी पिस्टल, दो कारतूस और सात मोबाइल फोन बरामद किए हैं। रोसड़ा डीएसपी सोनल कुमारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थानाध्यक्ष शिवाजीनगर को गुप्त सूचना मिली कि सिसई पोखर के पास कुछ अपराधी हथियार के साथ किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने छापेमारी की, जिससे अपराधी भागने लगे, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर सभी को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संजीत कुमार उर्फ संजु बाबा (ग्राम खरसान), राकेश साहू (ग्राम परसा), नवीन कुमार उर्फ शेर सिंह (ग्राम रजौर), नवीन कुमार (ग्राम रजौर), मनीष कुमार (ग्राम शिवरामा), कृष्ण उर्फ हंटर (ग्राम परसा), कैलाश मंडल उर्फ बुलेट (ग्राम परसा) और सत्यम कुमार (ग्राम सिसई) के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने शिवाजीनगर थाना क्षेत्र में लूट और डकैती की योजना बनाने की बात स्वीकार की है। पुलिस को इनके पास से कुछ और महत्वपूर्ण सुराग भी मिले हैं, जिनके आधार पर आगे की कार्रवाई जारी है। पुलिस अब इनके अन्य आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है और इनके साथ जुड़े अन्य अपराधियों की भी तलाश की जा रही है। सभी गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापेमारी दल में थानाध्यक्ष शिवाजीनगर पुअनि छोटेलाल सिंह, पुअनि हंसराज राम, पुअनि शंकर कुमार चौधरी एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

# बाबा केवल धाम एवं बाबा अमर सिंह राजकीय मेला की तैयारियों को लेकर डीएम ने दिए कई निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में आगामी बाबा केवल धाम एवं बाबा अमर सिंह राजकीय मेले की तैयारियों को लेकर समाहरणालय सभागार में समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस क्रम में सबसे पहले उन्होंने कार्यपालक अभियंता स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन से मंदिर एवं मेला क्षेत्र स्थित अन्य भवनों की मरम्मती एवं रंग रोगन के विषय में जानकारी ली। जिसमें कार्यपालक अभियंता दिनांक 31 मार्च तक कार्य पूर्ण कर लिए जाने का आश्वासन दिया। इसी प्रकार कार्यपालक अभियंता पीएचईडी ने बताया कि पेय जल, अस्थाई स्नानागार एवं चेंजिंग रूम तथा अस्थाई शौचालय की व्यवस्था 2 अप्रैल तक पूर्ण कर लिए जाएंगे। वहीं नजारत उप ने बताया कि विभिन्न श्रद्धालुओं के ठहरने हेतु अस्थाई पंडाल एवं अस्थाई विद्युतीकरण 2 अप्रैल तक पूरी कर ली जाएगी। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी समस्तीपुर सदर एवं अनुमंडल पदाधिकारी पटोरी को निर्देश दिया कि किन-किन स्थानों पर क्या कार्य किया जाना है इससे संबंधित विस्तृत रिपोर्ट दो दिनों के अंदर समर्पित करेंगे। नजारत उप समाहर्ता को निर्देश दिया गया की प्रमुख स्थलों पर अनुमंडल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर सीसीटीवी कैमरा लगवायेंगे एवं कंट्रोल रूम में उनका डिस्प्ले लगाएंगे। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी समस्तीपुर सदर दिलीप कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी पटोरी विकास कुमार पांडे, भूमि सुधार उपसमाहर्ता पटोरी प्रियंका कुमारी, नजारत उप समाहर्ता रजनीश कुमार राय, जिला आपूर्ति पदाधिकारी महमूद आलम, कार्यपालक अभियंता भवन शशांक, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी अभिषेक एवं कार्यपालक अभियंता स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन रवि गुप्ता सहित सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की विधानसभा स्तरीय बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा, औरंगाबाद।** कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को महादलित सामुदायिक भवन अंबा में विधानसभा स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नीलम सिंह तथा संचालन एससी-एसटी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अजय राम ने किया। कुटुंबा विधानसभा प्रभारी रामाश्रय चौहान ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कुटुंबा विधानसभा के जिम्मेवारी मुझे सौंपी है। कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र को दो भाग में बांट कर पंचायत वार सेक्टर बनाना है। जिसमें आप लोगों के सहयोग की आवश्यकता है। बैठक में आप लोगों द्वारा कहीं गई बातों को शीर्ष नेतृत्व के समक्ष रखा जाएगा।

# काली पट्टी बांध कर पुर अकीदत अदा की गई अलविदा की नमाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**समस्तीपुर।** आज जिले भर के मुसलमानो ने पुर अकीदत अलविदा की नामज अदा की। इस दौरान वक्फ बिल के के विरोध में उन्होंने काली पट्टी लगा रखी थी। नमाज के बाद तमाम अकीदतमंदों ने मस्जिद के बाहर एकजुट हो कर केन्द्र सरकार के वक्फ बिल के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। इसी क्रम में चकअशरफ मस्जिद में भी जुम्मे के नमाज बाद वक्फ बिल के विरोध में मुसलमानो ने अपने हाथ पर काली पट्टी बांधकर नाराजगी जाहिर की। उनका कहना है वक्फ बिल हमारी निजी सरियत का मामला है। इसमें सरकार को हस्तक्षेप करने की जरूरत नहीं है। वहीं आफताब आलम, लूडो का कहना था बीजेपी मुस्लमान विरोधी पार्टी है और वक्फ बिल हम मुसलमानो के खिलाफ है। वही निसार अहमद ने कहा कि सरकार को बेरोजगारी, शिक्षा, मेडिकल, गरीबी पर ध्यान देना चाहिए, मगर सरकार वक्फ बिल पर लोगों को उलझा रही है। वही जेयाल्लाह उस्मानी का कहना था हम लोग इस बिल का मोखाल्फत करते है सरकार मुसलमानो की जितनी भी संस्था, जैसे मस्जिद, मदरसा, और हम मुस्लिमो के खिलाफ सडयंत्र कर रही है। मोहम्मद इरफान का कहना था, नायडू और नीतीश की सरकार भी मुसलमानो के खिलाफ है इन्हे सिर्फ मुसलमानो का वोट चाहिए लेकिन ये सरकार भी आज वक्फ बिल के पक्ष मे सरकार के साथ खरी है आने वाले चुनाव मे भी हम जदयू सरकार का विरोध करेंगे वहीं मौके पर मस्जिद के इमाम मोहम्मद रागिब अनवर,मोहम्मद गुलाम साबिर,मंजर अली, आसिफ जफर, मोहम्मद रूबी, मोहम्मद अनस, मोहम्मद खलिकुज जमा, मोहम्मद सद्दन, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद नूरन, मोहम्मद मासूम, मोहम्मद फैज, मोहम्मद जफरिन,मोहम्मद अमिश, मोहम्मद अंजार, मोहम्मद लुकमान, गुड्डू, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद रयान, मोहम्मद अमीन, मोहम्मद मोबीन आदि हजारों के तादाद में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हाथ पर काली पट्टी बांधकर आज वक्फ बिल के खिलाफ जुम्मे की नमाज अदा किया। उधर मुसरीघरारी के जामा मस्जिद में वक्फ बोर्ड संशोधन बिल के विरोध में शुक्रवार को अलविदा जुम्मा की नमाज के समय नमाजियों ने अपनी बांह में काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ी। इस दौरान मुस्लिम भाइयों ने कहा कि केंद्र सरकार जबतक वक्फ बिल वापस नहीं लेती तबतक इसी तरह विरोध जारी रहेगा।

# निःसंतान स्त्रियों की समस्या के समाधान के लिए शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**औरंगाबाद।** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी औरंगाबाद के तत्वावधान में रेड क्रॉस भवन में नि संतान स्त्रियों की समस्या समाधान एवं सलाह प्रेषण हेतु एक शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में राष्ट्रीय स्तर के चिकित्सक डॉ स्मृति स्पर्श फर्टिलिटी एक्सपर्ट, पटना के द्वारा सैकड़ों निःसंतान स्त्रियों को निशुल्क परामर्श देकर समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर प्रारंभ के पूर्व नगर परिषद के अध्यक्ष उदय गुप्ता, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना दयाशंकर सिंह, वरीय उप उपसमाहर्ता बेबी प्रिया, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन सतीश कुमार सिंह, नबीनगर के प्रमुख लव कुमार सिंह, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक सुरेंद्र कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। चेयरमैन सतीश कुमार सिंह ने बताया कि भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी औरंगाबाद के द्वारा स्वास्थ्य, मानवता, सभी वर्गों का कल्याण तथा निःशुल्क चिकित्सा संबंधी सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। शिविर के मुख्य अतिथि डॉ स्मृति स्पर्श ने बताया कि भारतीय रेड सोसायटी के निमंत्रण पर निसंतान स्त्रियों के समस्याओं के समाधान तथा परामर्श हेतु मैं यहां आई हूं। औरंगाबाद जिला सेवा करने का सबसे बेहतर स्थल है। औरंगाबाद से मेरा पुराना रिश्ता है, इस तरह के समस्याओं के समाधान के लिए मैं हमेशा उपस्थित रहूंगी। सचिव दीपक कुमार ने बताया कि औरंगाबाद के विभिन्न प्रखंड तथा आस-पास एवं सुदूर क्षेत्र से निःसंतान स्त्रियां अपनी समस्या समाधान, परामर्श एवं सलाह हेतु इस शिविर में भाग लेकर अपनी समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने बताया कि शिविर के सफल आयोजन हेतु जीविका दीदी, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका, शिक्षक अन्य सामाजिक कार्यकर्ता तथा सभी वर्गों में इसके लिए प्रचार करते हुए आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में रेडक्रॉस समिति के सदस्य डॉ रवि रंजन, जूनियर रेड क्रॉस के जिला काउंसलर सह सचिव डॉ निरंजय कुमार, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अमित गुप्ता, सुरेश कुमार सिंह, मनोज कुमार, श्रवण कुमार, रिशु कुमार, गुड्डू कुमार आदि उपस्थित थे।

# दहेज हत्या के आरोप में पति समेत पांच के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चकिया (पूर्वी चम्पारण)।** विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित कर हत्या करने का आरोप लगाते हुए मृतका के पिता ने पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। मृतका के पिता मुफस्सिल थाना क्षेत्र मोतिहारी के सायनगर वार्ड 8 निवासी राज कुमार साह ने दर्ज प्राथमिक में बताया कि मेरी पुत्री पूनम कुमारी की शादी जुलाई 2023 में हिंदू रीति रिवाज के साथ चकिया थाना क्षेत्र अंतर्गत धोबौलिया गांव निवासी संदीप साह पिता बिरगुन साह के साथ हुई थी। जिसे एक वर्ष का एक पुत्र भी है। शादी के बाद उसके पति संदीप साह, सास, ससुर बिरगुन साह,देवर रंजीत साह, देवरानी पूजा देवी दहेज में बाइक, सोने का चैन पिता से मांगने के लिए मारपीट व प्रताड़ित करते थे।

# विधायक आनंद शंकर सिंह ने की औरंगाबाद में हवाई अड्डा की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा में औरंगाबाद के विधायक आनंद शंकर सिंह ने अपने क्षेत्र में हवाई अड्डे के निर्माण की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद ऐतिहासिक और आर्थिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है, लेकिन अब तक हवाई संपर्क से वंचित है। इस कारण व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन जैसे क्षेत्रों को अपेक्षित विकास नहीं मिल पा रहा है।

विधायक ने सरकार से आग्रह किया कि इस दिशा में शीघ्र निर्णय लिया जाए और औरंगाबाद को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर से जोड़ा जाए। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि औरंगाबाद बिहार की ऊर्जा राजधानी के रूप में उभर रहा है, जहाँ एनटीपीसी के दो मेगा प्रोजेक्ट और कई अन्य औद्योगिक इकाइयां संचालित हैं। विधायक आनंद शंकर सिंह ने कहा कि एक हवाई अड्डा हमारे क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाई देगा और इससे निवेश व रोज़गार के अवसर बढ़ेंगे।


**असैनिक शल्य चिकित्सक**
**–सह–मुख्य चिकित्सापदाधिकारी, गढ़वा**
**(जिला यक्ष्मा कार्यालय,गढ़वा)**
**Email Id: dtojhgrh@rntcp.org**

(रद्द पत्र)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा संख्या 01/2025/353] दिनांक– 03/03/2025, PR 348884 को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

ह0/
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

PR 349495 (Health Med Edu and Family Welfare)24-25*D


# आवास योजना के लिए बीडीओ ने की सीधी सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) उपेंद्र दास ने आवास चयन प्रक्रिया में सीधी सुनवाई कर आवास सहायक को नाम जोड़ने का आदेश दिया। बलिगांव पंचायत के खड़वां गांव की फुलामती देवी अपने बेटे और बेटी के साथ बीडीओ कार्यालय पहुंचीं और आवास की मांग की। बीडीओ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत आवास सहायक को निर्देश दिया कि वह मौके पर जाकर जांच करे और परिवार को आवास सूची में शामिल करे। उन्होंने पंचायत के लोगों से सर्वे में सहयोग करने की अपील की और कर्मियों को पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा, यदि किसी को आवास योजना में अनियमितता की शिकायत हो तो वे सीधे मुझसे संपर्क कर सकते हैं।

**वारंटी की गिरफ्तारी के बाद थाने से दी गई बेल**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज पुलिस ने हाजीपुर भुइया बीघा निवासी मंजू भुइया को गिरफ्तार कर थाना लाया। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि औरंगाबाद न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया था, जिसके आलोक में आरोपी को घर से ही गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद, वारंटी के परिजनों ने न्यायालय से रिकॉल जमा किया। इसके आधार पर थाने से ही वारंटी को बेल दे दी गई।


**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: जीएसयू/इलेक्ट/एएसएन /2025/02, दिनांक 26.03.2025,** उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/ इलेक्ट/गति शक्ति यूनिट, आसनसोल, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस और निम्नलिखित कार्य के निष्पादन में वित्तीय संपन्नता रखने वाले प्रतिष्ठित निविदाकारों से ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा केस सं. जीएसयू–इलेक्ट–एएसएन–2025–02, कार्य का नाम:** गति शक्ति यूनिट, आसनसोल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आसनसोल में अमृत भारत स्टेशन स्कीम के अंतर्गत विकास के लिए स्टेशनों पर अमृत भारत स्टेशन स्कीम के अंतर्गत एस्केलेटर कार्यों के प्रावधान के लिए सुगम इलेक्ट्रिकल कार्यों के अंतर्गत एस्केलेटर कार्यों का प्रावधान (आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और आरंभ करना) (कुल 05 अदद – दुमका – 02 अदद , देवघर – 02 अदद और अंडाल – 01 अदद)। **निविदा मूल्य :** रु. 2,75,80,415.60, **बयाना राशि :** रु. 2,87,900/–, **बंद होने की तिथि और समय** : दिनांक 21.04.2025 को 12.00 बजे। **कार्य की समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 9 (नौ) माह। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधता :** खुलने की तिथि से 60 दिन। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है।

ASN-397/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



**प्रपत्र VI 'क'**
**समाहरणालय, गढ़वा**

**(जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा) या**
**समाहर्त्ता या समुचित सरकार**
**प्रारंभिक अधिसूचना**
**(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)**

अधिसूचना संख्या 391/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 27.03.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–पनघटवा, थाना नं0–172, थाना–धुरकी, अंचल–धुरकी, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **मेराल–बाना–अम्बाखोरिया पथ (MDR-149) चौडीकरण योजना** हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–पनघटवा, थाना नं0–172, थाना–धुरकी, अंचल–धुरकी, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–0.114 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0,द0,पू0,प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 41 | 323/415 | वन विभाग | – | 0.018 | वन विभाग बिहार सरकार | उ0–322 द0–324 पु0–3324 प0–323 |
| 2 | 40 | 308 | रैयती | – | 0.096 | शिवपुजन यादव वो किशुन यादव रामसुन्दर यादव पिता–हरदेव यादव | उ0–309 द0–322 पु0–320 प0–322 |
| कुल :– | | | | | 0.114 | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन श्री फैजुल्लाह अंसारी को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

अमीन, जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा | कानूनगो, जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा | अपर समाहर्त्ता, गढ़वा | उपायुक्त, गढ़वा

PR 349494 Land Reforms(24-25).D



**कार्यालय :– जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू**
**(जिला आयुष समिति, पलामू)**
**सदर अस्पताल चौक, मेदिनीनगर, पलामू ई0 मेल– damopalamu@gmail.com**

पत्रांक 97/आयुष मेदिनीनगर दिनांक 27.03.2025/

–कार्यालय आदेश–

जिला आयुष समिति, पलामू के अधीनस्थ जिलान्तर्गत सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष)/हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर(आयुष)/राजकीय आर्युदिक औषधालय/जिला संयुक्त औषधालय हेतु योग प्रशिक्षक पारिश्रमिक के आधार पर रखा जाना है। योग प्रशिक्षक के चयन हेतु दिनांक– 08.04.2025 एवं 09.04.2025 को पूर्वाहन् 10:00 बजे से Walk–In-Interview सिविल सर्जन कार्यालय, पलामू के सभागार में निर्धारित किया गया है। इच्छुक अभ्यार्थीयों से निम्नलिखित शर्तो के अधीन आवदेन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र | पद का नाम | पद की संख्या | आवश्यक आर्हता | पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|---|
| 01 | योग प्रषिक्षक (पुरूष/महिला) | पुरूष – 42 महिला – 42 | किसी मान्यता प्राप्त विष्वविद्यालय/संस्थान से योग के विषय पर डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट बोर्ड का होना या योगा सर्टिफिकेषन बोर्ड/प्रधानमंत्री कौषल विकास योजना से सर्टिफाईड योग प्रषिक्षक | योग प्रषिक्षक को प्रत्येक सत्र के लिए रू0 250/–प्रति योग सत्र देय होगा। |

योग प्रषिक्षक के **Walk–In-Interview** की प्रखण्डवार सूची

| दिनांक– 08.04.2025 | दिनांक– 09.04.2025 |
|---|---|
| प्रखण्ड– हुसैनाबाद/हैदरनगर/मोहम्मदगंज /छतरपुर/नवडीहा बाजार/हरिहरगंज/ पिपरा/विश्रामपुर/ नावा/ उंटारी रोड़ एवं पाण्डू। | प्रखण्ड– सदर मेदिनीनगर/सतबरवा/चैनपुर/रामगढ़/लेस्लीगंज/पांकी/तरहसी/मनातू/पाटन एवं पण्डवा। |

सामान्य जानकारी एवं निर्देश –
1. भर्ती के किसी भी चरण में यदि यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी पात्रता मापदण्ड/तथ्यों को पूरा नहीं करता है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी।
2. साक्षात्कार हेतु विहित प्रपत्र में वांछित सभी तरह के प्रमाण पत्रों को स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति एवं पासपोर्ट साईज फोटो (02 प्रति) के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे साथ ही साथ प्रमाण पत्रों की मूल प्रति अभ्यर्थी अपने साथ रखेंगे।
3. साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए उम्मीदवार को कोई यात्रा भता देय नहीं होगा।
4. उम्मीदवार को सूचित किया जाता है कि नौकरी के नियमितीकरण के संबंध में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा अगर भविष्य में नियमितीकरण का दावा करते है तो वैसी स्थिति में उनकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जायेगी।
5. कार्य दिवस/योग सत्र आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा दिये गये मार्ग–दर्शिका के अनुरूप होगी।
6. प्रत्येक योग सत्र दो घंटे का होगा।
7. प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर (विज्ञापन के साथ संलग्न) में योग/अन्य wellness Activities का कम से कम 10 सत्र निर्धारित तिथि एवं समय पर किया जायेगा।
8. स्थानीय प्रमाणित (Certified) योग प्रशिक्षक एवं अनुभवी योग प्रशिक्षक को सर्वप्रथम प्राथमिकता दी जायेगी। जिस हेतु स्थानीय प्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। पलामू जिला के स्थानीय अभ्यार्थी को प्राथमिकता दी जायेगी।
9. यदि एक से अधिक अभ्यार्थी चयनित हो तो वैसी स्थिति में योग कोर्स के प्राप्तांक दूसरा निर्णायक कारक होगा।
10. आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष/हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर आयुष के 5–10 किलोमीटर की परिधि में रहने वाले योग प्रशिक्षक को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी।
11. योग/अन्य Wellness Activities के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर में निर्धारित जगह चिन्हित की जायेगी। यदि आयुष्मान आरोग्य मंदिर में जगह उपलब्ध नही होगी वैसी स्थिति में निकटतम स्कुल, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र या अन्य सरकारी सामुदायिक भवन में योग/अन्य Wellness Activities के लिए जगह निर्धारित किया जा सकता है।
12. इस विज्ञापन में टंकक अशुद्धि/संशोधन तथा Walk–In-Interview तिथि में आवश्यकतानुसार परिर्वतन करने का अधिकार जिला चयन समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू। | सिविल सर्जन, पलामू।

PR 349464 (District)24-25*D

# रामनवमी में संवेदनशील स्थलों पर होगी केंद्रीय बल की प्रतिनियुक्ति : डीआईजी

## ड्रोन से की जाएगी निगरानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन सोन।** राम नवमी एक महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है।वही ईद भी इस्लाम धर्मावलंबियों के लिए महत्वपूर्ण है। शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र के चारों जिलों रोहतास, भोजपुर, कैमूर व बक्सर में इन दोनों पर्व को लेकर लोग बड़ी संख्या में इकट्ठा होते हैं। इस दिन को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस कर्मियों को अलर्ट रहने का निर्देश सभी एसपी को दिया गया है। शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र के डी आईजी डॉ सत्य प्रकाश के अनुसार राम नवमी के दौरान बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा होते हैं, जिससे सुरक्षा की आवश्यकता बढ़ जाती है। पुलिस कर्मियों को कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए अलर्ट रहना होता है ताकि कोई भी अप्रिय घटना न हो। उन्होंने कहा कि सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए थानास्तर पर शांति समिति की बैठके आयोजित किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि ईद व राम नवमी जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों में खलल डालने वाले उपद्रवियों से पुलिस सख्ती से निपटेगी।चारों जिलों में अतिरिक्त पुलिस बल उपलब्ध कराए गए है।सैप, बिसैप व केंद्रीय बालों की तैनाती की जाएगी। पर्व को ले पुलिस का फ्लैग मार्च भी हो रहा है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। पुलिस सीसीटीवी कैमरे व ड्रोन से शोभा यात्रा की निगरानी की जाएगी।

उन्होंने कहा कि रामनवमी शोभा यात्रा में डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।पूर्व में जिन स्थलों पर धार्मिक कार्य में खलल डालने में शामिल लोगों पर निरोधात्मक कारवाई करने को निर्देश दिए गया है।

# लालापुर गाव में आग लगने से तीन घर जलकर खाक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामपुर।** प्रखंड क्षेत्र के अमाव पंचायत के लालपुर गांव में शुक्रवार को दोपहर अचानक आग लग जाने से तीन लोगों के घर के साथ-साथ घर में रखा हुआ सारा सामान जलकर खाक हो गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मौके पर पहुंच प्रखंड प्रमुख घुरा सिंह यादव ने पीड़ितों को संतावना देते हुए कहा कि इस विपत्ति की घड़ी में मैं आप लोगों के साथ हूं। सरकार द्वारा जो भी उचित मुआवजा मिलता है वह दिलाने का भरपूर प्रयास करूंगा। प्रमुख द्वारा अंचलाधिकारी को टेलिफोनिक खबर दिया गया। जहां घटनास्थल पर कर्मचारी पहुंचकर जयजा लिया, मिली जानकारी के मुताबिक बेचन शर्मा, मुखिया शर्मा, वीरेंद्र शर्मा पिता स्वर्गीय बैजू शर्मा का घर के साथ-साथ घर में रखें अनाज कपड़ा लता सहित एक गाय, तीन बकरी सहित चार मवेशी मवेशी भी आग के चपेट में आने से बुरी तरह घायल है। प्रखंड प्रमुख ने बताया कि पशु चिकित्सक रामपुर को टेलीफोन के माध्यम से खबर दी जा रही है।

## एक नजर

### भक्ति में शक्ति निहित : देवी अनुराधा सरस्वती

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भगवान भक्त के अंतर प्रेम को पहचानते हैं। भक्ति में शक्ति निहित है। अहंकार टूटने पर भगवान उसे भक्ति का जयमाल पहनाते हैं। उक्त बातें अयोध्यावासी कथावाचिका देवी अनुराधा सरस्वती ने बिक्रम के वृंदावन कॉलोनी में श्रीराम कथा के पांचवें दिवस पर कहीं। उन्होंने कहा कि विश्वामित्र जी के साथ दोनों भाई श्री सीताजी की स्वयंवर सभा में प्रवेश करते हैं तब जिसकी जैसी भावना थी सभी ने उस रुप में भगवान राम का दर्शन किया। भगवान शंकर के जिस धनुष को बड़े- बड़े बलवान राजा हिला भी नहीं सके उसे भगवान राम ने बड़े ही सहज भाव से तोड़ कर श्री जानकी जी से मंगलमयी विवाह संपन्न किया। शिवजी के धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाने की प्रतिज्ञा थी जनक जी की परंतु गुरु की आज्ञा से रामजी ने धनुष तोड़ दिया। इसका अर्थ यह है कि धनुष अहंकार का प्रतीक है, अहंकार को चढ़ाया नहीं जा सकता उसे तोड़ने पर भक्ति जयमाला पहनाती है। साधक का अहंकार टूटे और फिर जो भक्ति मिलती है वह परमात्मा द्वारा प्रदत्त होती है। कथा में समाजसेविका मानती देवी,अनिल कुमार, अमरेंद्र कुमार अमरेश, मदनदास, चमन राज, रोजी गुप्ता, पप्पू गुप्ता, गुड्डू गुप्ता, मनीष कुमार, ओनु कुमार, ललन कुमार आदि मौजूद थे।

### कार नहर में गिरी, बचे सवार



**डिहरी ऑन सोन (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** इंद्रपुरी थाना क्षेत्र के पश्चिमी संयोजक नहर के भैंसहा नगर पुल पर शुक्रवार को चालक के संतुलन खोने से कार नहर में गिर गया। ग्रामीणों के अनुसार मिठोपुर गांव का एक युवक अपने एक स्वजन के साथ डेहरी बजार से गांव लौट रहा था। भैंसहा पुल के टर्निंग पर चालक ने संतुलन खो दिया जिस कारण कार नहर में जा गिरा।जिसमें सवार युवक व एक अन्य को हल्की चोट लगी है।नहर में कम पानी होने के कारण दोनों कार से निकल गए।

### डीएम के आदेश के बाद भी फर्जी जमाबंदी भूमि की जांच नहीं

**डिहरी ऑन सोन (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अनुमंडल क्षेत्र के नौहट्टा के भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर प्रसाद ने बिहार सरकार भूमि की फर्जी जमाबंदी तैयार कर रसीद निर्गत करने के मामले पर डीएम से जांच की मांग की थी जिसके आलोक में डीएम ने संज्ञान लेते हुए पत्रांक 2474 , 12 नवम्बर 2024 को भूमि सुधार उप समाहर्त्ता डेहरी व कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत रोहतास को संयुक्त रूप से जांच करने का आदेश दिया था। पूर्व प्रखंड अध्यक्ष ने तत्कालीन सीओ राम प्रवेश राम पर आरोप लगाया है कि अपने शागिर्द दो कर्मचारियों के मिली भगत से सैकड़ो एकड़ बिहार सरकार भूमि की कीमती भूमि का फर्जी जमाबंदी तैयार कर आनलाईन करवा कर रसीद निर्गत कर दिया। इस मामले में लाभर्थियो से करोड़ों रुपए का वसूली भी हुआ है। पूर्व प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि चार माह बीतने के बाद भी इस मामले की जांच अब तक नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री से मिलकर शीघ्र उचित कार्रवाई करने का मांग किया है। भूमि सुधार उप समाहर्ता डेहरी अभिषेक कुमार ने बताया कि रामनवमी के बाद जांच कर जांच प्रतिवेदन जिला पदाधिकारी को सौपने की बात कही।

### हत्या आरोपितों की गिरफ्तारी की लगाई गुहार

**डिहरी ऑन सोन (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सासाराम मुफस्सिल थाना के जयपुर गांव निवासी मालती देवी ने अपने पति उपेन्द्र सिंह की हत्या में शामिल अन्य अभियुक्तों का नाम जोड़ने और हत्यारों पर कारवाई की गुहार एसपी से शुक्रवार को लगाई है। उन्होंने कहा है कि महेन्द्र यादव के परिवार के लोगो ने मिलकर साजिश के तहत उनके पति पर हमला कराये। जिसमे महेन्द्र यादव ने जान बुझकर मेंरे पति के सिर पर ईट से मारा और मेंरे पति की मृत्यु हो चुकी है। उनके पति की घायल अवस्था में ही अस्पताल में पुलिस को बयान दिया था। जिसमें कुछ आरोपितों का नाम छोड़ दिया गया है। पति के जीवन मृत्यु से जुझने के कारण कुछ अन्य अभियुक्तों का नाम छूट गया था। उनका भी उक्त घटना करने कराने में हाथ है। घटना स्थल पर भी सभी मौजूद थे। वे सभी अपराधी प्रवृत्ति के है। पहले से इन सबों सासाराम मुफस्सिल थाना को कई प्राथमिकी दर्ज है। एसपी रौशन कुमार ने जांच कराकर कारवाई का भरोसा दिया है।

# वक्फ संशोधन बिल के विरोध में लगाई काली पट्टी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**हिलसा (नालंदा)।** शुक्रवार को हिलसा शहर के दरगाह मोहल्ला स्थित मस्जिद में माह-ए-रमजान के आखिरी जुमे की नमाज अदा की गई। इस मौके पर राजद नगर अध्यक्ष मोहम्मद परवेज ने बताया कि मुसलमान भाइयों ने केंद्र सरकार द्वारा लाए गए 2024 के वक्फ संशोधन बिल के विरोध में अपने दाएं हाथ पर काली पट्टी बांधकर अपना असंतोष जताया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कहा कि माह-ए-रमजान का आखिरी जुमा विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इस दिन की गई इबादत से रोजेदारों और नमाजियों को कई गुना अधिक सवाब (पुण्य) मिलता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग मस्जिद में एकत्रित हुए और विशेष नमाज अदा की। उन्होंने अमन, चैन और देश की खुशहाली के लिए दुआएं मांगी। इस मौके पर मस्जिद के सचिव मोहम्मद रिंकू, मोहम्मद कैसर, मोहम्मद भोली, मोहम्मद हसमत, मोहम्मद अलाउद्दीन, मोहम्मद सलाउद्दीन, पूर्व वार्ड पार्षद मोहम्मद अख्तर, मोहम्मद नईम, मोहम्मद सईद, मोहम्मद जहांगीर समेत सैकड़ों मुस्लिम भाई शामिल हुए।

# शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में अता की गई अलविदा जुमे की नमाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रक्सौल (पूर्वी चम्पारण)।** पाक महीने रमजान की अंतिम अलविदा नमाज़ आज शहर की बड़ी जामा मस्जिद सहित सभी छोटी बड़ी मस्ज़िदों में बहुत ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में अदा की गई। इस मौके पर शहर की बड़ी जामा मस्जिद और उसके सामने सैकड़ों की संख्या में रोजेदारों ने नमाज़ अदा की और मुल्क की तरक्की और खुशहाली के लिए अल्लाह से दुआख्वानी की। इस दौरान कुछ लोग वक्ख संशोधन बिल के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर करने के लिए अपनी बाहो पर काली पट्टी बांधकर भी पहुंचे थे। बहरहाल सुरक्षा और शांति व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए इस दौरान प्रशासन की तरफ से पुलिस फोर्स की भी समुचित तैनाती की गई थी।

# दुष्कर्म मामले में फरार आरोपित के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गणिपुर गांव में दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी मनीष कुमार के घर शुक्रवार को पुलिस ने डुगडुगी बजाकर इश्तेहार चिपकाया। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश पर की गई।

हिलसा थाना की पुलिस पदाधिकारी शिल्पी राणा ने बताया कि 2023 में थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली नाबालिग लड़की से दुष्कर्म की घटना हुई थी। इस संबंध में पीड़िता के फर्द बयान पर मनीष कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। कांड दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार है और पुलिस लगातार उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी, लेकिन वह पकड़ में नहीं आया। न्यायालय द्वारा जारी आदेश के तहत पुलिस ने इश्तेहार जारी कर आरोपी के घर चिपकाया। यदि निर्धारित समय के भीतर आरोपी थाना या न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करता है, तो कोर्ट के आदेशानुसार उसकी संपत्ति की कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

# पीपीयू में पीजी संस्कृत, मैथिली व पाली विभाग खोलने को एकेडमिक काउंसिल की हरी झंडी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में पीजी संस्कृत, मैथिली एवं पाली विभाग खुलेगा। इसके अतिरिक्त सीबीसीएस के तहत स्नातक पाठ्यक्रम के मेजर कोर्स में योगा को शामिल करने के साथ-साथ हेल्थ केयर मैनेजमेंट कोर्स आरंभ करने पर भी विचार किया गया। इस आशय का निर्णय शुक्रवार को विश्वविद्यालय के बापू सभागार में कुलपति प्रो. शरद कुमार यादव की अध्यक्षता में आयोजित एकेडमिक काउंसिल की बैठक में लिया गया। बैठक में बीबीए, बीसीए के सिलेबस में 20 प्रतिशत तक की बदलाव करने को हरी झंडी दी गई। बदलाव के बाद सिलेबस को अनुमोदन के लिए राजभवन भेजा जाएगा, इसके बाद इसे लागू किया जाएगा। कुलसचिव प्रो. एनके झा ने बताया कि विश्वविद्यालय में शोध कार्य को बढ़ावा देने के लिए रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल, आइटी सेल का भी गठन किया जाएगा। इसके लिए भी आवश्यक कवायद करने का निर्णय लिया गया। सीबीसीएच के तहत चार वर्षीय कोर्स के सेमेस्टर वन में एमआइएल के तहत एईसी वन में केवल अंग्रेजी चुनने के विकल्प को बढ़ाने हुए हिंदी विषय को भी रखने पर सहमति दी गई। पीएचडी के नामांकन में पूर्व से एलाइड विषयों के लिए सुरक्षित 10 प्रतिशत को बढ़ाने पर विचार किया गया। एलएलएम कोर्स के आर्डिनेंस एंड रेगुलेशन में बिहार इंस्टीट्यूट आफ ला कालेज की जगह पाटलिपुत्र विवि के लिए संशोधन को अनुमति दी गई। इसके साथ ही फैकेल्टी आफ एजुकेशन एवं ला में पीजी विभाग खोलने एवं पीएचडी कराने को लेकर विचार किया गया। बैठक का संचालन कुलसचिव प्रो. एनके झा ने किया। बैठक में प्रति कुलपति, डीएसडब्ल्यू, परीक्षा नियंत्रक डा. मनोज कुमार, डीन प्रो. छाया सिन्हा, कालेज आफ कामर्स प्राचार्य डा. इंद्रजीत राय, टीपीएस प्राचार्य डा. उपेंद्र प्रसाद सिंह, डा. ललन सिंह, डा. अरुण कुमार, डा. मधु प्रभा आदि भी थीं।

# स्वच्छता जन-जन का अभियान, इसमें प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक : नीतू नवगीत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पटना।** ललित नारायण मिश्रा आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान में पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान दल द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण के प्रति पटनावासियों को जागृत करने के उद्देश्य से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पटना नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि स्वच्छता अभियान किसी एक व्यक्ति विशेष का अभियान नहीं है बल्कि जन-जन का अभियान है और इसीलिए इस अभियान में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है। शहर के सभी निवासियों से स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लेने की अपील करते हुए नीतू नवगीत ने कहा कि पटना शहर की रैंकिंग को बेहतर बनाने और शहर की स्वच्छता में भागीदारी हेतु इस अभियान में हिस्सा लेना आवश्यक है। संस्थान के अनेक छात्र और छात्राओं ने पटना नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराए गए कर कोड को स्कैन करके स्वच्छता सर्वेक्षण में हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित डॉ. नीतू कुमारी नवगीत, डॉ. प्रीति सिंह, डॉ. चंद्र सिंह और राजेश केशरी के द्वारा किया गया । संस्थान की ओर से पटना नगर निगम की पहल का स्वागत करते हुए डॉ चंद्र सिंह ने कहा कि पटना शहर को साफ सुथरा रखने के लिए सबको हाथ बंटाना चाहिए। कार्यक्रम की सफलता में डॉ. प्रीति सिंह (सहायक प्रोफ़ेसर),डॉ. चंद्र सिंह (प्रोफ़ेसर), डॉ. रितु नारायण (सहायक प्रोफ़ेसर), अनुमेहा सिंह (प्लेसमेंट अधिकारी), अनुराग राठौर (मार्केटिंग अधिकारी) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में नीतू नवगीत के साथ लोकगायक राजेश केशरी, चंदन उगना, विश्वनाथ पाण्डे ढोलक पर, दिव्या श्री ने स्वच्छता गीतों की प्रस्तुति में महत्वपूर्ण योगदान दिया। नीतू नवगीत ने घर घर अलख जगायेंगे स्वच्छ पटना बनेगा, सबसे बड़ा है गहना साफ़ रहना जैसे गीत गाकर सबको स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के विद्यार्थियों ने बेहद उत्साहित होकर डट कोड स्कैन किया और स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लिया।

# 100 डेज टीबी कैम्पेन के तहत निक्षय शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)।** प्रखण्ड के स्वास्थ्य उपकेंद्र विन्ध्यवासिनी अंतर्गत महुआवा गाँव में गुरुवार को 100 डेज टीबी कैम्पेन के तहत निक्षय शिविर का आयोजन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संतोष कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में किया गया उन्होंने बताया कि टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत यह कैम्प लगाया गया है जहाँ फ्री स्वास्थ्य जाँच किया गया जिसमें अल्ट्रा पोर्टेबल ऐक्स रे यूनिट मशीन से यक्ष्मा रोगी की पहचान की गई एवं पांच साल पुराने टीबी से ठीक हुए रोगियों को पुनः जाँच किया गया एवं दो साल पुराने रोगियों के घर वाले को भी जाँच कराने को कहा गया इस दौरान पंचायत के अधिक से अधिक लोगों को जाँच कराने की अपील की गई वहीं कैम्प में चिन्हित 14 मरीजों का बलगम एकत्रित किया गया एवं जाँच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहाँ टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर टीबी का दवा वितरण कर इलाज शुरु की जाएगी साथ ही कैंप में बीपी जाँच,ब्लड शुगर, एचआईवी, हीमोग्लोबिन, हाइट, वजन का परीक्षण की गई एवं आवश्यक सभी दवा का वितरण किया गया कैम्प में कुल 120 महिला एवं पुरुष का चेस्ट का एक्स रे कर टीबी का स्क्रीनिंग किया गया इस दौरान वरीय उपचार पर्यवेक्षक पप्पू कुमार राय, एएनएम प्रेमलता कुमारी, एसटीएलएस मनोज राम,वर्ल्ड विजन से मिथलेश कुमार, एक्स-रे टेक्निशियन मोहम्मद सैफ, आशा गुड्डी कुमारी, कुसुम देवी, शकुन्तला देवी, रिंकू देवी, आशा देवी, रीना देवी, बबीता देवी, सावित्री देवी समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# प्रखण्ड भाजपा नगर कमिटी गठित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डिहरी ऑन सोन।** भाजपा डेहरी नगर दक्षिणी की नए कार्यकारिणी की घोषणा अध्यक्ष अशोक सोनी ने शुक्रवार को की है। इसके अनुसार उपाध्यक्ष सुनील पाठक, अर्चना गुप्ता, अमित कुमार गुप्ता, धनंजय ठाकुर, अरूण कुमार पप्पू, शोभा सिंह बनाए गए। वही महामंत्री कुंवर सिंह, मंत्री प्रभात शेखर सिंह, वीर बसंत लाल, विजय पासवान, अब्दुल कलाम आजाद, आरती देवी, प्रतीभा सिंह उर्फ गुड़िया, गंगा कुमारी कोषाध्यक्ष नंद गोपाल यादव बनाए गए है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि इनके मनोनयन से पार्टी को मजबूती मिलेगी।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, डाकघरः झलझलिया, जिला मालदा, पिनः732102 (पश्चिम बंगाल) (नीलामी संचालन अधिकारी) द्वारा मालदा मंडल के तहत तीनपहाड़ रेलवे स्टेशन पर कैटरिंग (टी) स्टॉल के लिए अनुबंध प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। ई-नीलामी कैटलॉग **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है। **ऑक्शन कैटलॉग नं. सीएटीजी-एयूसीटी-25-03, क्रम सं. : एए/1, लॉट सं./कैटेगरी:**सीएटीजी-एमएलडीटी-टीपीएच-एसएमयू-123-25-1, **स्थानः** तीनपहाड़ रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज से साहिबगंज सिरे की ओर लगभग 100 मीटर से 150 मीटर की दूरी पर प्लेटफार्म नंबर 2 पर 5 वर्ष की अवधि के लिए कैटरिंग सेवा का प्रावधान। एसएमयू/ओबीसी/महिलाओं के लिए आरक्षित। स्टॉल का माप 10'x6'=60 वर्ग फीट है। **नीलामी शुरू होने की तिथिः** दिनांक 11.04.2025 को 10.00 बजे। प्रत्याशित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि विस्तृत जानकारी के लिए आईआरईपीएस ई-ऑक्शन मॉड्यूल देखें। MLD-262/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

पूर्व रेलवे के मालदा टाउन मंडल, आसनसोल मंडल और बेलुड़ स्क्रैप यार्ड डिपो के ई-नीलामी कार्यक्रम के विज्ञापन के संबंध में **अप्रैल, 2025 माह के लिए पूर्व रेलवे के ई-नीलामी कार्यक्रम** से संबंधित शुद्धिपत्र, जो पहले इस समाचार पत्र में मुख्य सामग्री प्रबंधक/एडीएमएन द्वारा प्रकाशित किया गया था, इसमें निम्नानुसार आंशिक संशोधन किया गया है: **(1) मालदा टाउन मंडल:** मौजूदा तिथि: 14.04.2025 और 25.04.2025, **संशोधित तिथि:** 21.04.2025 और 30.04.2025 **(2) आसनसोल मंडल:** मौजूदा तिथि: 16.04.2025 और 22.04.2025, **संशोधित तिथि:** 09.04.2025, 16.04.2025 और 22.04.2025 **(3) बेलुड़ स्क्रैप यार्ड डिपो:** मौजूदा तिथि: 07.04.2025 और 29.04.2025, **संशोधित तिथि:** 11.04.2025 और 29.04.2025, अन्य सभी डिपो/मंडलों की अन्य तिथियाँ और नियम व शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। Stores-89/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. ईएलएस/एसडीएएच/ओटी/25-002, दिनांक** 27.03.2025, वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर/ईएमयू/सियालदह, प्रथम तल, कंट्रोल बिल्डिंग, सियालदह, पूर्व रेलवे, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **निविदा सं. ईएलएस/एसडीएएच/ओटी/25-002, कार्य का नाम** : सियालदह मंडल के अंतर्गत नारकेलडांगा और सोनारपुर ईएमयू कारशेड के मौजूदा इलेक्ट्रिकल पैनल, ट्रांसफार्मर का संवर्धन, स्ट्रीट लाइट लगाना और पुराने अर्थ पिट को बदलना। **निविदा मूल्यः** रु.1,13,26,479/-, **बयाना राशिः** रु. 2,06,600/-, **निविदा कागजात का मूल्यः** शून्य। **समापन अवधिः** 12 माह। **अंतिम तिथिः** दिनांक 28.04.2025 को 14.00 बजे। निविदा सूचना का विवरण एवं समय-समय पर जारी शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। SDAH-394/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/657, दिनांक** 27.03.2025, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं : **निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3373, कार्य का नामः (1)** वरिष्ठ डीईएन (1)/हावड़ा के तहत बैण्डेल गुड्स शेड के उन्नयन और आधुनिकीकरण के लिए विद्युत सामान्य कार्य। **(2)** श्रीरामपुर-वरिष्ठ डीईएन (1)/हावड़ा के तहत श्रीरामपुर गुड्स शेड के उन्नयन और आधुनिकीकरण के लिए विद्युत सामान्य कार्य। **(3)** वरिष्ठ डीईएन (1)/हावड़ा के तहत भद्रेश्वर घाट गुड्स शेड के उन्नयन और आधुनिकीकरण के लिए विद्युत सामान्य कार्य। **(4)** वरिष्ठ डीईएन (1)/हावड़ा के तहत तारकेश्वर गुड्स शेड के उन्नयन और आधुनिकीकरण के लिए विद्युत सामान्य कार्य। **(5)** वरिष्ठ डीईएन (1)/हावड़ा के तहत मगरा गुड्स शेड के उन्नयन और आधुनिकीकरण के लिए विद्युत सामान्य कार्य। **(6)** वरिष्ठ डीईएन (1)/हावड़ा के तहत बाली गुड्स शेड के उन्नयन और आधुनिकीकरण के लिए विद्युत सामान्य कार्य। **निविदा मूल्यः** रु. 3,27,77,184/-, **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु. 3,13,900/-, **समापन अवधिः** 180 दिन। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 17.04.2025 को 15.00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिवस को निविदाएँ ऑनलाइन खोली जाएंगी। निविदा का विवरण वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। HWH-705/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### त्रिदिवसीय वार्षिक आचार्य कार्यशाला का हुआ समापन

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर स्थित माधवनगर में महावीरी सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में दिनांक 25 मार्च से चल रहे त्रिदिवसीय वार्षिक आचार्य कार्यशाला का समाप्त हुआ। समापन सत्र में विद्यालय के प्रबंधकारिणी समिति के उपाध्यक्ष आदित्य कुमार विनोद, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार, महावीरी सरस्वती शिशु मंदिर के कौशलेंद्र प्रताप सिंह, प्रो। रविन्द्र पाठक, समिति सदस्य आभा सिंह एवं निक्की सिंह समेत विद्यालय की प्रधानाचार्य सिम्मी कुमारी समेत सभी आचार्य बंधु भगिनी मौजूद थे। उपस्थित महानुभावों का कार्यशाला की महत्ता पर सभी आचार्य बंधु भगिनियों को उनका मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।अंत में अरविंद कुमार के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया और सभी उपस्थित अतिथियों एवं आचार्यों को प्रधानाचार्य के द्वारा सम्मानित किया गया।



### राजद नेता की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के बैठनिया भानाचक पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 4 मजरेटी टोला निवासी राजद नेता फुलदेव यादव की मौत मामले ने तुल पकड़ लिया है। परिजनों द्वारा हत्या का आरोप लगाये जाने से पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विदित हो कि राजद नेता की मौत के पूर्व भूमि विवाद को लेकर उनके परिजनों एवं पड़ोसियों के बीच मारपीट हुयी थी।पुलिस ने बताया कि फिलहाल मृतक की पत्नी मीरा देवी ने थाना में आवेदन देकर अवधेश यादव,अर्जुन यादव,भीम यादव,देवन यादव, गुल्ला यादव ,बीरेंद्र यादव सहित दस को नामजद करते हुए मारपीट कर पति फूलदेव यादव की हत्या करने का आरोप लगाया है। जिसमें दो आरोपियों बीरेंदर यादव एवं देवानन्द यादव को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार भूमि विवाद को लेकर मझौलिया पुलिस गुरूवार को गांव में जांच के लिए गयी थी। लेकिन पुलिस के वापस लौटते हीं दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। विवाद के दौरान हीं फूलदेव यादव की तबीयत बिगड़ गई।जिसे परिजनों ने निजि नर्सिंग होम में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शव पर कहीं भी चोट के निशान नही पाये गये है। हालाकि परिजनों के आरोप के आलोक में शव को पोस्टमार्टम कराया गया है। मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिर्पोट के बाद हीं हो पायेगी।

### काला पट्टी बांधकर पढ़ा अलविदा का नमाज

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र के बासड़ा, जौकटिया, सरिसवा सहित प्रखंड के सभी मस्जिदों में अलविदा जुमा के नमाज में अल्पसंख्यकों ने वफबोर्ड के नये नियमावली को लेकर हाथों पर काला पट्टी बांधकर जुमा की नमाज अदा की।तथा नये नियमों का विरोध किया।इनलोगों का कहना है कि सरकार द्वारा वफबोर्ड के नये नियमों की बदलाव को सरकार वापस ले।अगर सरकार ये वापस नही लेती है तो हम सभी अल्पसंख्यक जन आंदोलन करेंगे।



### अमित शाह की रैली को सफल बनाने का आहवान

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 30 मार्च को गोपालगंज में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आगमन को लेकर भाजपा की ओर से तैयारी अंतिम चरण में है। इसी कड़ी में शुक्रवार को केंद्रीय कोयला एवं खनन राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने भाजपा कार्यालय में कार्यकताओं के साथ बैठक कर गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम की सफलता को लेकर हो रहे तैयारी की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए अधिक से अधिक संख्या में सभा स्थल पर पहुंचने एवं क्षेत्र में व्यापक प्रचार प्रसार करने की अपील की। गृह मंत्री का गोपालगंज दौरा बिहार विधानसभा चुनाव के आगाज के रूप में देखा जा रहा है। ऐसे में पार्टी उनके कार्यक्रम की सफलता को लेकर पुरजोर प्रयास कर रही है। कार्यक्रम को लेकर सभी पार्टी पदाधिकारी को जवाब देही भी सौंप गई। इस अवसर पर केंद्रीय कोयला एवं खनन राज्य मंत्री सतीशचंद्र दुबे, बगहा विधायक राम सिंह, पूर्व विधानपार्षद अर्जुन सहनी,जिलाध्यक्ष अचिन्त्य कुमार लल्ला,रविन्द्र श्रीवास्तव ,ऋतु जायसवाल, सिप्पू चौबे,ओम निधि वत्स, सुजित चौरसिया, नागेंद्र सहनी, हृदया दुबे सहित जिला के अन्य पदाधिकारी एवं सभी मंडल अध्यक्ष व पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### निजी अस्पतालों में फर्मासिस्ट की हो नियुक्ति

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विशाल कुमार मिश्र ने निजी अस्पतालों में फार्मासिस्ट की नियुक्ति नहीं किये जाने पर चिंता जतायी है। कहा है कि दवा का रखरखाव और वितरण का कार्य अयोग्य और अप्रशिक्षित व्यक्तियों द्वारा किया जा रहा है। जो न केवल भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य दिशानिदेशों बल्कि फामेसी एक्ट 1948 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। उन्होंने प्रत्येक निजी हॉस्पीटलों में भी फार्मासिस्ट की नियुक्ति अनिवार्य करने की मांग की है।

### फूहड गाने पर डांस कराने के विवाद में दो गुट आमने-सामने, एक दर्जन घायल,दस गिरफ्तार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भंगहा थाना के सेरवा गांव में गुरुवार की रात नाच प्रोग्राम में फूहड डांस कराने को लेकर दो पक्षों के बीच हई मारपीट में एक दर्जन लोग घायल हो गए। इधर घटना की जानकारी मिलते हैं एसपी डॉ शौर्य सुमन,डीएसपी जेपी सिंह इंस्पेक्टर सरफराज अहमद समेत आधा दर्जन थाने की पुलिस मौके पर पहुंच स्थिति को नियंत्रित किया। सभी घायलों का इलाज मैनाटांड अस्पताल में किया गया। इधर पुलिस ने दस लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया है। बताया जाता है कि सेरवा गांव में श्राद्ध कार्यक्रम का आयोजन चल रहा था। इसी दौरान नाच प्रोग्राम भी हों रहा था। जिसमें अश्लील गाने पर डांस हो रहा था।जानकारी के मुताबिक प्रोग्राम इसी दरमियान दोनों पक्षों के बीच कहा सुनी हुई और उसके बाद जमकर मारपीट हो गई। एसडीपीओ जेपी सिंह ने बताया कि स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि कुल 22 लोग नामजद है और सौ अज्ञात के खिलाफ एफआईआर कर दस लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि अरमान सिद्दीकी, शमशाद मियां,परवेज आलम औरंगजेब आलम नासिर मियां, सुकट मियां मोटर महतो,धनिल कुमार, रामछतरी महतो विजय महतो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



# बाइक लूटकांड का पुलिस ने 12 घंटे में किया उद्भेदन, पांच गिरफ्तार

**गुठनी/सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोहगरा गुठनी मुख्य मार्ग पर धुमनगर मोड़ के समीप से गुठनी निवासी अभिमन्यु कुमार से मारपीट कर लूटी गयी हीरो स्ट्रीम बाइक को पुलिस ने 12 घण्टे के अंदर बरामद कर घटना को अंजाम देने वाले सभी पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना की जानकारी होते ही थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह मय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुच कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया। घटना के संदर्भ में दर्ज प्राथमिकी गुठनी थाना कांड सं0-98/25 धारा-310(2) बीएनएस के सफल उद्भेदन एवं गिरफ्तारी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-2 (मैरवा) चंदन कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गुठनी पुलिस ने घटना को काफी गंभीरता से लिया और एसडीपीओ चंदन कुमार के नेतृत्व में



12 घंटे के अंदर लूटी गई बाइक,घटना में प्रयुक्त बाइक सहित सभी पांचों अपराधकर्मियों को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को एसडीपीओ चंदन कुमार ने गुठनी थाना परिसर में प्रेस कांफ्रेंस कर घटना की पूरी जानकारी दी। एसडीपीओ श्री कुमार ने बताया कि अनुसंधान के क्रम में यह बात प्रकाश में आयी कि कांड के वादी अभिमन्यु कुमार लार मोटरसाईकिल एजेन्सी से अपने माटरसाईकिल का किस्त जमा कर सोहागरा के रास्ते अपने गाँव गुठनी आ रहे थे। गुठनी आने के क्रम में धूमनगर मोड़ के पास दो स्पलेण्डर पर सवार 5 अपराधियों द्वारा मारपीट कर मोटरसाईकिल को छीन लिया गया। अपराधकर्मियों को पकड़ने के लिये विशेष टीम द्वारा आधुनिक तकनीक व मानवीय अनुसंधान करते हुये अपराधियों को उनके ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया गया और लूटी गई बाइक उनके पास से Hero Xtream मोटरसाईकिल जिसका रजि० नं०-UP52CD-9051 को बरामद किया गया। गिरफ्तार किये गये अपराध कर्मियों की पहचान सोहगरा घाट निवासी राधेश्याम चौहान के पुत्र मंजेश चौहान(20 वर्ष),धुमनगर निवासी संतोष चौहान के पुत्र गोलू चौहान,सोहगरा घाट निवासी उमेश मद्धेशिया के पुत्र शशि मद्धेशिया, सोहगरा पूरब पट्टी निवासी नंदू गोड़ के पुत्र राजा कुमार,तथा यूपी के भाटपार रानी थानाक्षेत्र के कुसुमा टोला निवासी धुपनाथ निषाद के पुत्र गोलू निषाद(19 वर्ष)के रूप में हुई है। पुलिस कप्तान द्वारा गठित विशेष टीम में एसडीपीओ के अलावा पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह, अपर थानाध्यक्ष गणेश चौहान, पुअनि। सुधीर कुमार सिह, पुअनि। संतोष राम, सअनि। पंकज कुमार व सअनि। बासुकी कुमार तथा पीटीसी छोटेलाल सिंह, गृहरक्षक विष्णुदेव ठाकुर, विजय कुमार राम, चौकीदार सोनू सिंह शामिल रहे।

## एक तरफ चट्टानी एकता के साथ एनडीए, दूसरी तरफ टूटता हुआ इंडी गठबंधन : मंगल पांडेय

- 2005 के पहले सत्ता में बैठे लोगों के संरक्षण में होता था अपराध
- वर्तमान में शासन एवं प्रशासन अपराधियों को जेल भेज सजा दिलाने का कर रहा है कार्य

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार सरकार के स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री मंगल पांडे ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में जहां मजबूती के साथ विकाश के कार्य हो रहें हैं।वहीं दूसरी तरफ इंडी गठबंधन आपस में कुर्सी, पद, मुख्यमंत्री का उमीदवार एवं चुनाव में किसको कितना सीट मिलेगा,इस बात को लेकर आपस में लड़ाई लड़ रहा है। उन्होंने



कहा कि कई अवसरों पर देखा गया है कि कांग्रेस पार्टी द्वारा राजद से दूरियां बनाई।इंडी गठबंधन एक टूटता हुआ गठबंधन है।हाल के दिनों में बढ़ते अपराध के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि 2005 के पहले सत्ता में बैठे लोगों के संरक्षण में अपराध होता था।आज के समय में अपराधी अपराध कर रहे हैं। शासन एवं प्रशासन द्वारा अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज,उन्हें सजा दिलाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने राज्य में विधानसभा चुनाव को देखते हुए 30 मार्च को गोपालगंज में भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह जनसभा को संबोधित करेंगे। लंबे अंतराल के बाद गृह मंत्री का सारण प्रमंडल में आना हो रहा है।निश्चित रूप से इसको लेकर सारण की जनता के बीच बहुत उत्साह एवं उमंग है।उन्होंने कहा कि सारण प्रमंडल के सभी क्षेत्रों में गृह मंत्री की सभा में भाग लेने की उत्सुकता भी है एवं तैयारी भी चल रही है।उन्होंने कहा कि यह वर्ष बिहार के लिए चुनावी वर्ष है। भारतीय जनता पार्टी और एनडीए अगले विधानसभा की चुनाव की तैयारी भी शुरू कर दी है।एनडीए द्वारा चुनाव की तैयारी के लिए अपने सभी प्रदेश अध्यक्षों का एक साथ सामूहिक दौरा राज्य के विभिन्न जिलों में कराया है। उन्होंने कहा कि अमित शाह सभा के माध्यम से बिहार की जनता को बताएंगे कि किस प्रकार से डबल इंजन की सरकार नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार की सरकार ने बिहार के विकास के लिए काम किया है। बिहार के आधारभूत संरचनाओं को बेहतर किया है।युवाओं को रोजगार दिया है युवाओं को सरकारी नौकरियां दी है। साथ ही स्वास्थ्य शिक्षा सड़क सभी क्षेत्रों में जो काम किए गए हैं, उन कार्यों के भी चर्चा होगी। भारत की सरकार ने जिस प्रकार से पिछले बजट और इस बजट में बिहार के विकास के लिए विशेष योजनाएं कार्यक्रम और राशि का प्रावधान किया है।उन सारी विषयों को अमित शाह बिहार की जनता के सामने रखेंगे। इस अवसर पर दारौंदा विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह,पूर्व एमएलसी मनोज कुमार सिंह,जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी,प्रो अभिमन्यु कुमार सिंह, नन्द प्रसाद चौहान,मुकेश कुमार बंटी,एवं देवेंद्र गुप्ता उपस्थित थे।

## पुस्तकालय के सौंदर्यीकरण में अनियमितता पर बिफरी महापौर

**जांच के बाद हीं भुगतान का दिया निर्देश**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि नगर के ऐतिहासिक धरोहर महाराजा हरेंद्र किशोर केंद्रीय पुस्तकालय जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण योजना में खानपुरी कत्तई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्य पूरा होने के बाद जांच करने पर ही भुगतान का निर्णय किया जाएगा। गुरुवार की शाम संवेदक के कार्य का निरीक्षण करने पहुंचीं महापौर ने कहा कि करीब 19 लाख लागत से इस जर्जर धरोहर का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण योजना क्रियान्वित की जा रही है। उन्होंने वर्षों से इसके सही रखरखाव में कोताही और अब मानक गुणवत्ता युक्त निर्माण की निगरानी में उदासीनता के लिए उन्होंने पुस्तकालय प्रबंधन और पुस्तकालयाध्यक्ष की मंशा पर सवाल खड़ा किया। उन्होंने पूछा कि बीते छह माह पूर्व से जारी कार्य की शुरूआत ही जर्जर छत की मानक पीसीसी ढलाई करने से होनी चाहिए।



जबकि वॉल और छत की पेटिंग कर के दरारों को ढकने के प्रयास के बावजूद अनेक जगह खामी साफ दिख रही है। योजना में खिड़कियों का सीसा बदलना शामिल होने के बावजूद उसको ऐसे ही छोड़ दिया गया है। ऐतिहासिक धरोहर के जीर्णोद्धार में रूम की दीवारों का पुराना प्लास्टर हटाने, महाराजा हरेंद्र किशोर के प्रतिमा स्थल पर पेबर ब्लॉक की खानापुरी पर बिफरते हुए महापौर श्रीमती सिकारिया ने कहा कि एक बिंदु पर टीम गठित कर गुणवत्ता की जांच के बाद बाद ही भुगतान किया जाएगा। मौके पर मौजूद साइट इंचार्ज अभियंता सुजय सुमन को उन्होंने निर्देश दिया कि प्राक्कलन और एग्रीमेंट के आधार पर संपन्न और बाकी कार्य की बिंदुवार जांच कर संवेदक का भुगतान होगा।

### घर से भागी तीन बहनों को पुलिस ने मुंबई से किया बरामद

**गुठनी/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के एक गांव से मां की डांट पर घर से भागी तीन बहनों को पुलिस ने मुंबई से बरामद करने के बाद शुक्रवार को सिवान न्यायालय में उपस्थापन कराया। तीनों बहनों की उम्र 17 वर्ष से कम है। थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया तीनों किशोरियों की मां बेबी देवी द्वारा गत 22 मार्च को आवेदन दिया गया था जिसपर प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। अनुसंसधान कि क्रम में पता चला कि तीनों किशोरियां महाराष्ट्र के पालघर जिलांतर्गत विक्रमगढ़ थानाक्षेत्र के विक्रमगढ़ गांव में रह रही है। पुलिस इसकी जानकारी होते ही विक्रमगढ़ के लिये रवाना हो गयी और किशोरियों को बरामद कर शुक्रवार को गुठनी थाना लायी।

## चाकू गोदकर एक की हत्या

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बैरिया थाना क्षेत्र के सिसवा सरैया में एक लड़की को अगवा करने गए कतिपय तत्वों ने विरोध करने पर उसके पिता की चाकू मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान सिसवा सरैया निवासी मीर हसन मियां के पुत्र मस्तकीम मियां के रूप में हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक के पुत्री की शादी दो साल पहले हुयी है। उसे एक बच्चा भी है। लेकिन कुछ दिनों से वह अपने मैके में हीं रह रही थी। परिजनों के अनुसार गांव के फिरोज मियां के पुत्र सहाबुद्दीन मियां से मृतक की पुत्री का विवाद हुआ था। विगत बुधवार की रात शहाबुद्दीन उसके घर आया और कहा कि फोन पर बात नहीं करोगी तो तुम्हे और तुम्हारे पिता को जान से मार दूंगा। गुरुवार की शाम नमाज पढ़ाने के लिए सभी लोग मस्जिद में गए हुए थे। इस बीच फिरोज मियां के पुत्र सहाबुद्दीन मियां, वसीर मियां के पुत्र इस्तकाब मियां, रफीक मियां और स्व। हरीफ मियां के पुत्र दील मियां छत के रास्ते उसके घर में प्रवेश कर गए और मृतक की पुत्री को अगवा करने का प्रयास करने लगे। सहाबुद्दीन और उसके सहयोगियों ने चाकू निकाल कर उनपर वार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया और फरार हो गए।

## स्टेट टॉपर प्रिया, निशांत तथा जिला टॉपर जागृति को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025 में स्टेट टॉपर्स में शामिल जिले के दो छात्र-छात्राओं एवं एक जिला टॉपर को आज जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया।विज्ञान में बिहार स्टेट टॉपर राज्य सम्पोषित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हरनाटांड़, बगहा-02 की छात्रा सुश्री प्रिया जायसवाल, वाणिज्य संकाय में स्टेट में तृतीय रैंक प्राप्त करनेवाले उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, मठिया, लौरिया के छात्र निशांत राज, एवं कला संकाय में बिहार में 12 वां रैंक लानेवाली प्रो0 बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, पटखौली, बगहा-02 की छात्रा सुश्री जागृति कुमारी जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने मेडल, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही उपहार स्वरूप स्मार्ट वॉच तथा शॉल आदि भी प्रदान किया गया। जिलाधिकारी ने टॉपर्स छात्र-छात्राओं से आगे की पढ़ाई, अभिरूचि आदि के बारे में फीडबैक लिया और छात्र-छात्राओं की हौसला आफजाई की। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन के लिए यह अत्यंत ही गौरव का विषय है, सम्मान का विषय है। साथ ही समस्त जिलेवासियों के लिए भी गौरवान्वित होने का क्षण है। गांव में ही रहकर सरकारी विद्यालय में पठन-पाठन कर तीसरा स्थान प्राप्त करना वाकई काबिले तारिफ है। मौके पर उप विकास आयुक्त, सुमित कुमार, अपर समाहर्ता (राजस्व) राजीव कुमार सिंह, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) कुमार रविन्द्र, अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया डा। विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, बगहा, गौरव कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, नरकटियागंज, सूर्य प्रकाश गुप्ता, विशेष कार्य पदाधिकारी, सुजीत कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, पीएम पोषण योजना, कुणाल गौरव, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना, कुमार अनुभव, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, माध्यमिक शिक्षा एवं साक्षरता, गार्गी कुमारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, योजना एवं लेखा, अलका सहाय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## पूर्व सरपंच व वर्तमान जिला पार्षद पर जानलेवा हमला गोली कांड में फरार एक अभियुक्त गिरफ्तार, जेल

**हुसैनगंज/सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के हबीबनगर गांव से गोली कांड में फरार चल रहे एक युवक को स्थानीय थाना की पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। विदित है कि विगत 2 साल पूर्व एक फरवरी2023 को हबीबनगर के पूर्व सरपंच व वर्तमान जिला पार्षद अमृता देवी के पति हरिलाल गुप्ता पर गोलीबारी की घटना घटी थी। उसी मामले में पुलिस ने एक युवक को हबीबनगर से 26 मार्च को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार युवक की पहचान हबीबनगर निवासी धर्मेंद्र यादव उर्फ धर्मेंद्र चौधरी के रूप में हुई है। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार युवक गोली कांड में अप्राथमिक अभियुक्त धर्मेंद्र ने उस कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।गिरफ्तार धर्मेंद्र ने बताया कि गोलीकांड में प्रयुक्त कट्टा को पकवलिया निवासी जितेंद्र यादव उर्फ जिम्मी ने दिया था जिसे घर पर छुपाकर रखा गया है। अवैध हथियार की बरामदगी को लेकर पुलिस ने एक टीम गठीत बनाया जिसमें एस आई नीलम कुमारी, दीपक कुमार, चितरंजन कुमार सहित पुलिस बल धर्मेंद्र को साथ लेकर उसकी निशानदेही पर उसके घर हबीबनगर ले गयी वहाँ से उसके बिस्तर के नीचे छुपाकर रखा एक कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस बरामद किया।इस मामले में पुलिस ने धर्मेंद्र यादव एवं जितेंद्र यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार धर्मेंद्र यादव को जेल भेज दिया।वहीं जितेंद्र यादव उर्फ जिम्मी को पिछले साल नवंबर 2024 में तत्कालीन थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने जीन बाबा स्थान हबीबनगर के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जितेंद्र अभी भागलपुर जेल में है। जीन बाबा के पास जितेंद्र को पुलिस ने एनकाउंटर में दाहिने पैर में गोली मारी थी। पुलिस को जीन बाबा नहर के पास से पिस्टल व स्मैक इत्यादि भी बरामद हुआ था। घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि दो वर्ष पूर्व 1 फरवरी 23 को जिला पार्षद पति हरिलाल गुप्ता अपने हबीबनगर पेट्रोल पंप से गाँव के ही पूर्व सरपंच ब्यास कुशवाहा के साथ बाइक पर सवार होकर दोपहर को घर जा रहे थे। बाइक ब्यास चला रहे थे।

### शराब पीकर हंगामा करने वाले दामाद को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के भरवलिया गांव में अपने ससुराल में आए दामाद को पुलिस ने उसे समय गिरफ्तार कर लिया जब वह शराब पीकर अपने ही ससुराल में हंगामा शुरू कर दिया। नशे में हंगामा करता देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना सिसवन थाने की पुलिस को तत्काल दी सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।वहीं गिरफ्तार व्यक्ति की मेडिकल जांच कराई गई तो शराब पीने की पुष्टि हुई। शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान छपरा जिले के बनियापुर थाना क्षेत्र के करही गांव निवासी महेश पुरी के पुत्र लाल बाबू पूरी के रूप में हुई है। गिरफ्तार आरोपी पर आगे की कार्रवाई करने के लिए शुक्रवार को सिवान न्यायालय भेज दिया गया।

## लोस सभा में सांसद ने की पशु चिकित्सालय खोलने की मांग

**महाराजगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल ने वृहस्पतिवार के दिन लोक सभा के शून्यकाल में संसदीय क्षेत्र अंतर्गत पशु चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित करने की मांग रखी। सांसद सीग्रीवाल ने कहा है, लोकसभा क्षेत्र उत्तर बिहार का एक प्रमुख क्षेत्र है।

हमारे संसदीय क्षेत्र सहित इसके आसपास के कई संसदीय क्षेत्रों की जनता का जीविका का मुख्य आधार कृषि और पशुपालन है। ऐसे में स्वाभिक है कि यहाँ के लोगों में अपने बच्चों को पशु चिकित्सा सम्बन्धी उच्च शिक्षा दिलवाने की आकांक्षा रहती है। इसलिए मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत एक पशु चिकित्सा महाविद्यालय का होना आवश्यक है। मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत पशु चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित हो जाने से हमारे संसदीय क्षेत्र सहित उत्तर बिहार के अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को पशु चिकित्सा सम्बन्धी उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपना अपना भविष्य बनाने का अवसर प्राप्त होगा। साथ ही पशुधन आबादी वाले बड़े क्षेत्र में पशुओं झपक्षियों के स्वास्थ्य का भी सही देख भाल हो सकेगा। सांसद ने अध्यक्ष के माध्यम से पशुपालन डेयरी और मत्स्य मंत्री से अनुरोध है कि जनहित में महाराजगंज संसदीय क्षेत्र में पशुचिकित्सा महाविद्यालय की मांग की है।

## अनुमंडल के 165 लाभुकों को दिया गया बासगीत पर्चा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के सभागार भवन में शुक्रवार को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के द्वारा अभियान बसेरा के तहत अनुमंडल स्तरीय बंदोबस्ती सह वासगीत पर्चा वितरण किया गया। वासगीत पर्चा वितरण के दौरान आपदा प्रबंधन की अपर समाहर्ता सह डीपीआरओ बेबी कुमारी ने अनुमंडल क्षेत्र के करीब 165 लाभुकों में बंदोबस्ती सह बासगीत पर्चा का वितरण किया। इस दौरान डीपीआरओ बेबी कुमारी ने कहा कि अभियान बसेरा टू के तहत जिले के सभी अंचलों में भूमिहीन परिवार का सर्वे किया गया है। उन्होंने कहा कि अब तक करीब 2009 भूमिहीन परिवार का सर्वे किया जा चुका है। डीपीआरओ ने पर्चा मिलने वाले लाभुकों से यह अपील किया कि बंदोबस्त भूमि का खरीद बिक्री नही करें। यह भूमि उन्हें घर बनाकर रहने के लिए दिया जा रहा है। खरीद बिक्री करने वाले का पर्चा रद्द कर दिया जाएगा। वर्सगीत पर्चा वितरण में लौरिया अंचल के 19 लाभुक, सिकटा के 36, गौनाहा के 25, मैनटांड के 34 तथा नरकटियागंज के कुल 51 लाभुक शामिल।रहे। पर्चा वितरण के दौरान नरकटियागंज सीओ सुधांशु शेखर, लौरिया सीओ नितेश कुमार सेध, गौनाहा सीओ विवेक कुमार सिंह, सिकटा सीओ प्रिया अयार्णी तथा मैनाटांड सीओ आशीष आनंद आदि उपस्थित थे।



### शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शुक्रवार को थाना परिसर में ईद, चौती छठ तथा रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा के अध्यक्षता में की गई। बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों से थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा ने पूछा कि ईद के समय कोई किसी तरह का ब्यवधान तो उत्पन्न नही होता। तो तेलपुर सरपंच शकील अहमद ने बताया कि हमारे क्षेत्र में किसी तरह का कोई ब्यवधान नही होता। बल्कि सभी धर्मो के लोग सौहार्दपूर्ण ढंग से पर्व को हिल मिल कर मनाते हैं। इधर प्रखंड प्रमुख शम्भू तिवारी ने बताया कि हमारे प्रखंड के सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ पर्व को मानते हैं। वही शिक्षाविद देवीलाल यादव ने बताया कि हमलोग सभी पर्व त्यौहार को आपसी प्रेम के साथ मनाते हैं। कहि किसी तरह का भेदभाव नही होता।

## सीवान रेल मालगोदाम में बुनियादी सुविधाओं को ले रैक प्वाइंट के मजदूरों ने किया प्रदर्शन

**मजदूरों ने कहा- विश्रामालय, शौचालय एवं पीने के पानी की नहीं है व्यवस्था**

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सीवान रेल माल गोदाम में कम करने वाले मजदूरों के लिए विश्रामालय, शौचालय एवं पीने के पानी की बुनियादी व्यवस्था नहीं होने पर शुक्रवार को मजदूर ने कार्य का बहिष्कार कर मालगोदाम अधीक्षक कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया।





मजदूरों ने बताया कि लगभग 15 दिनों से हैंडपंप खराब है। हैंडपंप की मरम्मत के लिए मालगोदाम अधीक्षक को लिखित शिकायत की गई है।उसके बाबजूद हैंडपंप का मरम्मत नहीं किया जा सका। मजदूरों ने बताया कि पीने के पानी के लिए वाटर पंप एवं नल कई महीनों से खराब है। शौचालय का रखरखाव नहीं होने से उपयोग करने लायक नहीं है।उन्होंने बताया कि मजदूरों के लिए जो विश्रामालय बनाया गया है उसमें बरसात में न तो पानी से बचा जा सकता है और न गर्मी में धूप से बचाव ही सकता है। मजदूरों ने बताया कि एक हैंड पंप से पानी निकलता है जिसका पानी पीने लायक नहीं है। माल गोदाम रैक पॉइंट लेबर हेड एवं कांग्रेस नगर अध्यक्ष सलमान सिद्दीकी ने बताया कि 15 दिन पहले पानी की समस्या को लेकर लिखित रूप में लेबरों ने अपने समस्या द्वारा पत्र माल बाबू को दिया था जिसकी कार्रवाई अभी तक नहीं हुई है।सलमान सिद्दीकी ने मजदूरों को आश्वासन दिया कि काम पर लौट जाए।वे अधिकारियों से मिलकर समस्या के समाधान का प्रयास कराने का प्रयास करेंगे।महाद्दरों ने माल गोदाम रैक पॉइंट लेबर हेड को आंच दिनों का समय देकर काम पर लौट गए।सलमान सिद्दीकी ने बताया कि रेलवे से 5 दिन की समय ली गई है।उसके बाद अगर हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो हम इससे भी बड़ा आंदोलन करेंगे।इसमें अवसर पर जिला के कांग्रेस नगर सचिव पंकज कुमार, चंदेश्वर कृष्णा शाह, परशुराम, कल्लू,बंगा, मुन्नीलाल, राधेश्याम, संजय, संतोष, घनी, कमलेश, अनिल, भोली, सूरज, तथा अन्य लोग भी शामिल थे। डीसीआई विशाल कुमार सिंह ने बताया कि सीनियर सेक्शन इंजीनियर कार्य द्वारा हैंड पंप का मरम्मत करा दिया गया।मजदूरों की अन्य समस्याओं के संबंध में विभाग के वरीय पदाधिकारियों को लिखा जाएगा।

# देव छठ मेला में 2 लाख श्रद्धालुओं के लिए रहेगी आवासन की व्यवस्था

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने तैयारियों का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल द्वारा संयुक्त रूप से देव चैती छठ मेला 2025 की तैयारी एवं विधि व्यवस्था के मद्देनजर प्रखंड सभागार देव में सभी जिला स्तरीय, देव प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। वहीं अधिकारियों द्वारा मेला क्षेत्र का निरीक्षण भी किया। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी, राजस्व शाखा द्वारा बताया गया कि इस बार छठ पूजा 1 से 4 अप्रैल तक मनाया जाएगा। छठ मेला का उदघाटन जिला प्रभारी मंत्री करेंगे, वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री उपस्थित रहेंगे। पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि छठ पर्व के अवसर पर देव में आने



वाले व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के लिए आवासन की समुचित व्यवस्था किया गया है। मेला परिसर में चिन्हित आवासन स्थल राजा जगन्नाथ उच्च विद्यालय का मैदान, राजा जगन्नाथ उच्च विद्यालय के मैदान के पश्चिम ओर, हाजी नगर के पूर्व एवं मस्जिद रोड के उत्तर, थाना के पास मेला क्षेत्र में, सूर्यकुंड के पूर्व एवं संत विजय दास धर्मशाला बहुआरा मोड़ के पास बनाया जाएगा। उक्त सभी आवासन स्थलों में छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के आवासन हेतु टेंट, पंडाल, लाइटिंग, जनरेटर दरी आदि सामग्री की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। इन सभी आवासन स्थलों में कुल 2 लाख श्रद्धालुओं के लिए अब आवासन की व्यवस्था रहेगी। मेला परिसर में बैरिकेडिंग एवं 48 ड्रॉप गेट स्थल का निर्माण कराए जाएंगे। साथ ही साथ दोनों कुंडों पर मजबूत बैरिकेडिंग भी कराया जाएगा। छठ व्रतियों, यात्रियों एवं पर्यटकों के लिए

**▪1 से 4 अप्रैल तक मनाया जाएगा सूर्योपासना का महापर्व**

पर्याप्त चिकित्सा हेतु मेला परिसर में अस्थायी मेडिकल कैंप हेतु लगाया जाएगा। किसी भी आकस्मिक दुर्घटना से निपटने के लिए एंबुलेंस, स्ट्रेचर, पर्याप्त जीवन रक्षक दवा एवं महिला/ पुरुष विशेषज्ञ चिकित्सकों का टीम की व्यवस्था की गई है। मेला अवधि के दौरान आग से बचाव हेतु सूर्यकुंड, थाना, ब्लाक अवासान स्थलों पर अग्निशमन वाहन 24 घंटा उपलब्ध रहेगी। स्वच्छता प्रबंधन के लिए कमिटी का निर्माण कराया गया है। दोनों तालाब परिसर एवं आवासन स्थलों में चौबीसों घंटे सफाई कार्य चलता रहेगा।

# औरंगाबाद में डायबिटीज विशेषज्ञों का दो दिवसीय सम्मेलन आज से

**▪मधुमेह नियंत्रण और आधुनिक उपचार पद्धतियों पर होगा गहन मंथन**



डॉ. बी. के. सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** देश में मधुमेह (डायबिटीज) के बढ़ते मामलों पर नियंत्रण पाने और इस बीमारी के दुष्प्रभावों को रोकने के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों का दो दिवसीय राज्यस्तरीय सम्मेलन 29 और 30 मार्च को औरंगाबाद में आयोजित किया जा रहा है। यह महत्वपूर्ण आयोजन एमएलएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी के ऑडिटोरियम में 'रिसर्च सोसायटी फॉर द स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया' के बिहार चैप्टर द्वारा किया जा रहा है, जिसमें बिहार और देशभर के करीब 300 से अधिक डायबिटीज विशेषज्ञ चिकित्सक हिस्सा लेंगे। इस सम्मेलन में 15 से अधिक वैज्ञानिक सत्रों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें 75 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सक मधुमेह से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपने शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे। इन सत्रों में डायबिटीज के कारण, उपचार, रोकथाम, आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों, नई दवाओं, इंसुलिन तकनीकों और जीवनशैली में सुधार के तरीकों पर गहन चर्चा होगी। आरएसएसडीआई बिहार आइकॉन के आयोजन सचिव डॉ. बी. के. सिंह ने बताया कि इस सम्मेलन की तैयारी पूरी कर ली गई है। इसका उद्घाटन 29 मार्च को शाम 7 बजे किया जाएगा। सम्मेलन में एक स्मारिका का भी विमोचन किया जाएगा। इसमें शामिल होने वाले चिकित्सकों के आने का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। मौके पर डॉ एस. बी. प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# दीपक रंजन देहुरी बने बीआरबीसीएल के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नबीनगर (औरंगाबाद)।** बीआरबीसीएल में गुरुवार को दीपक रंजन देहुरी ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) का कार्यभार संभाला। श्री देहुरी अपने उत्कृष्ट नेतृत्व, समर्पण और ईमानदारी के लिए जाने जाते हैं। एनटीपीसी की विभिन्न परियोजनाओं में उनकी मेहनत और प्रबंधन क्षमता ने नए आयाम स्थापित किए हैं, जिससे उन्होंने संगठन को लगातार सफलता की ओर अग्रसर किया है। श्री देहुरी का करियर साल 1986 में एनटीपीसी पीएमआई नोएडा में कार्यपालक प्रशिक्षु के तौर पर शुरू हुआ। साल 1987 में वे एनटीपीसी बदरपुर के इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस विभाग में शामिल हुए। इसके बाद उन्होंने एनटीपीसी की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं में अपनी सेवाएं दीं। वे तालचेर थर्मल, तालचेर कनिहा, सोलापुर, बाढ़ और मौदा जैसे पावर प्लांट्स में विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके हैं, जहां उन्होंने अपनी तकनीकी दक्षता और नेतृत्व कौशल का परिचय दिया। अपने तीन दशक से अधिक के करियर में श्री देहुरी ने एनटीपीसी के पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय, पटना में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बीआरबीसीएल के सीईओ के रूप में उनकी नियुक्ति संगठन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इनके कुशल नेतृत्व से बीआरबीसीएल नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

# पत्नी को नहीं हो रहा था बच्चा, तांत्रिक अनुष्ठान के लिए काटा वृद्ध का गला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मदनपुर पुलिस ने नरबलि कांड का खुलासा करते हुए पूर्णाडीह गांव निवासी सुधीर पासवान, पूर्णाडीह मांझीटोला पक्का पर निवासी नन्हकू उर्फ संजीत कुमार भुईयां, करण भुईयां उर्फ रौशन कुमार एवं धर्मेन्द्र रिकियासन को गिरफ्तार कर लिया है तथा एक विधि विरुद्ध किशोर को निरुद्ध किया है। आरोपितों के पास से हत्या में प्रयुक्त पसुली, मृतक का एक जोड़ी चप्पल, साईकिल एवं नरमुंड बरामद किया गया है। मामला बीते




19 मार्च की है। मदनपुर थाना क्षेत्र के गुलाब बिगहा के होलिका से एक व्यक्ति का धड़ बरामद किया गया था, जबकि सर गायब था। पुलिस की जांच-पड़ताल से पता चला की नरमुंड गुलाब बिगहा निवासी 65 वर्षीय युगल यादव का है। कांड की गंभीरता को लेकर पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के द्वारा मदनपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर बताया कि पूर्णाडीह गांव निवासी सुधीर पासवान की पत्नी को बच्चा न होने पर तांत्रिक रामाशीष रिकियासन ने तांत्रिक अनुष्ठान कर मानव बलि देने का सुझाव दिया था, जिसमें अभियुक्तों ने घटना को अंजाम दिया। पूछताछ में अभियुक्तों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक अन्य मामले में एक लडके का कटा हुआ सिर बरामद किया गया था। वहीं लड़के का धड़ एक कुंए से बरामद किया गया था जिसमें रामाशीष रिकियासन की संलिप्ता सामने आई है। फिलहाल मामले की जांच-पड़ताल की जा रही हैं। पकड़े गए चार अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया, वहीं विधि विरुद्ध किशोर को बाल सुधार गृह भेज दिया गया। हालांकि कांड का मुख्य अभियुक्त अभी भी फरार है। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष राजेश कुमार सहित अन्य पुलिस बल शामिल थे।

# क्षमतावर्द्धन एवं संवर्द्धन पर कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार शिक्षा परियोजना, औरंगाबाद द्वारा शुक्रवार को शहर के वैष्णवी हाईट्स होटल में एकदिवसीय क्षमतावर्धन एवं संवर्द्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी डीपीओ, नये प्रभार प्राप्त प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंडों में पदस्थापित लेखा सहायक एवं बिहार शिक्षा परियोजना, औरंगाबाद के सभी संभाग प्रभारी एवं कर्मी सम्मिलित हुए। सभी पदाधिकारियों विशेषकर नए प्रभार प्राप्त प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को




उनके कार्य एवं मूल कर्तव्यों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। साथ ही शिक्षा विभाग के जिला इकाई के द्वारा किस प्रकार कार्यों का संपादन किया जाता है, इससे भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम का संचालन दयाशंकर, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना के द्वारा किया गया एवं सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों को उनके द्वारा विभाग के नये दिशा निर्देशों से अवगत कराया गया।

# बधार से विवाहिता का शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बधार से 30 वर्षीया एक महिला का शव बरामद किया गया है। मामला जम्होर थाना क्षेत्र के कतेया गांव की है। मृतका की पहचान उस गांव निवासी सुभाष यादव की पत्नी पिंकी देवी के रूप में हुई है। वैसे यह हत्या है या आत्महत्या मामला संदेश के घेरे में है, लेकिन मृतका के पिता ने हत्या का संदेह जताया है। शुक्रवार दोपहर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान मृतका के पिता ओबरा थाना क्षेत्र के ओबरा बाजार स्थित देवी मंदिर निवासी चंद्रदेव यादव ने बताया कि उनकी पुत्री पिंकी अपने पति सुभाष के साथ दिल्ली में रहती थी। पांच दिन पूर्व दिल्ली से वह अपने पति के साथ घर आई थी। हालांकि दोनों के बीच कोई विवाद नहीं था। उन्होंने बताया कि दो दिन पूर्व घर के परिजनों से पिंकी की फोन पर बात हुई थी। इसके बाद उसके मोबाइल पर फोन की जा रही थी, लेकिन उसका फोन नहीं लगा। जानकारी यह भी है कि वह दो दिन पूर्व से घर से लापता थी, हालांकि ससुराल वालों द्वारा लापता की सूचना ना तो स्थानीय पुलिस को दी गई और नहीं मायके वालों को बताई गई। घटना की जानकारी मृतका के ससुर देवकी सिंह द्वारा रिश्तेदारों को दी गई थी। शुक्रवार की सुबह जब आसपास के ग्रामीणों ने मृतका का शव घर से कुछ दूरी पर देखा तो शोर मचाया। इसके बाद ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी जिसके आलोक मे घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराकर परिजनों को सौंप दिया।

# पटना-औरंगाबाद सड़क फोरलेनिंग के लिए नितिन गड़करी से मिले पूर्व सांसद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/औरंगाबाद।** पटना-औरंगाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-139) के फोरलेनिंग कार्य को लेकर औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने शुक्रवार को संसद भवन में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और गिरिराज सिंह भी मौजूद रहे। मुलाकात के दौरान इस परियोजना को शीघ्र पूर्ण करने को



लेकर गडकरी से सकारात्मक चर्चा हुई। सूत्रों के अनुसार केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने विभागीय अधिकारियों को एनएच-139 के फोरलेनिंग से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने इस दौरान गडकरी को ज्ञान और मोक्ष की धरती गया में इस परियोजना को लेकर की गई घोषणा की याद दिलाई और जनहित में इसे जल्द पूरा करने का आग्रह किया। गौरतलब है कि दो दिन पूर्व ही पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने पलामू सांसद बी.डी. राम और चतरा सांसद कालीचरण सिंह के साथ परिवहन मंत्रालय के सचिव पी. उमाशंकर से भी मुलाकात कर इस विषय पर विस्तार से चर्चा की थी। उन्होंने एनएच-139 के चौड़ीकरण की आवश्यकता को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित किया था। इस पहल को लेकर औरंगाबाद जिले के समाजसेवियों, भाजपा कार्यकर्ताओं और बुद्धिजीवियों में हर्ष का माहौल है। लोगों को उम्मीद जगी है कि पूर्व सांसद के सतत प्रयासों से इस बहुप्रतीक्षित सड़क चौड़ीकरण परियोजना को जल्द गति मिलेगी। उल्लेखनीय है कि सांसद रहते हुए सुशील कुमार सिंह ने लोकसभा में कई बार इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था, जिसके बाद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इस योजना की घोषणा की थी।

# कृषकों को मिला कृषि मेला का लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** कृषि प्रधान औरंगाबाद जिले में आधुनिक तथा वैज्ञानिक ढंग से खेती को बढ़ावा देने और किसानों की आमदनी को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित दो दिवसीय कृषि मेला आज संपन्न हो गया। कृषि मेला में किसानों द्वारा उत्पादित विभिन्न प्रकार की फसलों, सब्जियों, जैविक खाद, आधुनिक कृषि उपकरणों और अन्य सामग्रियों को प्रदर्शित किया गया। इस कृषि मेला सह उद्यान प्रदर्शनी को ले किसानों में काफी उत्साह दिखा। इस दौरान किसानों को कृषि विशेषज्ञों की ओर से आधुनिक तथा वैज्ञानिक ढंग से खेती की जानकारी दी गई। किसानों को बताया गया कि किस प्रकार से आधुनिक कृषि संयंत्र का उपयोग कर आमदनी को बढ़ाया जा सकता है। कृषि मेला का संचालन जिला कृषि पदाधिकारी राम ईश्वर प्रसाद और सहायक उद्यान निदेशक श्रीकांत ने किया। विभाग के पौध संरक्षण से जुड़े सहायक निदेशक रॉकी रावत ने कहा कि कृषि मेला का आयोजन कर किसानों को इस क्षेत्र में रोज नए हो रहे कृषि प्रयोगों तथा इससे जुड़ी तकनीकी जानकारी दी गयी। सरकार किसानों को अधिक से अधिक सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है, जिससे की किसान वैज्ञानिक तरीके से खेती कर अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को अधिक से अधिक सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है, जिससे की किसान वैज्ञानिक तरीके से खेती कर अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकें। किसानों को विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। उत्पादन को बढ़ाने के लिए उन्होंने मिट्टी परीक्षण को भी आवश्यक बताया।

# नीतीश सरकार में कानून का राज हुआ स्थापित : वीरेन्द्र सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जीरो टॉलरेंस की नीति के आधार पर प्रशासन में पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित किया है। बिहार में 'न्याय के साथ विकास' के सिद्धांत पर चलते हुए राज्य सरकार ने सुशासन स्थापित करने का कार्य किया है। राज्य सरकार का संकल्प है बिहार का सर्वांगीण विकास एवं लोगों की सेवा। समाज के आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचे और उनके मन में सुरक्षा तथा निश्चय का भाव बना रहे, यही सरकार का ध्येय है। समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर राज्य सरकार ने सुशासन, पारदर्शिता और उत्तरदायी शासन की नींव रखी है। यह बातें औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व



विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह ने शुक्रवार को ग्राम संपर्क यात्रा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि बिहार में विधि व्यवस्था को प्रभावी बनाया गया, कानून का राज स्थापित हुआ और भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाकर विकास कार्य किए गए। राज्य सरकार इस बात से भली-भांति परिचित है कि लोगों ने जिस भरोसे और विश्वास के साथ शासन की बागडोर सौंपी है, उसमें लापरवाही और समझौता नहीं किया जा सकता। सरकार बिहार के लोगों की सेवा के लिए संकल्पित है। बिहार के लोगों के हित में व्यापक कदम भी उठाए गए हैं। बारून के प्रखंड अध्यक्ष उपेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि पूर्व सांसद नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बारून प्रखंड के भोपतपुर पंचायत में ग्राम संपर्क यात्रा किए। उन्होंने कुशवाहा नगर भोपतपुर, सिरिस बाजार, हेतमपुर, गोविंदपुर, चूल्हाई बीघा, रढुआ, मुंशी बीघा, चेतू बीघा, गोपालपुर, गोरया स्थान, जानकी बीघा, विशुन बीघा, बरवाडी एवं घोरहा गांव में ग्राम संपर्क यात्रा किया। इस दौरान पूर्व सांसद ने स्थानीय ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। साथ ही समस्या का समाधान करने का भी आश्वासन दिया। वहीं जगह-जगह ग्रामीणों ने भी पूर्व सांसद का स्वागत किया। यात्रा में जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह, पूर्व राज्य परिषद सदस्य अनिल कुमार यादव, बारुन प्रखंड के किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, बारुन पैक्स अध्यक्ष केदार यादव, पंचायत समिति सह जदयू महासचिव रंजीत कुमार सिंह, पूर्व प्रधानाध्यापक रामेश्वर प्रसाद सिंह, पंचायत अध्यक्ष अजय सिंह, पूर्व मुखिया उदय पटेल, रघुवंश सिंह, पंकज पटेल, रंजीत कुमार यादव, मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# लंबित नीलाम पत्रों पर कार्रवाई का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नीलाम-पत्र वाद की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नीलाम पत्र पदाधिकारी द्वारा एसएफसी से संबंधित पर चर्चा करते हुए बताया गया कि वर्ष 2011-12, 2012-13 एवं 2013-14 से संबंधित किसी भी नीलाम पत्र वाद में वसूली (पीडीआर एक्ट) से संबंधित कार्रवाई करने पर किसी भी प्रकार का रोक नहीं लगाई गई है। यदि किसी विशिष्ट मामला में रोक है तो विभाग से मार्ग दर्शन प्राप्त कर ले। यदि प्रमादी मिलर पीडीआर एक्ट 1914 के धारा-9 के तहत आपत्ति दायर करता है तो जिला प्रबंधक एसएफसी ससमय जवाब दाखील करेगें। नीलाम पत्र वाद से संबंधित पर चर्चा करते हुए बताया गया कि लिए कटऑफ डेट 01.04.2025 निर्धारित किया गया है। सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी लंबित वादों की संख्या, कुल वादों की संख्या, वसूलनिय राशि, धारा-7, धारा-53 एवं बॉडी वारंट से संबंधित सही सही आकड़े दिनांक- 28.03. 2025 तक जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें। जिलाधिकारी द्वारा सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी पीडीआर पोर्टल पर अपने से संबंधित वादों को अपलोड कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त जिस नीलाम पत्र वाद में ऋणि के द्वारा राशि जमा कर दिया गया है उन वादों में बैंक से कोर्ट फीस एवं तलवाना राशि जमा कराकर उस वाद को समाप्त करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# जनता दरबार में जिलाधिकारी ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाकर जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने ग्रामीणों की समस्याओं का सुनवाई किया। जिलाधिकारी द्वारा कुल 22 ग्रामीणों के परिवाद पर सुनवाई करते हुए त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों के पास परिवाद पत्र भेजते हुए यथाशीघ्र मामला को निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। दायर परिवाद पत्र में नबीनगर रोड अंतर्गत दिघी निवासी धर्मेन्द्र कुमार पासवान के द्वारा बाल विकास सेवा विभाग अनुग्रह अनुदान राशि के संबंध में, देव प्रखंड के हसौली पंचायत के वार्ड सदस्य एवं सदस्यगण द्वारा ग्राम पंचायत हसौली के मुखिया ललिता देवी के पति बिरेंद्र यादव




एवं पंचायत रोजगार सेवक संतोष कुमार सोनी पर दबंगई एवं मनमानी करने के संबंध में, रामराज्य नगर के कर्मा रोड निवासी बिन्देश्वरी प्रसाद सिंह के द्वारा रोड तथा पानी निकासी के संबंध में, सदर प्रखंड के फेसर पंचायत के गम्हारी निवासी अनिल कुमार के द्वारा नल जल चालक के मजदूरी नहीं मिलने के संबध में जिलाधिकारी से शिकायत की गई। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा अन्य ग्रामीणों के परिवाद पत्र की सुनवाई की गयी।

# कैंप लगाकर सुनी गयी किसानों की समस्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** नेशनल हाईवे 139 पर निर्माणाधीन हरिहरगंज बाईपास में अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान एवं अन्य समस्याओं के समाधान के निमित्त शुक्रवार को पोला गांव में कैंप का आयोजन किया गया। किसानों ने सक्षम पदाधिकारी सह भूमि सुधार उप समाहर्ता औरंगाबाद श्वेतांक लाल को आवेदन देकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर उपस्थित पोला गांव के किसान अजय सिंह ने बताया कि अधिग्रहण से प्रभावित कई किसानों को अभी तक नोटिस भी नहीं दिया गया है। हमारी मांग है कि अधिग्रहण से प्रभावित सभी किसानों को चिन्हित कर नोटिस दिया जाए और जमीन



का रैयतीकरण करते हुए उसकी प्रकृति के आधार पर उचित मुआवजा दिया जाए। उन्होंने कहा कि जब तक किसानों को उचित मुआवजा नहीं दिया जाएगा तब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने देंगे। किसानों ने कहा कि पदाधिकारी और कंपनी सांठ-गांठ कर निबंधन कानून को दरकिनार करते हुए अन्यायपूर्ण तरीके से निर्माण कार्य शुरू कराना चाहती है। उन्होंने कहा कि स्ट्रक्चर के मुआवजा के लिए किसानों से पैसों की मांग की जा रही है। किसानों से कहा जा रहा है कि जो किसान पैसा देंगे उनके स्ट्रक्चर का पैसा बढ़ा कर दिया जाएगा। किसानों ने जमीन की प्रकृति के आधार पर उचित मुआवजा की मांग की है। कैंप में अंचल अधिकारी चंद्र प्रकाश, सीआई सुमन कुमार, हलका कर्मचारी ओमप्रकाश कुमार, भाजपा के वरिष्ठ नेता अश्विनी सिंह, मृत्युंजय सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार, अशोक सिंह, किसान अजय सिंह, राहुल सिंह उपेंद्र सिंह, उमेश मेहता, भोला सिंह, रोशन सिंह, लखन ठाकुर, जितेंद्र सोनी, योगेंद्र सिंह, रामप्रसाद सिंह, कमला सिंह, टुन सिंह, केश्वर सिंह, अजय सिंह, राहुल सिंह, उपेंद्र सिंह, उमेश मेहता, भोला सिंह, लखन ठाकुर जितेंद्र सोनी, योगेंद्र सिंह, रोशन सिंह, अमरेश कुमार वर्मा, अभिमन्यु वर्मा, राजेश मेहता, जितेंद्र प्रसाद, अभिषेक कुमार, रामलाल साव, विनोद सुनार, रामविलास मेहता, नागेंद्र चंद्रवंशी, श्याम देव महतो आदि उपस्थित थे।

CMYK